# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2023

# उरुवा में पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

**धुरियापार (एसएनबी)।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने, आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने एवं लोगों को सुरक्षा के प्रति आस्वस्थ करने हेतु थानाध्यक्ष उरुवा जटाशंकर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स ने किशुनपुर, बेलासपुर एवं उरुवा कस्बे में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स के



जवानों के साथ- साथ उरुवा थाने के उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, अरशद खान, गुफरान, राजेश कुमार गुप्ता, कांस्टेबल नन्दन सिंह, मोनू यादव, साहबलाल, रामप्रवेश, सचिन यादव, प्रिया सिंह, अंजलि विश्वकर्मा, पूजा वर्मा शामिल थी।

# पति समेत दस के विरूद्ध घरेलू हिंसा का केस दर्ज

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरीचौरा पुलिस ने एक विवाहिता की तहरीर पर उसके पति समेत दस आरोपितों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी निवासी बिरन की पुत्री मधुबाला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी जनपद महराजगंज के थाना फरेंदा के ग्राम सभा शनिचरी निवासी बृजेश राय पुत्र सुमंत राय से हुई है। मेरे ससुराल के लोग पांच लाख रूपये दहेज की मांग कर मुझे आय दिन पड़ताड़ित करते हैं। दहेज की मांग को लेकर मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि मेरे ससुराल के लोग धमकी देते हुए कहा कि अगर बिना पांच लाख रुपए लिए घर वापस आई तो जान से मार दूंगा। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश राय समेत दस लोगों के खिलाफ धारा 498ए, 323, 504, 506, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

**नंदानगर (एसएनबी)।** पूजा वर्मा पत्नी शनि वर्मा की तहरीर पर एम्स पुलिस ने महादेव झारखंडी वार्ड संख्या एक शिवपुर हनुमान मंदिर निवासी पति सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड संख्या 19 अब्दुल हमीदनगर पीपीगंज निवासिनी पूजा वर्मा पुत्री ठाकुर वर्मा ने एम्स थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी 2020 में शनि वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा के साथ हिन्दू रीति रिवाज से शादी हुई थी। पति तथा सास ससुर द्वारा दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न किया जाने लगा। मायके से 5 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा। इस बीच अंकिता 3 वर्ष व अपेक्षा 1 वर्ष की दो बच्चियां पैदा हुई तो और ताना मारा जाने लगा। बीते 15 सितम्बर दोपहर को पति व सास-ससुर ने बुरी तरह मारपिटाई की। बचाव में आयी बहन को भी मारा तथा घसीट कर घर से बाहर निकाल दिया। काफी चोटें आयीं हैं।

## एसएसपी के आदेश पर धोखाधड़ी का केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा सरैया निवासी शिवसागर पुत्र व्यास मुनि ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया की मेरे फेसबुक आईडी पर मयंग नाम के युवक जुड़कर मुझे फ्रेंचआईजी दिलाने का झांसा देकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर 15 हजार रूपये हड़प लिया। जब उसके मोबाईल फोन कर काल कर सम्पर्क करने का प्रयास किया तो फोन बन्द बता रहा है। एसएसपी के आदेश पर चौरी चौरा पुलिस ने मयंग व एक अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को चौरीचौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस को आरोपित ने अपना नाम प्रभुनाथ चौरसिया पुत्र सरवन चौरसिया निवासी वार्ड नं0 16 हनुमन्त नगर मुण्डेरा बाजार थाना चौरी चौरा गोरखपुर बताया। आरोपित को पुलिस दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रवि सोनकर पुत्र गनेश सोनकर निवासी काली चौरा मोहल्ला मुक्तिपथ थाना बडहलगंज, जनपद गोरखपुर, स्थायी पता मोहल्ला आसिफगंज थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 376, 384, 504 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया।

# तीन बदमाश गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैंग बनाकर लूट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों के विरूद्ध शाहपुर पुलिस ने यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर ने बताया कि गैंग लीडर अभिषेक भारती पुत्र अमरजीत प्रसाद उर्फ पुतुर निवासी बड़की पिपरही थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर व गैंग के 02 अन्य सदस्य आदित्य वर्मा पुत्र शेषमणी वर्मा निवासी वार्ड नं0 11 हरिलाल चौक थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर व दीपक कुमार उर्फ दीपू उर्फ भोलू पुत्र नेबूल निवासी बड़की पिपरही थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है।

# सभासद ने चेयरमैन प्रतिनिधि व ईओ को दी धमकी, केस

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बेइली निवासी सभासद पंकज यादव के विरुद्ध नगर पंचायत बड़हलगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व ईओ शिवकुमार ने अपशब्द व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने ईओ की तहरीर पर धारा 504, 506 व एसीएसटी एक्ट व चेयरमैन प्रतिनिधि के तहरीर पर 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात में लगी हैं। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने कहा कि रिकार्डिंग मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि शनिवार को मेरे मोबाइल पर बेईली के सभासद पंकज यादव ने अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। इसके पूर्व शुक्रवार को सभासद ने ईओ शिवकुमार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दी थी। श्री उमर ने कहा कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को दे दी गई है। दो माह पूर्व भी दो व्यक्तियों ने नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारियों से मारपीट व चेयरमैन प्रतिनिधि श्री उमर से बदसलूकी की थी। जिसपर पुलिस ने उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# तमंचा कारतूस के साथ किशोर धराया

नंदानगर (एसएनबी)। एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी इंचार्ज ने बीती रात जगदीशपुर अंडरपास के पास से 16 वर्षीय एक किशोर को 12 बोर तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा।

किशोर चौरीचौरा थाना क्षेत्र के बघाड़ गांव का रहने वाला है। बीती रात चौकी इंचार्ज रामानुज सिंह यादव हमराह विकास यादव, प्रदीप कुमार व संजय सिंह के साथ गश्त पर थे। इस दौरान जगदीशपुर अंडरपास के पास चनकापुर की तरफ से एक लड़का आता हुआ दिखा जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। शक होने पुलिस ने लड़के को दौड़ा कर पकड़ लिया। जमातलाशी में उसके पेंट की जेब से एक अदद 12 बोर तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ मे किशोर ने बताया कि दबदबा बनाने के लिए वह तमंचा लेकर चलता है।

# चोरी की स्कूटी के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की एक स्कूटी के साथ वाहन लिफ्टर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने पुलिस को अपना नाम हर्ष पटेल पुत्र कृष्ण कुमार पटेल निवासी 285 ख / 93 करेटा ऐशबाग गनेशपुरी लखनऊ बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 411 के तहत कोर्ट में पेश किया।

# आंगनबाड़ी सहायिका से रेप का प्रयास

पीपीगंज (एसएनबी)। पीपीगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में 50 वर्षीय एक आंगनबाड़ी सहायिका से उसके घर में घुसकर रेप की कोशिश एक युवक द्वारा की गयी। विरोध और शोर करने पर आरोपित युवक ने उसे गालियां दीं और जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया। गांव के मकालू नामक मनबढ़ युवक के विरूद्ध आंगनबाड़ी सहायिका ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नई पहल** यूनिवर्सिटी व पुलिस के बीच जल्द होगा एमओयू

# साइबर क्राइम से जंग में एमएमएमयूटी होगा पुलिस के संग, शुरू हुई प्रॉसेस

**एडीजी की पहल पर सेंटर आफ एक्सिलेंस खोलने जा रही एमएमएमयूटी**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Sept):** मदनमोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के टेक्निकल एक्स्पर्ट्स की हेल्प से पुलिस डिपार्टमेंट अब साइबर क्राइम पर लगाम लगाने की कोशिश करेगा. एडीजी पुलिस अखिल कुमार ने इसे लेकर पहल की है और सहयोग के लिए यूनिवर्सिटी से संपर्क साधा है. यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. जेपी पांडेय ने सहयोग के इस आग्रह को सहर्ष स्वीकार किया है. बहुत जल्द इसे लेकर यूनिवर्सिटी और पुलिस विभाग के बीच अनुबंध की तैयारी है. अनुबंध की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एएसपी मानुष पारिख ने रविवार को वीसी से मुलाकात की और अनुबंध की शर्तों और जरूरतों पर विचार-विमर्श किया.




### डिपार्टमेंट्स को जिम्मेदारी

मुलाकात के बाद वीसी ने बताया कि पुलिस की मदद और लोगों को जागरूक करने के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस में साइबर सिक्योरिटी और फॉरेंसिक का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस खोलेगी. इसकी जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट को संयुक्त रूप से दी जाएगी. इस सेंटर से साइबर सिक्योरिटी को लेकर कोर्स तो चलाए जाएंगे ही, साथ ही समय-समय पर इंटर्नशिप प्रोग्राम भी चलाया जाएगा. इंटर्नशिप प्रोग्राम के जरिए पुलिसकर्मियों को भी साइबर क्राइम रोकने का तरीका बताया जाएगा.

### स्टूडेंट्स को मिलेगा लाभ

वीसी प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि यूनिवर्सिटी में एक साइबर सिक्योरिटी लैब स्थापित किया जा चुका है. लैब को स्थापित के लिए पुणे साइबर सिक्योरिटी से अनुबंध किया गया था. वीसी ने यह भी बताया कि यूनिवर्सिटी पहले से ही नेशनल साइबर सेफ्टी सिक्योरिटी स्टैंडर्ड का सदस्य है. इसका लाभ भी सेंटर आफ एक्सिलेंस से जुड़ने वाले छात्रों और पुलिसकर्मियों को मिलेगा.



**"तेजी से बढ़ते साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए एमएमएमयूटी के टेक्निकल एक्स्पर्ट्स से सहयोग लेने की योजना बनाई गई है. बहुत जल्द इसे लेकर पुलिस डिपार्टमेंट और यूनिवर्सिटी में एमओयू की प्रोसेस को पूरा कर लिया जाएगा. यूनिवर्सिटी में स्थापित होने वाले सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में पुलिसकर्मियों को साइबर सिक्योरिटी की तकनीकी ट्रेनिंग दिलाई जाएगी.**

**अखिल कुमार,**
एडीजी, गोरखपुर जोन

# तीन अधिकारी सस्पेंड, संविदाकर्मियों पर एफआईआर

**IMPACT**

**GORAKHPUR (17 Sept):** दो हजार रुपए घूस न मिलने पर प्राइवेट बैंक का बिजली कनेक्शन काटने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है. सीएम के संज्ञान लेने के बाद बिजली निगम ने मोहद्दीपुर खंड के एक्सईएन वीके चौधरी, एसडीओ नीरज दुबे और जेई वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है. चीफ इंजीनियर आशु कालिया की रिपोर्ट के बाद तीन संविदाकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए सभी को सेवा से निकाल दिया गया है.

## कॉमर्शियल का आवेदन

मोहद्दीपुर में कार शोरूम के बगल में आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी नई शाखा खोली है. बैंक के मैनेजर ने 15 किलोवॉट क्षमता के कामर्शियल बिजली कनेक्शन के लिए अगस्त में मोहद्दीपुर खंड में आवेदन किया था. कनेक्शन

**नया कनेक्शन लगा, 30 मिनट में काट दी सप्लाई**




की स्वीकृति मिलने के बाद बैंक ने 29 अगस्त को 20,848 रुपए शुल्क जमा कर दिए. इसके बाद मीटर लगाकर कनेक्शन जारी कर देना चाहिए था, लेकिन बिजली निगम के अभियंताओं ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया.

## कनेक्शन जोड़ने मांगे पैसे

12 सितंबर को बैंक मैनेजर ने अभियंताओं से संपर्क किया तो बताया गया कि मीटर परीक्षण खंड से लगेगा. इसलिए वहां संपर्क करें. बैंककर्मियों ने परीक्षण खंड में संपर्क किया तो वहां से एक व्यक्ति गुरुवार को बैंक की शाखा पर पहुंचा. उसने कहा कि वह मीटर लगाने आया है. मीटर लगने के साथ ही कनेक्शन भी जुड़ जाए तो मीटर की जांच हो जाएगी. बैंक कर्मियों ने मोहद्दीपुर में बात की तो तीन संविदाकर्मी पहुंचे. मीटर लगाने के बाद उन्होंने कनेक्शन जोड़ा. फिर दो हजार रुपए घूस मांगने लगे. बैंककर्मियों ने अपने पास से 500 दे रुपए दिए और जलपान कराया, लेकिन वह तीनों अड़े रहे. इतना ही नहीं नकद रुपए न होने पर बैंक खाते में रुपए भेजने का दबाव बनाने लगे. आधे घंटे तक बाकी 15 सौ रुपए नहीं मिले तो एक संविदाकर्मी पोल पर चढ़ गया और कनेक्शन काट दिया. बैंककर्मियों ने इसका वीडियो बना लिया और अभियंताओं को भेज दिया.

## सीएम ने लिया संज्ञान

रविवार को दैनिक जागरण आईनेक्स्ट में खबर पब्लिश हुई तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया. इससे पहले ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने मुख्य अभियंता आशु कालिया को जांच के निर्देश दिए थे. मुख्य अभियंता ने कनेक्शन देने में देरी को लापरवाही मानते हुए एक्सईएन, एसडीओ और जेई के निलंबन की संस्तुति की. साथ ही तीनों संविदाकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए जेई को निर्देश दिया.

## जेई ने कराई एफआईआर

निलंबित जेई वीरेंद्र कुमार ने कैंट थाने में झंगहा थाना के रामपुर शिव मंदिर टोला निवासी संविदाकर्मी रामानंद, चिलुआताल थाना क्षेत्र के गुरुनगर जगतबेला निवासी बालकृष्ण और बलरामपुर जिले के परसिया अचलपुर निवासी वेद प्रकाश पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. तीनों की संविदा भी समाप्त कर दी गई है.

**तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है. संविदाकर्मियों को सेवा से हटाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है. यह उन सभी बिजलीकर्मियों के लिए संदेश है, जो कंज्यूमर्स को परेशान करते हैं.**

**शंभू कुमार**, प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

# छात्र की पिटाई के मामले में प्रबंधक पर केस

**भटहट (एसएनबी)।** पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक पर कक्षा दो के छात्र की पिटाई का आरोप लगा है। पीड़ित छात्र के मां की तहरीर पर पुलिस ने प्रबंधक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार महाराजगंज जनपद के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परसियां इंदरपुर निवासी सुमित्रा निषाद पत्नी रामललीत ने तहरीर देकर बताया है कि उसका पुत्र श्रवण पिपराइच थाना क्षेत्र के चकियां गांव में स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा दो मे पढ़ता है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधक ने छत के ऊपर निकला सरिया तोड़ने व पढ़ाई को लेकर 13 सितंबर को छड़ी से बेरहमी से पीटा।

# अधेड़ को मरा समझकर सुनसान स्थल पर फेंका

**उनवल (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र के महुआडाबर चौकी अंतर्गत डुमरघाट मार्ग पर चपरहट पुलिया के पास रविवार को सुनसान स्थल पर लगभग 55 वर्षीय अधेड़ घायलावस्था में तड़पता मिला। आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ की पहले लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई की गयी है और उसे मरा समझकर उक्त स्थल पर ले आकर फेंक दिया गया है। अधेड़ के शरीर पर महज अंडरवियर था। वह दर्द से कराह रहा था और अर्द्धमूर्छित अवस्था में होने के कारण कुछ भी बता पाने में असमर्थ था। पुलिस ने घायल अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

# फर्जी डॉक्यूटमेंट पर सरकारी जमीन पर कब्जा, गोरखपुर के 648 श्री-420!

**चकबंदी अधिकारी ने चिलुआताल थाने में दर्ज कराई एफआईआर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Sept):** चिलुआताल एरिया में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां 648 लोगों ने फर्जी डॉक्युमेंट्स पर सीलिंग की जमीन पर कब्जा जमा लिया और वहां खेती भी करने लगे. ताल जहदा स्थित जमीन की जांच हुई तो वह सरकारी निकली. चकबंदी अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने सभी को फर्जी डॉक्युमेंट्स दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का आरोपी बनाया है. मामला डीएम कोर्ट में चल रहा था, जिस पर 16 अप्रैल 2021 को ही डीएम कोर्ट ने केस खारिज करते हुए इसे सरकारी जमीन घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी लोगों का कब्जा बना हुआ है. वर्तमान में जमीन पर किसान खेती करते हैं.

## लोगों को कर दिया था पट्टा

दरअसल, ताल जहदा की जमीन सरहरी स्टेट परमेश्वरी राय की थी. बाद में यह जमीन सीलिंग में आ गई. साल 1970 से 1980 के बीच रामपुर गोपालपुर गांव के तुलसी निगम प्रधान थे. उस समय ही इन्होंने जमीन को गांव के लोगों को पट्टा कर दिया. तभी से लोग जमीन पर काबिज हो गए. बाद में 1984 में मामला डीएम कोर्ट में चला




गया. सरकार बनाम रामपुर गोपालपुर गांव के बीच केस चलता रहा.

## 2021 में सरकारी जमीन

प्रधानी में जब तक तुलसी निगम सक्रिय थे, तब तक तो वह कोर्ट में पैरवी के लिए हर तारीख पर जाते थे, लेकिन बाद के साल में इस पर ग्रामीणों ने बहुत ध्यान नहीं दिया और कोर्ट में मामले में तारीख पर तारीख पड़ती रही. कई तारीख के बाद डीएम ने 2021 में जमीन को सरकारी घोषित कर उसे दस्तावेजों में चढ़वा भी दिया. इसके बाद कुछ लोग हाईकोर्ट भी गए, लेकिन इनकी संख्या बहुत कम है. अब डीएम ने इस मामले में केस दर्ज कराने का आदेश दिया. डीएम के आदेश पर चकबंदी अधिकारी ने चिलुआताल थाने में केस दर्ज कराया है.

## इन पर दर्ज हुआ केस

रामपुर गोपालपुर गांव के रामभवन, राकेश, कनीक लाल, मैना देवी, देवेंद्र, योगेंद्र, कैलाशी देवी पत्नी रामसेवक, ओमप्रकाश, धनपत, दयालाल, दिलीप कुमार, रणजीत कुमार, प्रिती देवी पत्नी सुरजलाल, कुमार, कृष्ण प्रसाद मिश्र, नजाम, उनकी बबू, गिरीश, गोपी, गनपती, रामाशंकर, रामसमुझ, गंगा को नामजद आरोपी बनाया गया है. इसके अलावा 622 लोग अन्य नामजद आरोपी हैं.

## जमींदारों से मिली जमीन

हालांकि, ग्रामीण विजय कुमार का कहना है कि वर्षों से जमीन पर खेती की जा रही है, जब से जन्म हुआ है. तब से यही पता है कि जमीन हमारी है. जमीन की चकबंदी भी चल रही है. उस दौरान फॉर्म पांच दिया गया था, अब अचानक जमीन को सरकारी बताना गलत है. जबकि, महेंद्र निषाद ने कहा कि पूर्वज बताते हैं कि है जमीन पहले जमींदारों की थी, जमींदारों ने गांव के लोगों को सौंप दिया. तभी से गांव के लोगों का कब्जा है और सब का नाम भी कागज पर चढ़ा है. अब लोग तो फार्म पांच के बाद फार्म 24 के इंतजार में है.



**डीएम के आदेश पर चकबंदी अधिकारी ने जांच किया था. जांच के आधार पर चकबंदी अधिकारी ने थाने में तहरीर दी है, जिस पर केस दर्ज कर लिया गया है. पुलिस जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी.**

**मनोज कुमार अवस्थी,**
एसपी नॉर्थ

# भू-माफिया कमलेश व साथियों पर तीन और केस दर्ज

**GORAKHPUR (17 Sept):** भू-माफिया कमलेश यादव और उसके साथी पर एम्स थाने में तीन और केस दर्ज किया गया है. सभी पर जमीन के नाम पर जालसाजी करने का आरोप है. कमलेश पर एम्स, खोराबार और चौरी चौरा थाने में कुल 22 मुकदमे दर्ज हैं. बिहार के गोपालगंज की रहने वाली बिलकिस खातून, सुमन देवी व तमकुहीराज कुशीनगर की दीपावली का आरोप है कि भूमि के लिए उन्होंने कमलेश यादव और उसके साथी दीनानाथ ने बैनामा करा दिया. दाखिल खारिज के समय पता चला कि भूमि सीलिंग की है.

# सीडीआर को कब्जे में लेकर पुलिस निकलवाएगी बैकअप

### ब्लड बैंक में लगे सीसी कैमरे के अगस्त माह की रिकॉर्डिंग हो चुकी है डिलीट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Sept):** बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में लगे सीसी कैमरे के अगस्त की डिलीट हो चुकी रिकार्डिंग वापस लाई जाएगी. सीडीआर को कब्जे में लेकर पुलिस उसका बैकअप निकलवाएगी. इसके अलावा पुलिस सर्विलांस के माध्यम से बीआरडी मेडिकल के अन्य कर्मचारियों की तलाश में है. खून की दलाली मामले में पुलिस अब तक दो कर्मचारियों समेत पांच दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है.




## 18 हजार रुपए में बेचा खून

27 अगस्त को महराजगंज पनियरा के कामता बुजुर्ग के रहने वाले गोरख चौहान ने पुलिस से शिकायत की थी. बताया था कि कुछ लोगों ने धर्मशाला स्थित मजदूर मंडी से पकड़कर उसे रुपये का लालच देकर एक यूनिट खून निकाल लिया था. इसके बाद उस खून को 18 हजार रुपये में बेच दिया था. इसके बदले उसे तय रुपये न देकर 1100 देते हुए मारपीट कर भगा दिया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए दो लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था. उनके मोबाइल फोन से मिले नंबरों की जांच करते हुए बीते दिनों बीआरडी मेडिकल कालेज के दो कर्मचारियों समेत गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया.

## 27 से 30 तक है रिकॉर्डिंग

इसी दौरान जांच को पहुंची पुलिस को पता चला कि अगस्त माह की रिकार्डिंग डिलीट हो चुकी है. जबकि 27 से 30 अगस्त तक रिकार्डिंग मौजूद थी. एक सितंबर से जब पुलिस ने विवेचना शुरू की और रिकार्डिंग बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन से मांगी तो डिलीट होने का मामला सामने आया. एएसपी/सीओ कैंट मानुष पारीक ने बताया कि सीडीआर कब्जे में लेकर अगस्त माह की रिकार्डिंग का बैकअप निकलवाया जाएगा. इसके लिए बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन को पत्र लिखकर सीडीआर मांगा जाएगा.

# छात्र की पिटाई मामले में स्कूल प्रबंधक पर केस

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के प्रबन्धक की पिटाई से घायल कक्षा दो के छात्र का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। बच्चे का तेज बुखार व दस्त कम नहीं हो रहा था। शनिवार को दोपहर में पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपित प्रबन्धक के खिलाफ मारपीट, धमकी के साथ ही अन्य धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परसिया निवासी रामललित निषाद का 13 वर्षीय पुत्र श्रवण पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया में श्रीमती सरस्वती देवी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में कक्षा दो में पढ़ता है। बच्चे की मां सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि स्कूल के प्रबन्धक राजेश सिंह ने उसके बच्चे की 13 सितम्बर को छत की सरिया तोड़ने एवं पढ़ाई नहीं करने का आरोप लगाकर पिटाई कर दी थी। आरोप है कि डायरेक्टर द्वारा बच्चे को जूते से पीटने के साथ ही उसे छत से नीचे धकेलने का प्रयास किया गया था।

> “ छात्र के मां के मारने पीटने के आरोप निराधार हैं। छत पर दौड़ने की बात को लेकर छात्र को डांटा गया था। छात्र को डांटने से तबीयत कैसे खराब हो गई, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।
>
> **राजेश सिंह**, प्रबन्धक, श्रीमती सरस्वती देवी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट

> “ छात्र की मां की तहरीर के आधार पर स्कूल के प्रबन्धक के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद धारा में बढ़ोत्तरी हो सकती है। मामले की जांच की जा रही है।
>
> **एके सिंह**, विवेचक/चौकी प्रभारी बैलों

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित प्रबन्धक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, कक्षा 2 में पढ़ने वाले छात्र श्रवन की शनिवार की शाम को हालत गम्भीर होने लगी। इसके बाद परिजन उसे मेडिकल कालेज ले गए।

# छात्रा का अपहरण कर रेप का आरोपी दबोचा

गुलरिहा। गुलरिहा इलाके के एक मोहल्ले की 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने व दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

आरोपी की पहचान बिहार के गोपालगंज के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के बंजरिया निवसी शुभम उर्फ पप्पू मिश्रा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि कि तीन नवंबर 2019 को उसकी बेटी रहस्मय ढंग से लापता हो गई थी। पुलिस केस दर्ज कर बिहार जिले के गोपालगंज बंजरिया निवासी शुभम मिश्रा के पास से किशोरी को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दी थी। आरोप है कि सोशल मीडिया पर शुभम से संपर्क करने से पता चला कि जेल से छूटने के बाद आरोपित पुनः किशोरी को स्कूल से भगा ले गया।

# बच्ची से छेड़खानी का आरोपित बुजुर्ग गया जेल

पीपीगंज। छह साल की बच्ची से छेड़खानी और पाक्सो एक्ट के आरोपित 65 साल के बुजुर्ग चिखुरी को पीपीगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीपीगंज थाना के एक गांव में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे छह साल की एक बच्ची अपने दरवाजे पर खेल रही थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग ने बच्ची को पास बुलाया और घर के अंदर ले जाकर छेड़खानी करने लगा।

# सभासद पर धमकी का केस

बड़हलगंज। बेइली निवासी सभासद पंकज यादव पर नगर पंचायत बड़हलगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व ईओ शिवकुमार ने अपशब्द व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

उमर ने बताया कि शनिवार को पंकज ने उन्हें फोन पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। इसके पूर्व शुक्रवार को सभासद ने ईओ शिवकुमार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दी थी।

# इंस्टाग्राम के जरिए महिला से 5.7 लाख ठगे

गोरखपुर, वसं। कैंट क्षेत्र की एक महिला से इंस्टाग्राम के जरिये 5.7 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने एसपी क्राइम को शिकायत पत्र देकर मुकदमा दर्ज करवाया है।

जटाशंकर धर्मशाला की रहने वाली किरण नैनानी पत्नी आशी मृगवानी ने तहरीर में बताया कि 27 अगस्त को उनके फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने इंस्ट्राग्राम के कुछ अकाउंट दिए और बताया कि इनको फॉलो करो तो पैसा आएगा। किरण ने 3-4 टास्क किए तो पैसा आ गया। इसके बाद 28 अगस्त को अनीता देवी नाम की महिला द्वारा यूपीआई के जरिये 60 हजार और फिर 35 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। 15000 का ट्रांसफर आईएमपीएस से कराया गया। बताया गया कि 4,60,000 जमा करने पर वापस देंगे। पीड़िता ने 29 को ये रकम भी भेज दी। उसके बाद कहा गया कि 11,46,000 और जमा करो तो 24 लाख रुपये मिलेंगे। इसके बाद किरण ने पुलिस से शिकायत की।

# भू माफिया व उसके सहयोगियों पर केस

- अगस्त से अब तक 13 मुकदमे दर्ज कर चुकी है पुलिस
- छह प्रार्थनापत्र की चल रही है जांच, रिपोर्ट पर होगा केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। भू माफिया कमलेश यादव तथा उसके सहयोगियों के खिलाफ एम्स पुलिस ने धोखाधड़ी एवं जानमाल की धमकी देने के तीन केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एम्स थाने में अगस्त से लेकर अब तक 13 मुकदमे कमलेश यादव पर दर्ज हो चुके हैं। इसके पहले कमलेश के खिलाफ अन्य थानों में सात केस दर्ज हैं जिससे एफआईआर की संख्या अब 20 तक पहुंच चुकी है।

अयोध्या थाना पूराकलंदर सोहावल साकिन भदरसा, हाल मुकाम सैनिक बिहार सेक्टर बी जुबली फार्म निवासी बिल्कीस खानम पत्नी दानिश ने एसएसपी को पत्र देकर एम्स थानाक्षेत्र के बहरामपुर निवासी कमलेश यादव पुत्र रामकेवल यादव व बेतियहाता थाना कैंट निवासी अजय शर्मा पुत्र बृजभूषण के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसने मकान बनवाने के लिए कमलेश और अजय से चौरीचौरा क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में 14 लाख रुपये देकर 2022 में .90 हेक्टेयर जमीन बैनामा कराई थी। मकान बनवा कर रहने लगी लेकिन आरोपी खारिज दाखिल में हीलाहवाली करते रहे। बाद में पता चला कि जमीन सीलिंग में है। एम्स पुलिस ने कमलेश व अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज की कनक पिपरा निवासी दीपावली पत्नी सुधीर सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कमलेश यादव व अरुण पुत्र बृजभूषण निवासी बेतियहाता हाल मुकाम बनारस से कुसम्ही बाजार में 2020 में दो लाख रुपये देकर .90 हेक्टेयर जमीन बैनामा कराई थी। बाद में पता चला कि जमीन सीलिंग में है। एम्स पुलिस कमलेश व अरुण के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन कर रही है।

तीसरा केस गोपालगंज बिहार निवासी सुमन देवी पत्नी सुदामा चौबे ने कमलेश यादव, दीनानाथ प्रजापति निवासी कुसम्ही बाजार व शमशाद पुत्र मोहम्मद अली निवासी पोखरभिंडा कुचैकोट गोपालगंज बिहार के खिलाफ दर्ज कराया है।

# तीन बदमाशों पर गैंगस्टर

गोरखपुर। गैंग बनाकर लूट करने वाले तीन बदमाशों पर शाहपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर शशिभूषण राय ने गैंग लीडर अभिषेक भारती पुत्र अमरजीत उर्फ पुत्तुर निवासी बड़की पिपरही थाना पिपराईच और दीपक उर्फ दीपू उर्फ भोलू पुत्र नेबूल तथा आदित्य वर्मा पुत्र शेषमणी निवासी वार्ड नं. 11 हरिलाल चौक थाना पिपराइच पर कार्रवाई की है। अभिषेक पर सात, आदित्य और दीपक पर 5-5 केस दर्ज हैं।

# तमंचे के साथ किशोर धराया

कुस्मही बाजार। एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी इंचार्ज ने जगदीशपुर अंडरपास के पास से 16 वर्षीय किशोर को 12 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ दबोचा। युवक चौरीचौरा थना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पूछताछ में किशोर ने बताया कि दबदबा बनाने के लिए वह तमंचा लेकर चलता है। पकड़े गए बाल अपाचारी को एम्स पुलिस ने किशोर को न्यायालय भेज दिया।

# ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे में सबूत के बाद ही गिरफ्तारी

- चकबंदी अधिकारी की तहरीर पर 648 ग्रामीणों पर हुआ है केस
- ताल जहदा इलाके में सीलिंग की जमीन पर कब्जे का है आरोप

सरहरी,हिन्दुस्तान संवाद। फर्जी दस्तावेज से जालसाजी में केस दर्ज होने के बाद 648 ग्रामीणों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। ऐसे में ग्रामीणों में हड़कम्प है। केस दर्ज होने के बाद कई ग्रामीणों ने तो गांव तक छोड़ दिया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी से इनकार किया है। अफसरों के मुताबिक सभी दस्तावेजों और साक्ष्यों की जांच और सबूत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चकबन्दी अधिकारी रुस्तमपुर माया शंकर सिंह ने तहरीर देकर कर बताया कि ताल जहदा स्थित सीलिंग की जमीन पर 1959 से 1985 के बीच फर्जी तरीके से सीलिंग की जमीन अपने नाम करा ली। इस मामले में राम भवन पुत्र भगवती निवासी रामपुर गोपालपुर थाना गुलरिहा सहित 648 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार कुछ वर्षो पूर्व जिला प्रशासन द्वारा मुकदमा कायम हुआ था जिसमें कास्तकारों की ओर से पैरवी के अभाव में एक तरफा फैसला प्रशासन के पक्ष में हो गया था। फिलहाल जिस धारा में केस दर्ज किया है उसमें सात साल से ऊपर की सजा है लिहाजा गिरफ्तारी की आशंका को लेकर भी हड़कम्प मच गया है।

# चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान आजाद कुमार निषाद पुत्र जोगिन्दर निषाद निवासी बड़का टोला मोहनापुर पादरी बाजार थाना शाहपुर के रूप में हुई है।

# दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी को दबोचा

गोरखपुर। दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान रामचरन चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी मोहनापुर चुन्नीटोला पादरी बाजार थाना शाहपुर के रूप में हुई है।

# "तीसरी आंख" से दूर हैं रेलवे स्टेशन के 30 स्थल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिहाज से 30 स्थान संवेदनशील हैं। ये स्थान "तीसरी आंख" (सीसी कैमरे) से दूर हैं। एसपी रेलवे ने सुरक्षा की दृष्टि से इन महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसी कैमरे लगवाने के लिए लखनऊ मंडल के डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) को पत्र लिखा है।

रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 66 सीसी कैमरे लगे हैं। आरपीएफ पोस्ट के पास बने कंट्रोल रूम से इन कैमरों के जरिये सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग, बुकिंग हाल, प्लेटफार्म व फुट ओवरब्रिज की निगरानी होती है। चेकिंग के लिए जीआरपी के सिपाही व आरपीएफ जवानों की प्लेटफार्म ड्यूटी लगती है। इन सबके बीच स्टेशन परिसर व प्लेटफार्म पर आने के कई ऐसे रास्ते हैं, जिन पर किसी सुरक्षाकर्मी का ध्यान नहीं जाता। धर्मशाला ओवरब्रिज, वाशिंग पिट, कौआबाग रेलवे क्रासिंग से कोई भी आसानी से अंदर आ सकता है।



धर्मशाला बाजार से रेलवे स्टेशन पर बेरोकटोक आते-जाते लोग। जागरण

पार्सल घर से कोई भी बेरोकटोक प्लेटफार्म पर जा सकता है। प्लेटफार्म नंबर एक के पश्चिमी छोर पर धर्मशाला की ओर से एक गेट बना है, जहां कोई सुरक्षा नहीं है। संवेदनशील माने जाने वाले गोरखपुर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में जब इतने छेद हैं तो फिर शहर में स्थित छोटे स्टेशनों पर सुरक्षा के इंतजाम क्या होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। एसपी रेलवे डा.अवधेश सिंह ने बताया कि स्टेशन पर पहले 62 कैमरे थे, पत्र लिखने के बाद चार नए सीसी कैमरे लगे हैं। सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थान पर कैमरे लगवाने के लिए डीआरएम को पत्र लिखा गया है।

### मनकापुर चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

गोरखपुर : सरयू एक्सप्रेस में महिला सिपाही के साथ हुई घटना के मामले में मनकापुर चौकी प्रभारी हरिनाथ यादव की लापरवाही सामने आई है। सीओ की रिपोर्ट पर एसपी रेलवे डा.अवधेश सिंह ने चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। दारोगा संजय कुमार को मनकापुर चौकी का प्रभार सौंपा गया है। घटना का पर्दाफाश करने के लिए जीआरपी के गोंडा, बस्ती, गाजीपुर थाना प्रभारी के साथ ही सीओ बलिया मनकापुर में कैंप कर रहे हैं।

# एमएमयूटी की मदद से रोकेंगे साइबर अपराध

- विश्वविद्यालय व पुलिस विभाग के बीच जल्द किया जाएगा अनुबंध
- एडीजी की पहल पर सेंटर आफ एक्सिलेंस खोलने जा रहा एमएमयूटी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से पुलिस विभाग साइबर अपराध पर लगाम लगाने की कोशिश करेगा। एडीजी पुलिस अखिल कुमार ने इसे लेकर पहल की है और सहयोग के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क साधा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सहयोग के इस आग्रह को सहर्ष स्वीकार किया है। बहुत जल्द इसे लेकर विश्वविद्यालय और पुलिस विभाग के बीच अनुबंध की तैयारी है। अनुबंध की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एएसपी मानुष पारिख ने रविवार को कुलपति से मुलाकात की और अनुबंध की शर्तों और जरूरतों पर विचार-विमर्श किया।

> तेजी से बढ़ते साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों से सहयोग लेने की योजना बनाई गई है। बहुत जल्द इसे लेकर पुलिस विभाग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की अनुबंध प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाले सेंटर आफ एक्सिलेंस में पुलिसकर्मियों को साइबर सिक्योरिटी की तकनीकी ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। **अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन**

मुलाकात के बाद कुलपति ने बताया कि पुलिस की मदद और लोगों को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में साइबर सिक्योरिटी और फारेंसिक का सेंटर आफ एक्सिलेंस खोलेगा। इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर और इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग को संयुक्त रूप से दी जाएगी। इस सेंटर से साइबर सिक्योरिटी को लेकर कोर्स तो चलाए जाएंगे ही, साथ ही समय-समय पर इंटर्नशिप प्रोग्राम भी चलाया जाएगा।

इंटर्नशिप प्रोग्राम के जरिये पुलिसकर्मियों को भी साइबर अपराध रोकने का तरीका बताया जाएगा। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में एक साइबर सिक्योरिटी लैब स्थापित किया जा चुका है। लैब को स्थापित के लिए पुणे साइबर सिक्योरिटी से अनुबंध किया गया था।

कुलपति ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय पहले से ही नेशनल साइबर सेफ्टी सिक्योरिटी स्टैंडर्ड का सदस्य है। इसका लाभ भी सेंटर आफ एक्सिलेंस से जुड़ने वाले छात्रों और पुलिसकर्मियों को मिलेगा।

### यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# ईओ को सभासद ने दी धमकी, मुकदमा दर्ज

जासं, बड़हलगंज : नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि और ईओ ने वार्ड नंबर आठ तिलकनगर के सभासद रणविजय उर्फ पंकज यादव के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमा दर्ज कराया है। उस पर दोनों को धमकी देने का आरोप है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को मोबाइल फोन पर सभासद पंकज यादव ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे पूर्व शुक्रवार को सभासद ने ईओ शिवकुमार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को दी थी। ईओ की तहरीर पर पुलिस ने एससीएसटी और धमकी का मुकदमा दर्ज किया तो अध्यक्ष प्रतिनिधि की तहरीर पर धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि रिकार्डिंग मिली है। जांच की जा रही है।

# सीडीआर को कब्जे में लेकर पुलिस निकलवाएगी बैकअप

## मेडिकल कालेज : ब्लड बैंक के सीसी कैमरे की रिकार्डिंग हुई है डिलीट

जासं, गोरखपुर: बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में लगे सीसी कैमरे के अगस्त की डिलीट हो चुकी रिकार्डिंग वापस लाई जाएगी। सीडीआर को कब्जे में लेकर पुलिस उसका बैकअप निकलवाएगी। इसके अलावा पुलिस सर्विलांस के माध्यम से बीआरडी मेडिकल के अन्य कर्मचारियों की तलाश में है। खून की दलाली मामले में पुलिस अब तक दो कर्मचारियों समेत पांच दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

27 अगस्त को महराजगंज पनियरा के कामता बुजुर्ग के रहने वाले गोरख चौहान ने पुलिस से शिकायत की थी। बताया था कि कुछ लोगों ने धर्मशाला स्थित मजदूर मंडी से पकड़कर उसे रुपये का लालच




देकर एक यूनिट खून निकाल लिया था। इसके बाद उस खून को 18 हजार रुपये में बेच दिया था। इसके बदले उसे तय रुपये न देकर 1100 देते हुए मारपीट कर भगा दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए दो लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। उनके मोबाइल फोन से मिले नंबरों की जांच करते हुए बीते दिनों बीआरडी मेडिकल कालेज के दो कर्मचारियों समेत गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया।

इसी दौरान जांच को पहुंची पुलिस को पता चला कि अगस्त माह की रिकार्डिंग डिलीट हो चुकी है। जबकि 27 से 30 अगस्त तक रिकार्डिंग मौजूद थी। एक सितंबर से जब पुलिस ने विवेचना शुरू की और रिकार्डिंग बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन से मांगी तो डिलीट होने का मामला सामने आया।

एएसपी/सीओ कैंट मानुष पारीक ने बताया कि सीडीआर कब्जे में लेकर अगस्त माह की रिकार्डिंग का बैकअप निकलवाया जाएगा। इसके लिए बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन को पत्र लिखकर सीडीआर मांगा जाएगा।

# भू-माफिया कमलेश और साथियों पर तीन और केस

- सीलिंग की भूमि कर दिया बैनामा रुपये वापस मांगने पर दी धमकी
- जेल में निरुद्ध कमलेश पर अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 22 मुकदमे

जासं, गोरखपुर: भू-माफिया कमलेश यादव और उसके साथी पर एम्स थाने में तीन और केस दर्ज किया गया है। सभी पर जमीन के नाम पर जालसाजी करने का आरोप है। कमलेश पर एम्स, खोराबार और चौरी चौरा थाने में कुल 22 मुकदमे दर्ज हैं।

बिहार के गोपालगंज की रहने वाली बिलकिस खातून, सुमन देवी व तमकुहीराज कुशीनगर की दीपावली का आरोप है कि भूमि के लिए उन्होंने कमलेश यादव और उसके साथी दीनानाथ से संपर्क किया। बातचीत होने पर दोनों ने रुपये लेकर भूमि बैनामा कर दिया। दाखिल खारिज के समय पता चला कि भूमि सीलिंग की है। कमलेश व उसके साथी को इसकी जानकारी देते हुए रुपये वापस मांगे तो धमकी देने लगे।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि भू-माफिया कमलेश इस समय जेल में निरुद्ध है। गैंगस्टर की कार्रवाई कर उसकी संपत्ति जब्त कराई जाएगी।

# एक माह बाद हमले का आरोपित गिरफ्तार

पीपीगंज : बैरघटा गांव में एक माह पूर्व मारपीट कर युवक को घायल करने के एक आरोपित विनय यादव को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। आरोपित समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। (जासं)

# तीन लुटेरों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

गोरखपुर : शाहपुर थाना पुलिस ने तीन लुटेरों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर ने तहरीर में लिखा है कि पिपराइच के बड़की पिपरही गांव का अभिषेक भारती लूट व छिनैती करने वाले गिरोह का सरगना है। उसके गांव के दीपक कुमार उर्फ दीपू व पिपराइच कस्बे के वार्ड नंबर 11 में रहने वाले आदित्य वर्मा गिरोह के सदस्य हैं। तीनों आरोपित पहले भी लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके हैं।

# दुष्कर्म व मारपीट के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

गोरखपुर : शाहपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म व मारपीट के आरोपित रामचरन चौहान को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि पादरी बाजार चुन्नी टोला का रहने वाला रामचरन दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था।

# चोरी हुए मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर : चोरी हुए मोबाइल फोन के साथ शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार की सुबह मोहनापुर के आजाद कुमार निषाद को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि वाहन जांच के दौरान एचएन सिंह चौराहा के पास उसे पकड़ा गया।

# ताल की 512 एकड़ भूमि कब्जाने में 400 लोग कार्रवाई की जद में

जासं, गोरखपुर : बेलीपार के ताल नदोर में 512 एकड़ सरकारी भूमि को गलत तरीके से अपने नाम करवाने वालों की मुश्किल बढ़ गई है। तीन माह से चल रही जांच में 400 से अधिक काश्तकार व 15 से अधिक राजस्व विभाग के कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं जिनके ऊपर पुलिस जल्द ही शिकंजा कसेगी।

ताल नदोर गांव में 500 एकड़ ताल व 12 एकड़ नवीन परती भूमि है। इस भूमि पर स्थानीय लोगों का कब्जा था। इन लोगों ने दस्तावेजों में हेराफेरी करके राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मदद से पत्रावली में भूमि अपने नाम दर्ज करा लिया था। दो वर्ष पहले इसकी जानकारी जिला प्रशासन को हुई। तत्कालीन जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) व एडीएम (प्रशासन) की संयुक्त जांच में आरोप की पुष्टि होने पर आठ जून, 2023 को तत्कालीन चकबंदी अधिकारी दीवान बाजार रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने बेलीपार थाने में आरोपित काश्तकार व सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध साजिश के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया। तीन माह से चल रही जांच में पुलिस को ताल नदोर व आसपास के गांव में रहने वाले 400 से अधिक काश्तकार का नाम मिला जिन्होंने जालसाजी की है। इनका नाम मुकदमे में शामिल करने की तैयारी चल रही है। जालसाजी में मददगार बने कर्मचारियों पर भी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

- **ताल नदोर में स्थित भूमि गलत तरीके से करा लिया था अपने नाम**
- **सरकारी कर्मचारी भी हैं आरोपित आठ जून को दर्ज हुआ था मुकदमा**

"ताल नदोर गांव में स्थित ताल व नवीन परती भूमि पर कब्जा करने वाले सैकड़ों लोगों का नाम जांच में सामने आया है। विवेचना अभी चल रही है। साक्ष्य के आधार पर सभी आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**अरुण कुमार सिंह**, एसपी साउथ

## ग्रामसभा की भूमि नाम कराने वालों में मची अफरातफरी

**गोरखपुर** : सदर तहसील क्षेत्र के ताल जहदा में ग्राम सभा की भूमि पर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले 622 लोगों पर शनिवार को मुकदमा दर्ज होने के बाद हड़कंप मचा है। चकबंदी अधिकारी की तहरीर में केवल 23 लोगों का ही नाम है। जांच के बाद पुलिस अन्य लोगों का नाम मुकदमे में शामिल करेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर चकबंदी अधिकारी की ओर से गलत प्रविष्टियों पर दर्ज कराए गए नाम खारिज कर जमीन को खर ताल एवं बंजर के नाम से दर्ज किया गया है।

# पति समेत दस लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

चौरीचौरा। नगर पंचायत मुंडेरा बाजार की विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत दस लोगों पर दहेज के लिए पीटने का केस दर्ज कर लिया। विवाहिता मधुबाला ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 21 नवंबर 2021 को महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र के शनिचरी बाजार निवासी बृजेश कुमार से हुई थी। शादी में दिए गए दहेज के अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग ससुरालवाले कर रहे हैं। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस पति बृजेश कुमार, ससुर सुमंत, सास उर्मिला देवी, जेठ राकेश, जेठानी अनीता देवी, ननद रागिनी उर्फ पिंकी, रोहिणी, रिंकी, देवर गुड्डन व बुआ सास नंदनी देवी पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है। ब्यूरो

# पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, केस दर्ज

गीडा। इलाके के पिपरी गांव की रहने वाली अंजू देवी पत्नी नवनाथ यादव ने थाने में तहरीर दी है। इसमें लिखा है कि पुरानी रंजिश में 15 सितंबर को सायं पांच बजे रामजन और उनके परिवार के लोग गाली देने लगे। विरोध करने पर पीटने लगे। इससे उन्हें काफी चोट लगी है। लोगों के आने पर धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# सख्ती का दावा, आंकड़े बता रहे शोहदे व गुंडे हुए बेलगाम

- शहर क्षेत्र में 60 प्रतिशत से अधिक वारदात, 57 आरोपित हैं फरार
- पिछले वर्ष की तुलना में हत्या, दुष्कर्म व छेड़खानी की घटनाएं बढ़ीं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महिला सुरक्षा पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सख्ती के दावा के बीच जिले में लगातार हो रही घटनाएं इस बात की गवाह हैं कि महिला सुरक्षा को लेकर बनाई गई व्यवस्था कितनी पुख्ता है। पिछले आठ माह में किशोरी, युवती व महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी इसका प्रमाण है। आधी आबादी पर बुरी नजर रखने वालों में स्थानीय पुलिस, महिला हेल्पलाइन व एंटी रोमियों टीम का कोई खौफ नहीं। वर्ष 2022 व 2023 में आठ माह के भीतर हुए महिला अपराध की तुलनात्मक स्थिति इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

वर्ष 2022 में एक जनवरी से लेकर 31 अगस्त तक आठ महिलाओं की हत्या व 23 से दुष्कर्म हुआ था। 97 महिलाओं के साथ शोहदों ने छेड़खानी की थी, जबकि 123 लड़कियों का अपहरण हुआ था। अलग-अलग क्षेत्र में महिला उत्पीड़न के 433 घटनाएं तो 22 की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। वर्ष 2023 में अपहरण को छोड़ सभी अपराध बढ़े हैं। आठ माह में 11 महिलाओं की हत्या, 23 से दुष्कर्म, 109 से छेड़खानी की वारदात हुई है। 577 महिलाएं घरेलू हिंसा की शिकार हुई हैं। दहेज के लिए 21 महिलाओं की हत्या हुई है। हैरत की बात है कि महिलाओं के साथ 60 प्रतिशत वारदात शहर क्षेत्र में हुई है। महिलाओं के साथ अपराध करने वाले 57 आरोपित अभी भी फरार हैं।

### आटो से युवती को खींच किया था सामूहिक दुष्कर्म

संतकबीर नगर जिले की युवती पुरुष मित्र के साथ नौसढ़ में किराये पर कमरा लेकर रहती है। दो अगस्त, 2023 की रात में दो बजे बस्ती से ट्रेन पकड़कर युवती गोरखपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन के बाहर से आटो बुक करके नौसढ़ जा रही थी। राजघाट पुल पर स्कूटी व बाइक सवार छह युवकों ने रोक लिया। युवती को अगवा कर अमरूतानी में दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुख्य आरोपित व साथियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। इस घटना ने पुलिस के चौकसी की पोल खोल दी थी।

### इस वर्ष हुई घटना में कार्रवाई

| घटना | संख्या | आरोपित | फरार | लंबित मामला |
|---|---|---|---|---|
| हत्या | 11 | 28 | 6 | 3 |
| दुष्कर्म | 23 | 37 | 9 | 4 |
| छेड़खानी | 109 | 193 | 53 | 30 |
| अपहरण | 80 | 112 | 22 | 12 |
| दहेज हत्या | 21 | 73 | 30 | 8 |

# दिल्ली से चले थे जालसाज रास्ते में भी की वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मोहद्दीपुर में एटीएम कार्ड फंसाकर जालसाजी करने की घटना दिल्ली से आए जालसाजों ने की है। अब तक की जांच में पता चला है कि जालसाज दिल्ली, मथुरा, कानपुर, लखनऊ, देवरिया में भी रुके थे।

आशंका है कि यहां पर भी इन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों को दिल्ली से चलकर गोरखपुर पहुंचने में चार दिन का समय लगा है। पुलिस को अन्य जिलों से भी कुछ फुटेज मिले हैं।

जानकारी के मुताबिक, मोहद्दीपुर, कैंट निवासी धीरज गुप्ता के साथ 9 सितंबर 2023 की शाम में घटना हुई थी। उन्होंने कैंट थाने में केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि एटीएम मशीन से रुपया निकालने गया तो कार्ड मशीन में फंस गया। कई बार कोशिश करने के बाद भी एटीएम कार्ड नहीं निकल रहा था। जालसाजों ने जैसे-जैसे बताया करते गए।

साइबर एक्सपर्ट उपेंद्र सिंह का कहना है कि जांच में सामने आया कि ठग दिल्ली से चले हैं और गोरखपुर पहुंचे हैं। फिर यहां पर वारदात करके फरार हो गए हैं।

## कार्ड फंसने पर ऐसे करें बचाव

- अंजान आदमी से मदद न मांगे।
- बैंक के आधिकारिक वेबसाइट या फोन नंबर पर ही संपर्क करें।
- कम निगरानी वाले एटीएम बूथों का इस्तेमाल करने से बचें।
- कार्ड फंसने पर उसे अस्थायी रूप से ब्लॉक भी करवा सकते हैं।
- मोबाइल फोन पर ओटीपी या सीवीवी की जानकारी देने से बचें।

# छात्र की पिटाई करने वाले प्रबंधक पर केस

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के प्रबंधक की पिटाई से घायल कक्षा दो के छात्र का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। बच्चे को तेज बुखार व दस्त कम नहीं हो रही थी। शनिवार को दोपहर में पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपी प्रबंधक के खिलाफ मारपीट, धमकी के साथ ही अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परसिया निवासी रामललित का 13 वर्षीय पुत्र श्रवन निषाद पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया में श्रीमती सरस्वती देवी एजुकेशनल में कक्षा दो में पढ़ता है।

बच्चे की मां सुमित्रा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि स्कूल के प्रबंधक राजेश सिंह ने उसके बच्चे की 13 सितंबर की दोपहर में सरिया तोड़ने और पढ़ाई नहीं करने का आरोप लगाकर पिटाई कर दी। ब्यूरो

# चेयरमैन प्रतिनिधि व ईओ को दी धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

## बड़हलगंज के बेड़ली के सभासद पंकज पर लगाया आरोप, केस दर्ज

बड़हलगंज। बड़हलगंज क्षेत्र की विस्तारित नगर पंचायत के वार्ड बेड़ली निवासी सभासद पंकज यादव के खिलाफ नगर पंचायत बड़हलगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व ईओ शिवकुमार ने अपशब्द व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ईओ की तहरीर पर धमकी देने, एससी/एसटी एक्ट दर्ज किया है। वहीं, चेयरमैन प्रतिनिधि की तहरीर पर भी केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि शनिवार को मेरे मोबाइल फोन पर बेड़ली के सभासद पंकज यादव ने अपशब्द बोलते हुए जानमाल की धमकी दी। इसके पूर्व शुक्रवार को सभासद ने ईओ शिवकुमार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान-माल की धमकी दी थी। महेश उमर ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को दे दी गई है।

बताते चलें कि दो माह पूर्व भी दो व्यक्तियों ने नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारियों से मारपीट व चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर से बदसलूकी की थी। इसपर पुलिस ने उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने कहा कि रिकॉर्डिंग मिली है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुलरिहा (गोरखपुर)।** गुलरिहा इलाके के एक मोहल्ले की 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपी की पहचान बिहार के गोपालगंज के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के बंजरिया निवसी शुभम उर्फ पप्पू मिश्रा के रूप में हुई है। ब्यूरो

# फ्रेंचाइजी के नाम पर जालसाजी, केस दर्ज

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के सरैया के रहने वाले शिवसागर से फ्रेंचाइजी के नाम पर जालसाजी का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर दो आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शिवसागर ने बताया कि उसकी फेसबुक आईडी पर विज्ञापन आया। इसमें टाटा एक एमजी का फ्रेंचाइजी देने का दावा किया गया। क्लिक करने पर पूरी डिटेल मांगी गई। नाम, पता, ईमेल आईडी मांगी गई। उधर से मयंक नामक व्यक्ति का फोन आया। वह खुद को टाटा एक एमजी का रिलेशनशिप मैनेजर बता रहा था। बात करने के बाद मयंक ने शिवसागर को मेल पर एक फॉर्म भेजा। ब्यूरो

# भूमाफिया कमलेश, उसके साथी पर तीन और केस

## अब तक 13 लोग जमीन के नाम पर जालसाजी का दर्ज करा चुके हैं केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स थाने में भूमाफिया कमलेश यादव और उसके सहयोगियों पर रविवार को तीन केस एक साथ दर्ज किए गए। वर्तमान में कमलेश जेल में है। पुलिस अलग-अलग तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

वहीं, अब तक कमलेश पर 13 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दस पहले ही दर्ज हुए थे। पुलिस जल्द इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है ताकि, गैंगस्टर का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा सके।

जानकारी के मुताबिक, अयोध्या के मूल निवासी बिल्कीस खान को कमलेश ने सीलिंग की जमीन बेच दी थी। बिल्कीस का कहना है कि नंदानगर में वह रहते हैं। जमीन की जरूरत होने पर कमलेश यादव और अजय शर्मा की मदद से जमीन ली थी। जमीन का बैनामा भी इन लोगों ने करा दिया और 14 लाख रुपये ले लिए। बाद में खारिज दाखिल की मांग करने पर टालने लगे। जांच के दौरान पता चला कि जमीन सीलिंग की है।

### वर्तमान में जेल में है कमलेश और उसका साथी, कई और नाम सामने आए

> पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन और केस दर्ज कर लिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

बिहार के गोपालगंज की रहने वाली सुमन देवी पत्नी सुदामा चौबे ने भी कमलेश, दीनानाथ और शमशाद अली पर केस दर्ज कराया है। सुमन का कहना है कि जमीन लेने के लिए कमलेश यादव से सहयोग मांगी।

अन्य लोग भी उसके साथ मिले। शीतलाई आईटीआई के पास जमीन दिखाई गई। बैनामा के समय स्टांप सहित कुल 58 लाख 75 हजार रुपये भेज दिए गए। बाद में पता चला कि जमीन सिलिंग की है। रुपये वापस मांगने पर कई बार दौड़ाया गया, लेकिन कुछ नहीं हो सका।

तीसरा केस कुशीनगर के तमकुहीराज के मीर बहार दीपावली सिंह पत्नी सुधीर ने दर्ज कराया है। दीपावली का कहना है कि रुद्रापुर में जमीन दिखाकर उनके साथ जालसाजी की गई है। 2020 में ही सीलिंग की जमीन का बैनामा करा दिया गया, लेकिन खारिज दाखिल नहीं हो पाया।

# बैंक का कनेक्शन काटे जाने पर तीन अफसर निलंबित, एसई को चेतावनी

## सुविधा शुल्क प्रकरण : अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई पर कार्रवाई, तीन लाइनमैनों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। आईसीआईसीआई बैंक की मोहद्दीपुर शाखा में सुविधा शुल्क नहीं देने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काटना अभियंताओं पर भारी पड़ा। मामले में पहले एसडीओ और जेई की तहरीर पर तीनों आरोपी लाइनमैनों पर केस दर्ज हुआ।

शाम तक एमडी पूर्वांचल ने पूरे मामले में मोहद्दीपुर खंड के अधिशासी अभियंता वीके चौधरी, एसडीओ नीरज दूबे और अवर अभियंता वीरेंद्र को पर्यवेक्षणीय काम में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता शहरी लोकेंद्र बहादुर सिंह को चेतावनी देते हुए आरोप पत्र जारी किया गया है। इस कार्रवाई से बिजली निगम में हड़कंप मच गया है।

मोहद्दीपुर में आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा खुली है। बैंक प्रबंधन की तरफ से वेंडर कबीर खान ने 15 किलोवाट के बिजली कनेक्शन का आवेदन किया था। जांच-पड़ताल के बाद क्षेत्र के एसडीओ व जेई ने अपनी रिपोर्ट लगाकर नगरीय वितरण खंड तृतीय के एक्सईएन कार्यालय भेज दी।

वहां से स्वीकृति मिलने के बाद बैंक ने 29 अगस्त को कनेक्शन फीस के मद में 20,848 रुपये जमा कर दिए। उसके बाद बैंक शाखा के जिम्मेदार कनेक्शन व मीटर लगने का इंतजार करने लगे।

वेंडर कबीर खान ने बताया कि रुपये जमा करने के बाद भी कनेक्शन जोड़ने में विलंब हो रहा था। अभियंताओं से जाकर कनेक्शन फीस, मीटर फीस और अन्य दस्तावेजों को दिखाकर कनेक्शन लगाने के लिए अनुरोध किया गया। अभियंताओं की सलाह पर बैंक के वेंडर ने सीधे परीक्षण खंड उपखंडीय कार्यालय में संपर्क कर मीटर लगाने की बात कही।

परीक्षण खंड का निजी कर्मचारी 14 सितंबर की शाम 5 बजे मीटर लगाने पहुंचा। उसने मीटर की टेस्टिंग करवाने के बाद परिसर में ही मीटर टांग दिया। इसके बाद बिजली विभाग की ओर से आए लाइनमैन ने बिजली के खंभे से पहले लाइन जोड़ दी और सुविधा शुल्क की मांग की। उसे सुविधा शुल्क दे दिया गया लेकिन उसकी मांग ज्यादा थी। मनमाना सुविधा शुल्क नहीं मिलने पर उसने दोबारा कनेक्शन को काट दिया।

कनेक्शन काटने का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। मामले को संज्ञान में लेकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के एमडी ने रविवार को ही देर शाम मोहद्दीपुर उपकेंद्र के एक्सईन, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। जबकि तीनों लाइनमैन रामानंद, बालकृष्ण और वेद प्रकाश पांडेय के खिलाफ कैंट थाने में केस दर्ज करवाया गया है।




**देर शाम तक सभी अभियंताओं पर एमडी की तरफ से निलंबन की कार्रवाई की गई**

### जुलाई में आवेदन किया सितंबर में कनेक्शन लगा

बैंक के कनेक्शन में पहले दिन से ही नियमों की अनदेखी की गई। 11 जुलाई 2023 को बैंक की तरफ से आवेदन किया गया था। इसी बीच कनेक्शन को लेकर एक सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंता मोहद्दीपुर को फोन कर कनेक्शन शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। एक्सईन की तरफ से जेई को फोन कर तकनीकी भौतिकी परीक्षण जारी करने के लिए कहा। जेई की तरफ से 18 तारीख को रिपोर्ट दे दी गई।

सुविधा शुल्क लेने की बात ही निगम के आचरण प्रणाली के खिलाफ है। इससे निगम की छवि धूमिल हुई है। आरोप लगते ही मामले की जांच करवाई गई। इसमें दोषी पाए गए तीनों अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। संविदाकर्मियों पर केस दर्ज करवाया गया है। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता शहरी को भी चार्जशीट दी गई है।
**- शंभू कुमार**, एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम

### रुपये देने के बाद भी कनेक्शन कटवा दिए, ये गलत किया

बिजली कनेक्शन लेने गए बैंक के अधिकृत वेंडर कबीर खान ने बताया कि कनेक्शन के आवेदन से लेकर स्वीकृत किए जाने तक सारे काम नियमानुसार हुए। कनेक्शन जोड़ने आए लाइनमैनों ने सुविधा शुल्क की मांग की। दो हजार रुपये मांग रहे थे उसे 500 रुपये दिलवा दिए। फिर भी 15 मिनट बाद आकर उसने कनेक्शन काट दिया। किसी ने यह सूचना कनेक्शन काटने के दौरान ही फोन पर दी और वीडियो बनाने की सलाह भी दी। कनेक्शन काटने का वीडियो बनाने के बाद ही कार्रवाई संभव हो सकी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि लाइनमैन खंभे पर चढ़कर बिजली काट रहे हैं।



मोहद्दीपुर बैंक के सामने बिजली के खंभे से लाइन काटते लाइनमैन। संवाद

### इनपर हुई कार्रवाई

- वीके चौधरी (एक्सईन) निलंबित, प्रबंध निदेशक कार्यालय से संबद्ध
- नीरज दूबे (एसडीओ) - मुख्य अभियंता बस्ती कार्यालय से संबद्ध
- जेई (वीरेंद्र कुमार) - आजमगढ़ मुख्य अभियंता कार्यालय से संबद्ध

स्वस्थ पेशे की बीमार तस्वीर

# खेल खुला तो नौकरी से हटाए गए सरकारी एंबुलेंस के दो कर्मी

## एंबुलेंस माफिया : बीआरडी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को पकड़े गए थे चालक और ईएमटी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज कैंपस में एंबुलेंस खड़ी करके एक मरीज के तीमारदार से सांठगांठ के आरोप में पकड़े जाने पर चालक व ईएमटी की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। दोनों को कॉलेज के सीएमएस ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्र की शिकायत पर गोरखपुर जिले के प्रोग्रामिंग मैनेजर अनुराग श्रीवास्तव ने 24 घंटे के भीतर दोनों एंबुलेंस कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की अपराह्न तीन बजे कैंपियरगंज सीएचसी से एक मरीज लेकर सरकारी एंबुलेंस का ड्राइवर राकेश गुप्ता और ईएमटी सुरेश मेडिकल कालेज आए थे। मेडिकल कॉलेज कैंपस में मुख्य गेट के पास वे एक मरीज के तीमारदार से बात कर रहे थे। इसी दौरान मेडिकल कॉलेज के नेहरू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पहुंचे और दोनों से पूछताछ की।

मेडिकल कॉलेज से मरीजों को प्राइवेट अस्पताल भेजने वालों का नेटवर्क चल रहा है। इन दोनों से पूछताछ में भी मरीज को किसी अन्य प्राइवेट अस्पताल भेजने की बात सामने आई थी। इसके बाद सीएमएस ने चालक व ईएमटी को पकड़वाकर मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी को सौंप दिया। मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि वे लोग लखनऊ रेफर किए गए मरीजों के तीमारदारों से सेटिंग करते हैं और रास्ते में सुनसान जगह देखकर प्राइवेट अस्पताल के एंबुलेंस में शिफ्ट कर देते हैं। इसके बदले अपनी कमाई कर लेते हैं।

पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आने के बाद चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्र ने इस मामले की जानकारी सरकारी एंबुलेंस के हेड ऑफिस को दी थी। यह मामला सरकारी एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी के नोडल अधिकारी लखनऊ शशांक त्रिपाठी तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

गोरखपुर जिले के सरकारी एंबुलेंस के प्रोग्रामिंग मैनेजर अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर एंबुलेंस चालक व ईएमटी को निष्कासित कर दिया गया है। आगे भी किसी एंबुलेंस कर्मी के खिलाफ कोई शिकायत मिलेगी तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।



### बीआरडी के सीएमएस ने मरीज दूसरे अस्पताल भेजने के संदेह में पकड़ा था दोनों को


सरकारी एंबुलेंस से मरीज की खरीद फरोख्त की कोशिश, दो पकड़े गए

16 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## मरीज-माफिया अभी पकड़ से दूर पुलिस शिकंजा कसने की तैयारी में

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों की खरीद-फरोख्त का धंधा बेखौफ चल रहा है। पुलिस ने धरपकड़ तेज की तो अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी हरकत में आया है।

परिसर में मरीज को निजी अस्पताल में पहुंचाने के लिए तीमारदार को झांसा देते पकड़े गए सरकारी एंबुलेंस के दो संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त हो गई है। इससे बीआरडी परिसर में हड़कंप मच गया है, लेकिन अभी भी मरीज-एंबुलेंस माफिया पकड़ से दूर हैं। पुलिस अब उन पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है।

मेडिकल कॉलेज परिसर में घूम रहे दलाल अक्सर ही मजबूर मरीजों के तीमारदार को बहकाकर उन्हें निजी अस्पताल भेज देते हैं। इस धंधे को रोकने के लिए पुलिस ने अपनी ओर से आठ सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, इसी की मदद से पुलिस कार्रवाई कर रही है और एंबुलेंस को सीज भी किया जा रहा है। पहली बार मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एक मामला पकड़ा है। पुलिस की जांच में प्राइवेट एंबुलेंस-मरीज माफिया के गठजोड़ उजागर होने के साथ ही एक-एक कड़ी खुलकर सामने आई।

दरअसल, पुलिस की जांच में सामने आया है कि मरीजों को बेहतर इलाज के नाम पर मेडिकल कॉलेज से बेचा जा रहा है। इस धंधे में शामिल लोग लग्जरी कार और कोठी के मालिक भी बन गए हैं। पुलिस अब सभी माफिया के बारे में सूचनाएं जुटा रही है।

### निगरानी सिस्टम को रोज धता बता रहे माफिया, चल रही इनकी मनमानी


बीआरडी : मरीज की खरीद-फरोख्त करने आई प्राइवेट एंबुलेंस फिर सीज

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

# छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर मिलेंगे यमराज

## सीएम ने कहा-विकास में बैरियर बनने वालों को बेनकाब कर रही प्रदेश सरकार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून संरक्षण के लिए है, लेकिन उसे बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाजत किसी को नहीं है। यदि किसी ने बहन-बेटियों के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार यमराज कर रहे होंगे।

सीएम योगी रविवार को मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में 343 करोड़ की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकास व जनकल्याण के लिए सुदृढ़ कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम ने कहा कि सरकार सभी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित व समर्पित है। यदि नागरिक भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे, तो विकास कार्यों में बैरियर बनने वाले स्वतः बेनकाब होते दिखेंगे। ब्यूरो



343 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं की दी सौगात

### आज 900 करोड़ के निवेश को मिलेगी जमीन

गोरखपुर। सीएम सोमवार को गीडा में प्लास्टिक पाइप फैक्टरी का उद्घाटन करने के अलावा 97 निवेशकों को भूखंडों के आवंटन का प्रमाणपत्र सौंपेंगे। इससे 900 करोड़ के निवेश की स्थापना का रास्ता साफ होगा। >> विस्तृत पेज 4 पर

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-09-2023

# रुद्रपुर के एसडीएम बने योगेश कुमार

रुद्रपुर(एसएनबी)। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा किये गये तबादला में एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी को देवरिया सदर का एसडीएम बनाया गया है। वहीं रुद्रपुर तहसील के एसडीएम का चार्ज योगेश कुमार को दिया गया है।

# आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत

भाटपार रानी(एसएनबी)। नेहरू इंटर कालेज फुलवरिया बंगरुआ के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय की तहरीर पर तिरंगा यात्रा के दौरान एक व्यक्ति द्वारा स्कूली बच्चों का फोटो लगाकर अश्लील गाने का फोटो वायरल करने पर पुलिस ने शनिवार की देर रात आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रधानाचार्य ने 11 सितंबर को घटना की नामजद तहरीर थानाध्यक्ष को दी थी। दर्ज प्राथमिकी में प्रधानाचार्य अभिषेक पांडेय ने कहा है कि अमृत काल महोत्सव के दौरान 13 अगस्त 2023 को विद्यालय द्वारा शासनादेश के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। आरोपी मिथिलेश कुमार गुप्ता निवासी मिश्रौली घाट थाना श्रीरामपुर द्वारा देशभक्ति की भावना को आहत करते हुए विद्यालय के बच्चों व प्रधानाचार्य का फोटो लगाकर अपमानजनक एक अश्लील गीत का प्रयोग कर इस्टाग्राम ऐप पर फर्जी आईडी बनाकर वायरल कर दिया गया है। जिससे देशभक्ति की भावना को ठेस तथा विद्यालय की छवि धूमिल हो रही है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बतायां है कि उक्त आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की विवेचना की जा रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो गायों की मौत

सलेमपुर(एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वा मिश्र में आज दोपहर आकाशीय बिजली तेज आवाज के साथ गिरने से बृजभान यादव पुत्र श्याम बिहारी यादव की दो गायों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बिजली गिरने के कारण दोनो गाये बुरी तरह से झुलस गई थी दोनो गायों की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जाती है।

# डीजे बजाते टैक्टर टाली सहित 10 गाडियां सीज

भटनी(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के इमिलिया गाँव में एक सार्वजनिक स्थान पर युवको द्वारा ट्रैक्टर के ट्राली पर डीजे रखकर 9 बाईक सजाकर तेज ध्वनि मे डीजे बजा रहे थे जिसकी सूचना किसी ने थाने पर दे दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष डाँ महेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर 9 मोटरसाइकिल एक ट्रैक्टर ट्राली के साथ युवको को थाने लायी। पुलिस ने 10 गाड़ियो में एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दी और लड़कों को उनके परिजनों को सौप दिया।

# बाइक चोरी करते पकड़ा गया चोर

भटनी(एसएनबी)। भटनी थाना क्षेत्र के घाटी बाजार में बाइक चोरी करते दो चोरों को लोगों ने पकड़ा। चोरों को पकड़ लोगों ने घाटी पुलिस चौकी पर फोन कर पुलिस को सुचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस चोरों को अपने कब्जे में लेकर पुलिस अपने साथ पुलिस चौकी पर चली गई। चौकी सिपाही राय साहब वर्मा ने बताया कि चोरी करने वाले प्रिंस माली ग्राम छपिया थाना खामपार, विशाल यादव बिहार के रूप में पहचान हुआ है, चोरों ने बताया कि हम लोगो के साथ एक और लड़का था जिसका नाम क्रांति निवासी बिहार बता रहे हैं जिसका खोजबिन किया जा रहा है। चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि इन चोरों का एक बड़ा गिरोह है जिसका पता इन लोगों द्वारा लगाया जाएगा और जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

भटनी थाना क्षेत्र के घाँटी बाजार मे सरेआम एक युवक सब्जी मण्डी से एक बाईक चुराने का प्रयास किया। संयोग ही रहा की बाईक स्वामी की निगाह बाईक पर पडी और शोर मचाने पर बाजार के लोगो ने पकड कर पुलिस को सौप दिया। पुलिस अभी चौकी पहुँची ही थी कि बाजार के मुख्य मार्ग पर स्थित एक किराना के दूकानदार की बाईक चोर उठा ले गये। पुलिस पकडे गये चोरो को केन्द्र बिंदु मानकर पर्दाफाश करने मे लगी है सम्भावना है कि मामले का खुलासा पुलिस एक दो दिन कर देगी।

# तीन के विरूद्ध केस दर्ज

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा दस की छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामलें में पुलिस ने छात्रा की नामजद तहरीर पर केस दर्ज कर ली है। पुलिस को दिए तहरीर में छात्रा ने तीन लड़को पर कोचिंग से आते जाते समय छेड़खानी व साइकिल रोक कर बदतमीजी करने का आरोप लगाया गया है।

# बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज, चोर गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। महुआ डीह थाना क्षेत्र केकोटवा गांव के एक घर से हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पर रविवार को केस दर्ज कर लिया। शनिवार को ही बाइक के साथ पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 10 से अधिक उसके साथियों को हिरासत में लेकर हेतिमपुर चौकी पर रात भर बैठाए रखा। रविवार को उसके अन्य साथियों को छोड़ दिया गया। महुआडीह थानाक्षेत्र के कोटवा गांव निवासी छेदी प्रसाद शुक्रवार की रात को अपनी बाइक अपने घर के बरामदे में खड़ी किए थे। शनिवार की सुबह परिवार के लोग जब सोकर उठे तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। छेदी प्रसाद के पुत्र ओमप्रकाश ने हेतिमपुर चौकी प्रभारी को मामले में तहरीर दी। उधर कुशीनगर के सुकरौली चौराहा के पास बाइक लेकर भाग रहा कोटवा गांव का ही रहने वाला नाबालिग चोर बाइक में तेल समाप्त होने की वजह से फंस गया। जानकारी के अनुसार चोर के पिता ने उसे चोरी को लेकर डांटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक के साथ चोर को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने चोरी स्वीकार कर लिया। साथ ही इस कार्य में शामिल अपने कुछ और स्थानीय साथियों का नाम भी पुलिस को बता दिया। उसके बाद पुलिस ने उसके 10 से अधिक साथियों को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों को इससे बाइक चोरों के एक बड़े गिरोह के खुलासे की उम्मीद थी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। रविवार को पुलिस ने केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# 50 लाख की देशी शराब हुई नष्ट

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली में विगत 8 वर्षों से वर्ष 2015 से, 2023 तक 59 मुकदमों में विभिन्न जगहों पर देशी शराब को बरामद करके रखा गया था। जहां लगभग 50 लाख रुपये के अरुणांचल, हरियाणा व अन्य प्रदेश से निर्मित क्रेजी रोमियो व क्रेता देशी शराब रुद्रपुर कोतवाली में जब्त किया गया था। जो 1610 पेटी लगभग 14 हजार लीटर शराब को जेसीबी मशीन से कुचलवाकर नष्ट किया गया। कोतवाल नवीन कुमार सिंह ने कहा कि आगे भी ऐसे रखे गये कच्ची शराब को भी नष्ट करवाया जायेगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जिलाजीत, तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्रा, कोतवाल नवीन कुमार सिंह, हेड मुहर्रि अशोक कुमार मिश्रा, शिवनाथ सिंह सिसौदिया व अन्य पुलिस के कर्मी मौके पर उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्ट का अभ्युक्त गिरफ्तार

बघौचघाट (एसएनबी)। फरार चल रहे पाक्सो एक्ट में निरुद्ध अभ्युक्त को मुकामी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। उप निरीक्षक लालजी अभियुक्त की खोज में देवरिया धूस चौराहे पर थे तभी मुखबीर द्वारा सूचना मिली की वांछित अभियुक्त देवरिया बस स्टेंड गेट के पास मौजूद है। हमराहियों के साथ सब इंस्पेक्टर ने अभियुक्त को घेर कर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गौरीबाजार थानातंर्गत ग्राम चरियाव बुजुर्ग का निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामभुवन निपाद है जिसके खिलाफ आईपीसी की धारा 363 एवम 354 तथा पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 में स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि वांछित अभ्युक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में पेश किया गया है।



रविवार को रुद्रपुर कोतवाली में 50 लाख की अवैध शराब को नष्ट कराती रुद्रपुर कोतवाली पुलिस। ● हिन्दुस्तान

# 50 लाख की अवैध शराब बुलडोजर से की गई नष्ट

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। 50 लाख से अधिक कीमत के अवैध शराब को बुलडोजर से नष्ट कराया गया। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर रविवार को किया।

रुद्रपुर कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग ने अलग अलग स्थानों से अवैध शराब को बरामद किया था। जिसमें सबसे अधिक बिहार भेजी जा रही हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब थे। जबकि देशी और कच्ची शराब के साथ उपकरण भी बरामद किए थे। इसमें पुलिस ने अलग अगल 59 मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय के आदेश पर व सीओ रुद्रपुर जिलाजीत चौधरी और तहसीलदार के निर्देशन में रविवार को प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने शराब और उपकरण पर बुलडोजर चलवा दिया। रविवार को रुद्रपुर कोतवाली परिसर में जब शराब के ऊपर बुलडोजर चल रहा था, उस समय लोगों की भीड़ जुट गई थी।

# प्रेमी समेत तीन के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया**: बरहज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में फंदे से लटके मिले युवती के शव के मामले में नया मोड़ आ गया है। शनिवार की रात बरहज पुलिस ने प्रेमी समेत तीन के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। अब पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

पांच सितंबर को गांव की एक युवती का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया था। इस मामले में युवती की मां ने बरहज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि युवती का रुच्चापार गांव के रहने वाले विशाल से बातचीत थी। दोनों की बातचीत व नजदीकियां विशाल के पिता सुमेर व चाचा कुबेर को अच्छी नहीं लगती थी। कई बार दोनों ने युवती को डांटा था और सुधरने को बोला था। बाद में वह कहने लगे कि तुम्हारी इज्जत की धज्जी उड़ा देंगे और पूरे गांव व क्षेत्र में प्रचार करेंगे। युवती ने इनके कारनामों से आहत होकर फंदा लगाकर जान दे दी। इस मामले में पुलिस ने प्रेमी विशाल, सुमेर व कुबेर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बच्चों की फोटो लगा अश्लील गीत किया वायरल, केस दर्ज

भाटपाररानी। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के नेहरू इंटर कॉलेज फुलवरिया बंगरुआ के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय की तहरीर पर तिरंगा यात्रा के दौरान एक व्यक्ति द्वारा स्कूली बच्चों का फोटो लगाकर अश्लील गाने का फोटो वायरल करने पर पुलिस ने शनिवार की देर रात आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रधानाचार्य ने 11 सितंबर को घटना की नामजद तहरीर थाना अध्यक्ष को दी थी। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रधानाचार्य अभिषेक पांडेय ने कहा है कि अमृत काल महोत्सव के दौरान 13 अगस्त 2023 को विद्यालय द्वारा शासनादेश के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था।

आरोपी मिथिलेश कुमार गुप्ता निवासी मिश्रौली घाट थाना श्रीरामपुर द्वारा देशभक्ति की भावना को आहत करते हुए विद्यालय के बच्चों व प्रधानाचार्य का फोटो लगाकर अपमानजनक एक अश्लील गीत का प्रयोग कर इंटीग्राम ऐप पर फर्जी आईडी बनाकर वायरल कर दिया गया है । जिससे देशभक्ति की भावना को ठेस तथा विद्यालय की छवि धूमिल हो रही है।

## जन्मदिन मना रहे युवकों को पुलिस ने उठाया

भटनी। क्षेत्र के बंधुनाथ इंटर कालेज के पास खाली मैदान में जन्मदिन मना रहे एड दर्जन से अधिक युवकों को डीजे सहित पुलिस ने उठा लिया। अचानक पुलिस को देख युवक मौके से फरार हो गए । पुलिस ने दो पहिया वाहनों को ट्रैक्टर ट्राली से लादकर थाने ले आई। दरोगा विनय कुमार सिंह तथा अंकित सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके से 9 बाइक को ट्रैक्टर ट्राली से थाने ले आई। पकड़े गए युवकों को पुलिस ने उनके अभिभावक को बुलाकर छोड़ दिया तथा सभी बाइक को सीज कर दिया गया।

## दो पर मारपीट का केस दर्ज

खुखुन्दू। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने दो लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने राजेश यादव की तहरीर पर टुनटुन यादव एवं अखिलेश यादव पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

# चोरी की बाइक के साथ किशोर को दबोचा

महुआडीह। चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने एक किशोर को दबोच लिया। कोटवा गांव निवासी ओमप्रकाश की बाइक15 सितंबर की देर रात गांव का ही एक किशोर चुरा ले गया था। पीड़ीत ने इस मामलें को लेकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को राष्टीय राजमार्ग संख्या 28 हेतिमपुर तिराहे के समीप से बाइक के साथ पकड़ लिया । मामले में थानाध्यक्ष गिरीश चंद्र राय ने बताया की एक बालअपचारी को एक बाइक के साथ गिरप्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 200/23 धारा संख्या 379 ,411 के तहत केस दर्ज कर रविवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

मारपीट के मामले में एक पक्षीय कार्रवाई पर सलेमपुर के कोतवाल हुए सस्पेंड

# कोतवाल, दरोगा समेत चार हुए निलंबित

**कार्रवाई**

देवरिया, निज संवाददाता। भूमि विवाद के एक मामले में कोतवाल और हेड मोहर्रिर एक पक्षीय कार्रवाई कर रहे थे। इसके साथ ही एक महिला और उसके पति के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर दिया। मामले की शिकायत हुई तो एसपी ने खुद जांच किया। जांच में दोषी मिलने पर उन्होंने सलेमपुर के कोतवाल और हेड मोहर्रिर को निलम्बित कर दिया। वहीं यातायात विभाग के दरोगा और कांस्टेबल को ड्यूटी प्वाइंट से गायब होने पर एसपी ने सस्पेंड कर दिया है। निलंबित किए गए चारो पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसवाँ दीक्षित गांव के रहने वाले कृष्ण कांत त्रिपाठी के परिवार का गांव के रामनिवास तिवारी के परिवार के साथ 22 मार्च को मारपीट हुई थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं किया। इस पर पूर्व सैनिक रामनिवास तिवारी ने मामले में न्यायालय से गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर 9 मई को सलेमपुर कोतवाली में कृष्णकांत त्रिपाठी समेत आठ लोगों के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इस मामले में आरोपी कृष्णकांत त्रिपाठी ने खुद को पीड़ित बताते हुए कोतवाली में केस दर्ज करने के लिए तहरीर दिया था लेकिन कोतवाल ने उनकी तरफ से मुकदमा दर्ज नहीं किया। यही नहीं कृष्णकांत त्रिपाठी और सोनू त्रिपाठी को उनकी पत्नी दर्शाते हुए दोनों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी कर दी गई। जबकि मारपीट में पूर्व में दर्ज मुकदमे में कृष्णकांत की पत्नी का नाम ही नहीं था। कृष्णकांत त्रिपाठी ने एडीजी अखिल कुमार से मामले की शिकायत की।

उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी संकल्प शर्मा से तीन दिनों में जांच कर आख्या मांगी। मामले में शनिवार को एसपी ने थाने पर पहुंच कर इसकी जांच किया तो महिला पर गुंडा एक्ट कर कार्रवाई गलत पाया। इस पर उन्होंने कोतवाल गोपाल पाण्डेय और हेड मोहर्रिर सुनील कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। दोनों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।



- ड्यूटी स्थल से गायब मिलने पर यातायात के दरोगा और कांस्टेबल पर हुई कार्रवाई
- महिला पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई बनी कोतवाल व मोहर्रिर के गले की फांस

**ड्यूटी स्थल से गायब दरोगा व कांस्टेबल निलंबित**

शहर में यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए एसपी ने एक दर्जन से अधिक दरोगा और पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। उन्होंने पिछले दिनों शहर में यातायात कर्मियों के ड्यूटी प्वाइंट की चेकिंग कराया। जिसमे दरोगा रमेश चन्द्र राय अपने ड्यूटी स्थल पर नहीं थे। वह ड्यूटी स्थल को छोड़ कर अन्य स्थान पर मौजूद मिले। वहीं कांस्टेबल अनुज प्रकाश भी ड्यूटी स्थल से गायब थे। इस पर एसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया।

" ड्यूटी में लापरवाही पर कोतवाल समेत चार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। सलेमपुर के कोतवाल के खिलाफ लगातार कई शिकायतें मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई तो आरोप सही मिला। इस पर उन्हें और हेड मोहर्रिर को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा यातायात ड्यूटी में लापरवाही पर दरोगा व कांस्टेल को निलंबित किया गया है। चारो को पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है। **संकल्प शर्मा**, एसपी देवरिया।

# कोचिंग पढ़कर लौट रही छात्रा से छेड़खानी, तीन पर मुकदमा

**जासं, देवरिया:** कोचिंग पढ़कर लौट रही छात्रा के साथ तीन युवकों ने अश्लील हरकत की। इस मामले में पुलिस ने शनिवार की रात तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी कक्षा दस की छात्रा है और वह कोचिंग पढ़ने के लिए हर दिन जाती है। किशोरी का कहना है कि जब वह पढ़ने के लिए जाती है तो तीन युवक उसके साथ अश्लील हरकत करते हैं। दो दिन पहले उसकी साइकिल रोक ली और आरोपितों ने अश्लील हरकत की। इस मामले में पुलिस ने आरोपित अभिषेक यादव, अभिषेक प्रसाद व रंजन गुप्ता के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर *लिया* जाएगा।

# पुलिस ने छापेमारी कर दो को उठाया

भाटपाररानी। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रह रहे दो युवकों को सलेमपुर पुलिस ने रविवार को श्रीरामपुर पुलिस की सहायता से छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी चोरी के किसी मामले में फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार टोला अहिबरन राय गांव में दो युवक कुछ दिनों से रह रहे थे। इन दोनों युवकों का एक साथी सलेमपुर पुलिस के कब्जे में है। जिसके बताने पर सलेमपुर व श्रीरामपुर की पुलिस ने छापेमारी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ अनिल कुमार ने बताया सलेमपुर पुलिस दो युवक को ले गई है।

# तीन पर हत्या व प्रताड़ना का मुकदमा

- एकौना थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव की घटना
- 14 को विवाहिता का ससुराल में मिला था शव

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने रविवार को एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या और प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया है। एकौना थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में 14 सितम्बर को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला था।

गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मुण्डेरा बाबू गांव के रहने वाले अमित यादव पुत्र स्व.रमेश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्होंने अपनी बहन कुसुम की शादी करीब 13-14 वर्ष पहले एकौना थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के रहने वाले राकेश यादव पुत्र राम बल्लभ यादव के साथ किया था। जिसमें उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया था। उन्होंने कहा है कि कुसुम के घर वाले रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भभौली चौराहा के पास पूर्वी बाइपास पर अपना मकान बनवाए हैं। अमित ने आरोप लगाया है कि राकेश के साथ ही उसके घर के लोग कुसुम को हमेशा प्रताड़ित करते थे। जिसकी जानकारी वह मोबाइल पर मायके में देती रहती थी। उन्होंने तहरीर में कहा है कि 14 सितम्बर की शाम करीब छह बजे उनकी भांजी अष्टम ने फोन करके सूचना दिया कि उसकी मम्मी को लोग मारपीट रहे हैं। जिस पर अमित रिश्तेदारों के साथ भभौली पहुंचा, जहां आसपास के लोगों ने बताया कि सभी लोग धर्मपुर चले गए हैं। जिस पर वह धर्मपुर पहुंचे, जहां उनके बहन कुसुम का शव पड़ा था। अमित ने कहा है कि उनकी बहन के शरीर में चोट के निशान थे। जिस पर उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही कुसुम के ससुराली घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पति राकेश यादव, रीता यादव व बिन्दू पर हत्या और प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज की है।

# चार के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: बनकटा थाना क्षेत्र के अकटहीं बाजार के समीप पांच दिन पहले हुए विवाद के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बनकटा थाना के रघुनाथपुर के रहने वाले बबलू प्रसाद पांच दिन पहले सोहनपुर के रमेश यादव के यहां भोजन करने के बाद अपने घर जा रहे थे, अभी वह अकटही बाजार के समीप पहुंचे थे कि कुछ लोगों ने उन्हें घेर कर पिटाई करनी शुरू कर दी। साथ ही जातिसूचक शब्द का भी प्रयोग किया।

इस मामले में पुलिस ने नोनार पांडेय के रहने वाले नीलेश, सबलू, विशाल व संजीव के विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# करंट से झुलसे राजकीय पक्षी सारस की मौत

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय विकासखंड के मुंडेरा लाला गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से झुलसे प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस की मौत हो गई। गांव पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी ने पक्षी का पोस्टमार्टम किया। अधिकारियों की देखरेख में गांव में पक्षी को दफन कर दिया गया।

गुरुवार की रात मुंडेरा लाल गांव में 11 000 वोल्ट तार की चपेट में आने से पक्षी झुलस गया था। हादसे की जानकारी गांव के ग्राम प्रधान योगेंद्र यादव और रवि शर्मा ने भाजपा नेता अजीत सिंह को दिया। ग्रामीणों ने झुलसे पक्षी को देखकर उसे उठाया और गांव में ले आए। ग्रामीण झुलसे पक्षी की देखभाल करते रहे। शुक्रवार की सुबह पशु चिकित्सक डॉ अशोक त्रिपाठी गांव पहुंचे और पक्षी का इलाज किया। वन विभाग के अधिकारियों ने झुलसे



सारस की मौत के बाद पहुंचे वन विभाग और चिकित्सा विभाग के कर्मचारी।

पक्षी को भाजपा नेता अजीत सिंह की सुपुर्दगी में दे दिया। वह पक्षी को बैकुंठपुर स्थित अपने विद्यालय पर ले आए और उसकी देखभाल शुरू की। रविवार की सुबह इलाज के दौरान ही सारस पक्षी की मौत हो गई। भाजपा नेता मृत पक्षी को लेकर गांव पहुंचे और अधिकारियों को सूचना दिया।

# देवरिया व कुशीनगर में बिजली गिरी, 7 की मौत

देवरिया/कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। बिजली गिरने से देवरिया और कुशीनगर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि बस्ती की एक किशोरी सहित 11 लोग झुलस गए। मृतकों में चार कुशीनगर और तीन देवरिया के थे। वहीं, महराजगंज में डाल गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। हादसे शनिवार रात और रविवार को हुए।

कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में पांस साल का बालक अरुण विश्वकर्मा पुत्र विवेक विश्वकर्मा रविवार को अपनी छत पर खेल रहा था। बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के पचपेड़ा गांव की तीन अधेड़ महिलाएं सुभावती देवी, हदीसुन्निशा और मंजू देवी बकरी चराने गई थीं। बिजली की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई।

वहीं, देवरिया के रुद्रपुर के एकौना क्षेत्र के हड़हा गांव में पंकज यादव (18), बरहज के ग्राम बारादीक्षित में प्राद सोनकर (16) और सलेमपुर क्षेत्र के मझौलीराज स्थित कल्यानी के रहने वाले संदीप यादव (20) की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं 10 लोग झुलस गए।

➤संबंधित खबर P02

## योगी ने शोक जताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवगंतों के परिजनों को तत्काल अनुमन्य राहत राशि वितरित करने और घायलों के समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# पति समेत तीन के विरुद्ध हत्या का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर : उपनगर के पश्चिमी बाइपास के समीप महिला की संदिग्ध हालत में हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन के विरुद्ध हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार की रात कुसुम यादव पत्नी राकेश यादव के संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई थी। गोरखपुर के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव के रहने वाले मृतका के भाई अमित यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि 14 सितम्बर की रात राकेश यादव पुत्र राम बल्लभ यादव, रीता यादव पत्नी अखिलेश यादव और बिंदु यादव पत्नी श्यामदौर यादव ने हमारी बहन को घर के अदंर मारपीट कर मार डाला।

## अश्लील गाना प्रसारित करने पर मुकदमा

भाटपाररानी : नेहरू इंटर कालेज फुलवरिया बंगरुआ के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय की तहरीर पर तिरंगा यात्रा के दौरान एक व्यक्ति द्वारा स्कूली बच्चों का फोटो लगाकर अश्लील गाने का फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही जांच में जुट गई है। आरोपित श्रीरामपुर थाना के मिश्रौलीघाट का रहने वाला मिथिलेश गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। (जासं)

## महिला के साथ छेड़खानी

लार : क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह छत पर छह दिन पहले सो रही थी। इस बीच पड़ोस का रजत राजभर पहुंच गया और उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट भी की।(जासं)

# पुलिस ने दो को उठाया

बनकटा : श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दो युवकों को सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने उठा लिया। दोनों युवक टोला अहिबरन राय के रहने वाले हैं। देर शाम तक सलेमपुर कोतवाली पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही थी। (जासं)

# मारपीट में दो पर मुकदमा

खुखुंदू : क्षेत्र के कोला गांव के रहने वाले राजेश यादव ने दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस मामले में पुलिस ने टुनटुन यादव व अखिलेश यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# पुलिस ने हिरासत में लिया

भटनी : उपनगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से परेशान पुलिस को अहम सुराग हाथ ले गए हैं। पुलिस ने एक शातिर चोर को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस हिरासत में लिए गए चोर के निशानदेही पर छापेमारी कर रही है। (जासं)

## चोरी के दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार

देवरिया : सदर कोतवाली पुलिस ने चीनी मिल मैदान के समीप से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की दो मोबाइलें बरामद की गईं। पूछताछ में उसने अपना नाम सर्वेश दुबे निवासी पुरैनी थाना रामपुर कारखाना बताया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। (जासं)

## छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

पथरदेवा : बघौचघाट थाने की पुलिस ने छेड़खानी व अपहरण के आरोपित धर्मेंद्र कुमार निवासी चरिआंव बुजुर्ग थाना गौरीबाजार को रविवार की सुबह देवरिया धूस के समीप से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहो से जेल भेज दिया गया। (जासं)

## हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार

देवरिया : शहर के कठिनईया के समीप आठ दिन पहले युवक पर हुए हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें दीपक यादव व पवन निवासीगण भटजमुआव थाना सुरौली शामिल हैं। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिए गए। यह भटजमुआव के राहुल राजभर के ऊपर उस समय हमला किए थे, जब वह अपने भाभी को अस्पताल में देखने के बाद घर लौट रहा था। (जासं)

## 10 वाहनों को पुलिस ने किया सीज

भटनी : क्षेत्र के इमिलिया गांव में ट्राली पर डीजे लगाकर कुछ युवक जन्मदिन कार्यक्रम मना रहे थे। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और नौ बाइक तथा एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें सीज कर दिया। (जासं)

# अब अपनों की तरफ घूमी पुलिस की शक की सुई

- बनकटा थाना के सुंदरपार भटवलिया की युवती की मृत्यु का मामला
- बहन, मां समेत कई लोगों से पुलिस कर चुकी है पूछताछ

जासं, देवरिया: बनकटा थाना के सुंदरपार भटवलिया की हुई युवती की हुई मृत्यु के मामले में पुलिस की जांच अब तेज हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिवान से न आने के चलते पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हालांकि पुलिस की शक की सुई अपनों के बीच में ही घूमने लगी है। बहन, मां समेत कई लोगों से पुलिस अभी तक पूछताछ कर रही है। उधर स्वजन पुलिस पर फंसाने के लिए साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं।

गांव की एक युवती का एक सितंबर को बिहार के मैरवा थाना क्षेत्र से रेलवे ट्रैक से शव मिला था। युवती के हाथ-पैर बंधे हुए थे। चार दिन बाद पुलिस ने गांव के पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया और उसी दिन से पुलिस जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच अब अपनों के बीच पहुंच गई है। पुलिस को अंदेशा है कि इस घटना में कुछ अपने भी लोग शामिल हो सकते हैं। इसलिए आए दिन अपनों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि मौत के कारण स्पष्ट करने के लिए अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिवान जनपद से नहीं आया है। जिसके चलते पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि जांच चल रही है। घटना के पर्दाफाश को अब एसओजी भी लगा दी गई है। एक से दो दिनों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# शादी का बना दबाव तो छत से कूद प्रधान के यहां पहुंची युवती

- लार थाना क्षेत्र के एक गांव में रह एक रिश्तेदार के घर रहती है युवती
- ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस, युवती का दर्ज किया बयान
- गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की है रहने वाली

जासं, लार रोड: क्षेत्र के एक गांव में एक रिश्तेदार के यहां रह रही युवती शादी का दबाव बनाने पर रविवार की सुबह छत से कूद कर ग्राम प्रधान के यहां पहुंच गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती का बयान दर्ज किया। साथ ही दोनों पक्षों को थाने लेकर चली गई। युवती ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस इससे इन्कार कर रही है।

गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी पिता ने हरियाणा में तय की थी, हालांकि शादी करने से युवती ने इन्कार कर दिया। दो दिन पहले पिता अपनी बेटी को लेकर एक रिश्तेदार के यहां लेकर आ गया। साथ ही शादी करने की बात कही। उस परिवार के एक युवक को इसके लिए तैयार भी किया गया। युवक को इन दिनों शादी के लिए घर बुला लिया गया है। अब युवती ने शादी करने से इन्कार कर दिया है। बताया जा रहा है कि जबरदस्ती शादी का दबाव बनने पर युवती रविवार की सुबह नाराज हो गई और बाहर न निकलता देख वह छत से कूद कर ग्राम प्रधान के यहां पहुंच गई और आपबीती बताई। पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष के लोगों को थाने लेकर चली गई। युवती ने एक युवक पर गंभीर आरोप भी लगाया है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि युवती की तबीयत खराब चल रही है। यहीं रहती है। युवक पर लगाए गए आरोप गलत हैं। फिलहाल प्रकरण की जांच की जा रही है।

**यह और अन्य खबरें देंखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# कार्य में लापरवाही पर सलेमपुर के कोतवाल व दीवान निलंबित

- रंजिश के मामले में एक महिला पर भी कर दी गई थी 110जी की कार्रवाई
- एडीजी के निर्देश पर एसपी ने कार्रवाई जांच, पुष्टि होने के बाद किए गए निलंबित

जासं, देवरिया: आपसी रंजिश के मामले में 110जी की कार्रवाई महिला के विरुद्ध करना सलेमपुर के कोतवाल को महंगा पड़ गया। एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर कराई गई जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर कोतवाल गोपाल पांडेय व दीवान सुनील यादव को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि अभी सलेमपुर में किसी की तैनाती नहीं की गई है।

सलेमपुर कोतवाली के सिसवा दीक्षित गांव के रामनिवास तिवारी व लाल बिहारी तिवारी के बीच आपसी रंजिश चल रही है। कुछ माह पहले दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद में दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज है। एक माह पहले इस प्रकरण में विवेचना में लापरवाही मिलने पर विवेचक प्रयागदत्त चौबे को भी निलंबित किया गया था।

इस बीच लाल बिहारी पक्ष के पुरुष सदस्यों के साथ ही एक महिला पर भी 110जी की कार्रवाई कर दी गई। नोटिस जारी होने के बाद इसकी भनक संबंधित पक्ष को लगी तो उसने एडीजी के यहां शिकायत की। एएसपी डा. राजेश सोनकर ने प्रकरण की जांच की। प्रकरण में शिकायत की पुष्टि होने के बाद शनिवार की रात एसपी ने कोतवाल व दीवान को निलंबित कर दिया। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि दोनों को इस प्रकरण में निलंबित किया गया है। इसके अलावा कई अन्य शिकायतें भी कोतवाल के विरुद्ध थी। उसमें भी शिकायत की पुष्टि हुई है। निलंबित कर जांच सीओ को सौंपी गई है।

# सीबीआइ जांच की मांग

**मईल:** थाना क्षेत्र के इशारू के शिवशंकर हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। साथ ही दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस बीच शांभवी पीठाधीश्वर एवं शंकराचार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने अब पुलिस की कहानी पर ही सवाल खड़ा किया है। उनका कहना है कि पीड़िता के साथ ही आरोपित का अवैध संबंध जोड़ना गलत है। इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए।

# सीएचसी की जमीन पर अतिक्रमण को तहसीलदार ने रोका

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीन पर अवैध निर्माण को रविवार को तहसीलदार ने रोक दिया। एक दुकानदार अस्पताल परिसर में अपने मकान से सट कर निर्माण करा रहा था। सीएचसी के अधीक्षक की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने काम रोक दिया। अस्पताल की जमीन पर आधा दर्जन लोग अतिक्रमण करके बैठे हैं। चिकित्सकों ने जमीन की पैमाइश कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।

अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने तहसीलदार से शिकायत की कि अस्पताल परिसर से सटे एक व्यापारी का मकान है, वह अस्पताल की जमीन पर जबरन निर्माण करा रहे हैं। तहसीलदार केके मिश्र ने मौके पर पहुंच कर लेखपाल से



सीएचसी में अवैध निर्माण को तहसीलदार ने रोका। संवाद

## अस्पताल की चहारदीवारी तोड़ दुकानदारों ने कर रखा है कब्जा

रिपोर्ट मांगी। परिसर में अतिक्रमण देख तहसीलदार ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य बंद करा दिया। अस्पताल परिसर से सटकर कुछ लोगों ने अस्पताल की जमीन पर कब्जा कर रखा है। अस्पताल के दक्षिणी छोर से मुख्य गेट तक कब्जे से सीएचसी की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। अस्पताल के नाला की जमीन पर दक्षिण की तरफ कब्जे से जल निकासी प्रभावित हो गई है।

तहसीलदार ने नगर लेखपाल को अतिक्रमण के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने अधीक्षक को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। कहा कि सरकारी जमीन पर कब्जा किए लोगों को पैमाइश कराकर बेदखल किया जाएगा।

# चार एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

देवरिया : डीएम अखंड प्रताप सिंह ने रविवार को चार एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। रुद्रपुर के एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी को देवरिया सदर का एसडीएम बनाया गया है। सदर एसडीएम योगेश कुमार गौंड को रुद्रपुर का एसडीएम बनाया गया है। ललितपुर से आए श्याम मणि त्रिपाठी को सलेमपुर का एसडीएम बनाया गया है। यहां तैनात एसडीएम सीमा पांडेय को देवरिया सदर का अतिरिक्त उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। (जासं)

# अश्लील गीत वायरल करने पर केस

भाटपाररानी। तिरंगा यात्रा के दौरान एक व्यक्ति द्वारा स्कूली बच्चों का फोटो लगाकर अश्लील गीत वायरल करने की शिकायत नेहरू इंटर कॉलेज फुलवरिया बंगरुआ के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने पुलिस से की। उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। तहरीर देकर प्रधानाचार्य अभिषेक पांडेय ने बताया कि अमृत महोत्सव के दौरान 13 अगस्त को विद्यालय की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी आरोपी मिथिलेश कुमार गुप्ता निवासी मिश्रौली घाट थाना श्रीरामपुर के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। संवाद

# कोतवाली में नष्ट की गई पचास लाख की शराब

रुद्रपुर। कोतवाली में रविवार को करीब पचास लाख रुपये की अवैध शराब को नष्ट किया गया। विभिन्न जांच और छापा मार कार्रवाई के दौरान बरामद शराब को तहसीलदार की मौजूदगी में जेसीबी से गड्ढा खोदकर नष्ट की गई तहसीलदार केके मिश्र और सीओ जिलाजीत ने बताया कि पुलिस की कई कार्रवाई में बरामद शराब कोतवाली परिसर में रखी गई थी। अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद शराब को नष्ट कर दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक नवीन प्रताप सिंह, शिवबचन, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज, चोर गिरफ्तार

देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के एक घर से हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पर रविवार को केस दर्ज कर लिया। शनिवार को ही बाइक के साथ पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दस से अधिक उसके साथियों को हिरासत में लेकर हेतिमपुर चौकी पर रात भर बैठाए रखा। रविवार को उसके अन्य साथियों को छोड़ दिया। महुआडीह थानाक्षेत्र के कोटवा गांव के रहने वाले छेदी प्रसाद शुक्रवार की रात बाइक अपने घर के बरामदे में खड़ी की थी। संवाद

# अस्पताल की दुर्व्यवस्था देख अधीक्षक पर बिफरे विधायक

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों में फल बांटने गए विधायक जय प्रकाश निषाद अस्पताल की दुर्व्यवस्था देखकर बिफर गए। उन्होंने सीएचसी की दयनीय दशा को लेकर नाराजगी जताई। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. मनोज सिंह को फटकार लगाई।

अस्पताल में उन्हें कोविड वार्ड में लगी ऑक्सीजन पाइप लाइन खराब मिल। पता चला कि चोर एक माह पहले ऑक्सीजन प्लांट की तांबे की पाइप लाइन काट ले गए। अधीक्षक ने चोरी की घटना की सूचना अब तक न पुलिस और न ही विभाग को दी है। मैटरनिटी हॉल के लेबर रूम के नलों से पानी नहीं आ रहा था। भवन में कहीं भी टोंटी से पानी नही आ रहा था। लेबर रूम की स्टाफ नर्सों को प्रसव कराने के लिए बाल्टी में हैंडपंप से पानी भर कर लाना पड़ रहा है। नाराज विधायक ने एमओआईसी की सीएमओ से शिकायत की। उन्होंने कहा कि तांबे की पाइप लाइन चोरी में अस्पताल की मिली भगत लग रही है। घटना के काफी दिन बीतने के बाद एफआईआर न कराने से संदेह बढ़ गया है। उन्होंने अधीक्षक को तत्काल केस दर्ज कराने और एक सप्ताह के अंदर सारी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। विधायक भर्ती मरीजों और प्रसूता में फल वितरित किए। इस दौरान पर ब्लॉक प्रमुख ऊषा पासवान, दिलीप जायसवाल, संगमधर द्विवेदी, राजू गुप्ता, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## चोर काट ले गए ऑक्सीजन प्लांट की तांबे की पाइपलाइन

# तीन युवकों पर छेड़खानी का केस

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को तीन युवकों अभिषेक यादव, अभिषेक प्रसाद व रंजन गुप्ता के खिलाफ छेड़खानी तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। किशोरी का कहना है कि वह एक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है। कई महीनों से तीन युवक रास्ते में उसे जबरन रोक कर उसका हाथ पकड़ लेते हैं और छेड़खानी भी करते रहते हैं। संवाद

# खेल मैदान में डीजे बजाकर बर्थडे पार्टी मना रहे युवकों के वाहन सीज

संवाद न्यूज एजेंसी

## लोगों की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

भटनी। क्षेत्र के एक खेल मैदान में डीजे की तेज आवाज के साथ बर्थडे पार्टी मना रहे युवकों को पुलिस ने रविवार को हिरासत में ले लिया। साथ ही उनकी नौ बाइक, डीजे व ट्रैक्टर -ट्रॉली कब्जे में लेकर सीज कर दी। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की शिकायत पर की गई।

भटनी क्षेत्र के बंधुनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज मायापुर इमिलिया के पास खेल मैदान में कुछ युवक बर्थडे पार्टी मना रहे थे। युवक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदे डीजे पर भोजपुरी गानों पर थिरक रहे थे। डीजे की तेज आवाज आसपास के लोगों को परेशान करने लगी। लोगों ने युवकों को मना भी किया, लेकिन वे नहीं माने। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। वहीं नौ बाइक, ट्रैक्टर-ट्राली और डीजे थाने लाकर सीज कर दिया। बाद में युवकों को डांट फटकार कर उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि बर्थडे पार्टी मना रहे युवक सार्वजनिक जगह पर डीजे तेज आवाज में बजा रहे थे।

विरोध करने पर स्थानीय लोगों से मारपीट पर उतारु हो गए। हिरासत में लिए युवकों को समझा बुझाकर छोड़ दिया गया है।

# मानक दरकिनार, दो-तीन कमरों के मकान में चला रहे अस्पताल

## विभाग की मिलीभगत से कागजों में सत्यापन कर अस्पताल संचालकों को लाइसेंस दिए जा रहे



केस 1

केस 2

केस 3

केस 4

# बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा

भटनी। क्षेत्र के एक चौराहे से पुलिस ने रविवार की शाम बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों पकड़ा। पुलिस दोनों के क्षेत्र में हो रही चोरी में शामिल होने की आशंका जताई है। पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है। भटनी क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी से पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद एसपी ने भी चोरी रोकने और चोरों को गिरफ्तार करने को निर्देश दिए है। ऐसे में भटनी पुलिस बाइक चोरी पर अंकुश और लिफ्टरों को पकड़ने को अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार की शाम घांटी इलाके से पुलिस दो संदिग्ध युवकों हिरासत में लिया। एसओ डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि शक के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है जल्द ही चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। संवाद

# विद्यालय पर लगे आरोपों की बीईओ करेंगे जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। फीस के लिए एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा की पिटाई व धूप में बैठाने की घटना रविवार को पूरे दिन नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। बीईओ ने इस मामले की जांच कर उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

भाटपाररानी नगर के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल की कक्षा तीन में पढ़ने वाली छात्रा को फीस नहीं जमा होने पर स्कूल के प्रबंधक की ओर से पिटाई कर धूप में बैठाकर तीन घंटे तक परीक्षा ली गई थी।

इसकी शिकायत छात्रा के पिता ने डीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों से कर स्कूल के प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। रविवार को नगर क्षेत्र में स्कूल प्रबंधन के इस कृत्य को लेकर खूब चर्चा होती रही। उधर, बीईओ संजीव सिंह ने बताया कि रविवार को अवकाश था। इस संबंध में अभी जांच का कोई आदेश नहीं आया है। आदेश आते ही इस घटना की विधिवत जांच कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

## फीस के लिए छात्रा की पिटाई व धूप में बैठाने का मामला


फीस के लिए कक्षा तीन की छात्रा को पीटा, धूप में बैठाकर ली परीक्षा

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

# छत से कूदकर प्रधान के घर पहुंची किशोरी बोली... ये शादी नहीं हो सकती

## इटहुरा मिश्र गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। इटहुरा मिश्र गांव में रविवार की सुबह ग्राम प्रधान के घर एक किशोरी पहुंची। बताया कि पिता जबरन उसकी शादी कराना चाहते हैं। ये शादी नहीं हो सकती...। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को थाने लेकर पहुंची। इसके बाद पिता व साथ आए व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पूछताछ में गोरखपुर के झंगहा निवासी किशोरी ने बताया कि झाड़फूंक कराने की बात कह उसके पिता व पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति रविवार की सुबह लार थाना क्षेत्र के इटहुरा मिश्र गांव पहुंचा। यहां शादी के लिए किशोरी को एक युवक को दिखाया जाने लगा। आभास होने पर किशोरी ने छोटी उम्र होने की बात कह कर विरोध किया तो उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया।

किशोरी किसी तरह कमरे से भाग निकली और छत से कूदकर ग्राम प्रधान के घर पहुंच गई और सारी बात उन्हें बताई। उसके हाथ में हल्की चोट भी आई है।

गोरखपुर के झंगहा में नाबालिग लड़की परिजनों के साथ रहती है। पड़ोस में लार थाना क्षेत्र के इटहुरा मिश्र गांव का व्यक्ति भी रहता है। नाबालिग लड़की के मुताबिक उसकी तबीयत एक दिन खराब हो गई। इस पर पिता ने प्रेत बाधा होने की बात कही।

इसी बीच पड़ोस के रहने वाले व्यक्ति ने कहा कि इसकी प्रेत बाधा रुद्रपुर के एक मंदिर में दूर हो जाएगी। साथ ही कहा कि ठीक होने के बाद मेरे छोटे भाई से इसकी शादी हो जाएगी। इस पर लड़की का पिता तैयार हो गया। रविवार को प्रेत बाधा दूर कराने के नाम पर व्यक्ति ने लार थाना के इटहुरा मिश्र गांव स्थित अपने घर बुलाया। यहां किशोरी को अपने छोटे भाई को दिखा शादी करने को कहा। लड़की के इन्कार करने उसे तैयार करने की काफी कोशिश की गई।

न मानने पर उसे घर के अंदर बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया गया। मौका पाकर लड़की छत से कूद गई। वह भाग कर ग्राम प्रधान के घर पहुंची और जबरन शादी कराए जाने की जानकारी दी।

मामले की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस लड़की को थाने लेकर पहुंची और पूछताछ कर उसका बयान दर्ज की। कुछ देर बाद पिता व व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। लड़की के पिता ने पुलिस से बताया कि बेटी मानसिक रूप से बीमार है। वह गलत आरोप लगा रही है। वह उसकी प्रेत बाधा दूर कराने के लिए लाया था।

**नाबालिग लड़की ने लगाया छेड़खानी का आरोप :** नाबालिग लड़की ने शादी का दबाव बनाने वाले व्यक्ति पर छेड़खानी का आरोप भी लगाया है। उसने बताया कि उसके साथ अश्लील हरकत की गई है। विरोध करने पर पिटाई भी की गई। वहीं लड़की के पिता ने कहा कि बेटी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। बेबुनियाद आरोप लगा रही है।

नाबालिग लड़की ने बताया कि पिता ने उसकी मर्जी के खिलाफ पहले भी उम्रदराज व्यक्ति से हरियाणा में शादी करने की कोशिश की थी। वहां भी उसने विरोध कर शादी करने से इन्कार कर दिया था।

**गोरखपुर के झंगहा की रहने वाली नाबालिग लड़की को झाड़फूंक कराने के बहाने लेकर पहुंचे थे परिजन**

### दो माह पहले बेची गई थी 11 वर्ष की किशोरी

सलेमपुर। दो माह पहले लार थाना क्षेत्र के एक गांव में 80 हजार रुपये में 11 साल की किशोरी को 48 साल के अधेड़ के हाथों उसके माता-पिता ने 80 हजार रुपये में बेच दिया था। बच्ची स्कूल पहुंची तो मांग में सिंदूर देख शिक्षक अवाक रह गए। इसी बीच स्कूल पहुंची किशोरी की मां ने किशोरी की पिटाई कर दी थी। जिसके बाद किशोरी ने पुलिस को फोन किया था। पुलिस माता-पिता को थाने लेकर पहुंची थी। यहां किशोरी को मुक्त कराया गया। वहीं आरोपितों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की जांच पुलिस कर रही है। संवाद

*पिता के मुताबिक किशोरी मानसिक रूप से बीमार है। उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। प्रेत बाधा दूर कराने के लिए उसे यहां लाया था। लड़की कभी कुछ तो कभी कुछ बयान दे रही है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।*

**- कपिल देव चौधरी**, एसएचओ, लार

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023



पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा में वास्तु के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते पुलिस कर्मी। ● हिन्दुस्तान

# केले की फसल को किया नुकसान

**बेलवा कारखाना।** चौरा खास थाना क्षेत्र के रहसू जनोबीपट्टी निवासी दो सगे भाइयों का शनिवार की रात 10 कट्ठा केले की फसल को काटकर जमीन पर गिरा दिया। इससे दोनों भाइयों का 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पारस कुशवाहा व श्यामदेव कुशवाहा पुत्रगण मनिराज का कसया के गांव कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के टोला फुलवापट्टी में पुस्तैनी खेत है। इसमें दोनों भाइयों ने 22 कट्ठा खेत में केला की फसल लगा रखी है।

# गोवध के आरोप में गिरफ्तार

**पडरौना।** तमकुहीराज थाने की पुलिस ने गोबध के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रंजीत निवासी जौरा मनराखन थाना चौरा खास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दरोगा दीनानाथ यादव व सिपाही अविनाश प्रजापति शामिल रहे।

# शराब लेकर जाने का वीडियो वायरल

**सिसवा नाहर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के तिनफेडिया चौकी के रामपुर बंगरा में देशी शराब भट्ठी से एक नाबालिग द्वारा झोला में शराब लेकर जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। हिन्दुस्तान अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र में नाबालिग भी शराब की तस्करी जुट गये हैं। वायरल हो रहे वीडियो में शराब भट्ठी का मुनीब सभी प्रोटोकॉल को दांव पर रख शराब के काला बाजारी में संलिप्त दिख रहा है। वीडियो में नाबालिग झोले में शराब ले जाते हुये दिख रहा है, जबकि महज एक किमी के दूरी पर तिनफेडिया चौकी पर दो दर्जन पुलिसकर्मी तैनात हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वीडियो वायरल हुआ है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी। तमकुहीराज अबकारी उपनिरक्षक अभिषेक चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

# कुशीनगर व देवरिया में बिजली गिरी, 8 की मौत

कुशीनगर/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। बिजली गिरने से कुशीनगर और देवरिया में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि बस्ती की एक किशोरी सहित 11 लोग झुलस गए। मृतकों में पांच कुशीनगर और तीन देवरिया के थे।

कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में पांस साल का बालक अरुण विश्वकर्मा पुत्र विवेक विश्वकर्मा रविवार को अपनी छत पर खेल रहा था। बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के पचपेड़ा गांव की तीन अधेड़ महिलाएं सुभावती देवी, हदीसुन्निशा और मंजू देवी बकरी चराने गई थीं। बिजली की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई। छापरा दल राय निवासी मिथिलेश उर्फ बिटंडी की भी मौत हो गई।

वहीं, देवरिया के रुद्रपुर के एकौना क्षेत्र के हड़हा गांव में पंकज यादव (18), बरहज के ग्राम बारादीक्षित में प्राद सोनकर (16) और सलेमपुर क्षेत्र के मझौलीराज स्थित कल्यानी के रहने वाले संदीप यादव (20) की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं 10 लोग झुलस गए।

## योगी ने शोक जताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवगंतों के परिजनों को तत्काल अनुमन्य राहत राशि वितरित करने और घायलों के समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

➤ संबंधित खबर P03

# हत्या में शामिल आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**कसया, हिसं।** नगरपालिका परिषद अंतर्गत सपहा रोड पर वार्ड नम्बर 18 पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर में जमीनी विवाद मो लेकर भाई ने अपने सगे भाई को फावड़े से मारकर हत्या कर दी। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने मामले में दो महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्तों को त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तार करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

घटना को लेकर रविवार को सीओ तमकुहीराज जीतेंद्र कालरा व एसएचओ डा. आशुतोष कुमार तिवारी ने हत्याकांड के सबन्ध में प्रेस वार्ता करते हुए घटना मुल्जिमो को पेश करते हुए बताया कि जमीनी विवाद को लेकर राजेंद्र गुप्ता व उसके परिवारजनों द्वारा घर के विवाद को लेकर अपने सग्गे भाई रूदल गुप्ता को फावड़े से मारकर हत्या कर दिया तथा रूदल गुप्ता की पत्नी को ज्ञानती देवी को लहूलुहान कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रूदल गुप्ता को मारने के लिए इन लोगों ने दौड़ाया जो भागकर अपनी जान बचाई। माधुरी की तहरीर पर हत्या, हत्या का प्रयास आदि धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने राजेन्द्र (65 वर्ष), सतीश गुप्ता (27 वर्ष), आरती देवी (60 वर्ष) व रागिनी देवी (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

---

**दुखद** | रामकोला क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर ने कर दी थी पत्नी व बेटी की हत्या, घटना को लेकर गांव में है दहशत, धीरे-धीरे सामान्य हो रहा माहौल

## दूसरे दिन भी पसरा रहा सन्नाटा, आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**हि फॉलोअप**

लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरिब में एक दिन पूर्व झोला छाप डाक्टर ने पत्नी और बेटी की निर्मम हत्या कर दी। घटना के दूसरे दिन रविवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। आरोपी के घर ताला बंद रहा। आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। घटना के बाद गांव के लोगों में बना दहशत का माहौल धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है।

फुलवरिया मगरिब पूरब टोला में एक दिन पूर्व झोला छाप डॉक्टर इंद्रजीत अली ने पत्नी जकीरून नेशा उम्र 48 वर्ष और बेटी रुबीना उम्र 18 वर्ष पर हमेशा शक करता था। इसके कारण परिवार में अक्सर विवाद होता था। विवाद के कारण घर पर भोजन नहीं करता था। मन में परिवार के प्रति उसका हमेशा क्रोध बना रहता था। इसी लेकर शनिवार की सुबह खंती से प्रहार कर पत्नी व बेटी की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। दूसरे दिन उसके घर तथा गांव में सन्नाटा पसरा रहा। उसके घर पर ताला बंद है। कोई डर कर उसके घर की तरफ जाना पसंद नहीं कर रहा है। हत्या को लेकर गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना के दिन गांव के अधिकतर लोग अपनी अपनी मकान का ताला बंद कर गांव छोड़ कर फरार हो गये थे कि पुलिस कहीं शक के आधार पर पकड़ न ले जाये। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल रहा। दूसरे दिन स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। गांव के लोग वापस अपने घर लौट गये हैं। इसके बावजूद गांव में सन्नाटा पसरा है।

### एक साथ मां-बेटी का शव हुआ सुपुर्द ए खाक

हत्या के दूसरे दिन रविवार को मां-बेटी के शव को उसके मायके शिकारपुर जिला महराजगंज में सुपुर्द ए खाक किया गया। एक साथ दो शव को दफनाने के दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। झोलाछाप डॉक्टर इंद्रजीत अली ने पत्नी जकीरून निशा और बेटी रुबीना को मौत के घाट उतार दिया। पोस्टमार्टम के बाद जकीरून निशा के भाई हकीम अली पुत्र छेदी निवासी दरौली शिकारपुर जिला महराजगंज ने शव को ले लिया और घर ले गये। सुबह गांव के कब्रिस्तान में बहन जकीरून निशा और भांजी रुबीना के शव को सुपुर्द ए खाक किया। मां व बहन के अंतिम यात्रा बेटा समसेर भी शामिल हुआ।

### नाती को घर पहुंचा फरार हुआ आरोपी

लक्ष्मीगंज। पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद घटना के दिन नाती को लेकर झोलाछाप डॉक्टर फरार हो गया। उसी दिन डॉक्टर ने नाती को उसी गांव के बाहर पहुंचा कर फरार हो गया। आरोपी डॉक्टर को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन वह पुलिस के पकड़ से दूर है। ग्रामीणों के मुताबिक इंद्रजीत अपनी बड़ी बेटी शाहिदा के बेटे समीर को पढ़ाने के लिए अपने पास रखा था। बताया कि घटना के दिन साइकिल पर अपने नाती समीर पुत्र मेंहदी हसन उम्र सात वर्ष निवासी परसामीर सिंदुरिया जिला महराजगंज को बैठा कर आरोपी इंद्रजीत अली फरार हो गया। पुलिस को शक था कि कहीं ऐसा न हो कि नाती के साथ भी कोई घटना कर दे। इसी लेकर पुलिस को डर बना हुआ था। पुलिस चारों तरफ टीम गठित कर छापेमारी करना शुरू कर दी, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। समीर के गांव तक पुलिस की निगाह बनी हुई थी और वहां पर पुलिस तैनात थी, लेकिन आरोपी पोते को लेकर उसके गांव बैसन से रास्ते होते हुए पहुंचा। उसने नाती को आधा किलोमीटर दूर छोड़ कर वहां से फरार हो गया।

# अभियुक्त गिरफ्तार

पडरौना। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारण्टी विकास चौबे निवासी घोड़ादेउर थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में दरोगा विनोद कुमार सिंह व सिपाही पंकज गोंड शामिल रहे।

# अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**विशुनपुरा।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम माघी कोठिलवा के ध्रुप सिंह टोला में बिक रहे अवैध शराब को लेकर लोगों में आक्रोश है ग्रामीणों ने एसओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। माघी कोठिलवा के ध्रुप सिंह टोला के दर्जनों ग्रामीण थाने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र जटहा बाजार पुलिस को दी। आरोप लगाया कि गांव में चार जगहों पर अवैध शराब बेचा जा रहा है।

---

### पुलिस लाइन में एसपी ने परिवहन शाखा में की पूजा, लोगों ने अपने कारखानों व वाहनों का पूजन किया

# धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**पडरौना, निज संवाददाता।** वास्तु के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को जिले भर में धूमधाम से मनायी गई। विश्वकर्मा मंदिर समेत जिले के प्रतिष्ठानों में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने अपने कारखानों समेत वाहनों की सफाई कर पूजन किया।

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने पुलिस लाइन के परिवहन शाखा में पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कराया। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स उमेश चन्द भट्ट, प्रतिसार निरीक्षक रुपेश कुमार, पीआरओ भूपेंद्र दुबे, प्रभारी निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्वर्णकार एवं सर्राफा संघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा कार्यालय गंगी राम मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान सुरेश स्वर्णकार, अजय गुप्ता, रवि वर्मा, शिवजी सोनी, अमित वर्मा, जयराम सोनी, अरविंद सोनी, राजू जायसवाल, श्याम सोनी, प्रकाश सोनी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, आईटीआई परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन हुआ।

**हाटा में मनी विश्वकर्मा जयंती:** हाटा के पिपराइच मोड़ स्थिति विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा मंदिर व धर्मशाला सेवा संस्थान के अध्यक्ष योगेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में विशेष पूजा के साथ हवन किया गया। न्यू इंडिया शुगर मिल में जीएम करन सिंह व मिल के सभी अधिकारियों ने उपकरणों की पूजा कर विश्वकर्मा जयंती मनाई।

**नगर पंचायत में मनाया गया विश्वकर्मा पूजा:** दुदही। दुदही नगर पंचायत अध्यक्ष शायदा खातून ने नगर पंचायत दुदही की सभी विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान आलम, सभासद बिंदा देवी, बुधन प्रसाद, फैयाज, सपना देवी, दिवाकर गुप्ता आदि रहे।

**बिजली विभाग में हुआ पूजन:** कुबेरस्थान बिजली घर तथा रामकृता आईटीआई पिपरा जटामपुर सहित क्षेत्र के बतरौली, कल्याण छापर, अन्हारीबारी, कोहरवलिया, सिकटा, शिवपुर, सखवनिया, आदि क्षेत्रों में पूजन अर्चन की गई। कुबेरस्थान बिजली घर के एसडीओ तोषिम कुमार, जेई सरताज़ अली, विकास शर्मा, रितेश सिंह, मुन्ना भारती, विपिन तिवारी, राजूपाल, आफताब अंसारी, अमित यादव, फ़िरोज़ आलम, जोगी शर्मा, सलाउद्दीन, चंदन जायसवाल, प्रमोद यादव, अजय कुमार, शैलेन्द्र, अजहरुद्दीन, सोनू आदि रहे।



पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा में वास्तु के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

## परंपराओं एवं आदर्शों का प्रतिमान है संस्कार : मनीष

**पडरौना।** संस्कार भारती कुशीनगर के तत्वावधान में बाल गोकुलम कार्यक्रम का आयोजन पडरौना के श्रीश्याम अतिथि भवन में शनिवार की देर शाम किया गया। इसमें 40 नंहें मुहें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, मुख्य अतिथि पडरौना विधायक सदर मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, संस्कार भारती की गोरक्ष प्रांत की अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी, मातृशक्ति संयोजिका गोरक्ष प्रांत एवं साकेत विवि के चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कुमुद सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी दीप नारायण अग्रवाल, संघ चालक एवं हिंदी विभाग यूएनपीजी कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेमचंद सिंह, प्रदीप चहाड़िया, मनोनीत सदस्य लोक अदालत समिति दीवानी न्यायालय कुशीनगर श्रीमती दीपाली सिंहा, मनोज, सारस्वत आदि ने दीप प्रज्वलित किया।

## सपा कार्यालय में मनाई गयी भगवान विश्वकर्मा जयंती

**पडरौना।** भगवान विश्वकर्मा पूजा व पेरियार रामास्वामी नायकर के जयंती के अवसर पर सपा के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर सुबह 11 बजे जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुकरूल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के साथ-साथ पेरियार रामास्वामी नायकर की जयंती मनाई गई। रविवार को आयोजित कार्याक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुकरूल्लाह अंसारी ने कहा कि धार्मिक मान्यताओ के अनुसार भगवान विश्वकर्मा जिन्हें ब्रह्मा के सातवें पुत्र के रूप में जाना जाता है ऐसी मान्यता है की ब्रह्मा जी ने सृष्टि के निर्माण की जिम्मेदारी विश्वकर्मा को दिया था।



दुदही नगर पंचायत कार्यालय पर विश्वकर्मा दिवस पर पूजन करती अध्यक्ष शायदा खातून व अन्य। • हिन्दुस्तान

## हर क्षेत्र में सफलता के झण्डे गाड़ रहा विश्वकर्मा समाज



पडरौना नगर के सुभाष चौक पर स्थापित भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते नपा अध्यक्ष व अन्य।

**पडरौना।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के सुभाष चौक स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की रचना के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना नपा द्वारा पिछले कार्यकाल में ही कराई गई थी। इस दौरान विश्वकर्मा विश्व संघटन के जिलाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, अमित सोनी, बृजेश, आलोक आदि रहे।

## भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा-अर्चना

**खड्डा।** खड्डा चीनी मिल व विद्युत उपकेन्द्र सहित क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की जंयती धूमधाम से मनाई गयी। चीनी मिल के महा प्रबन्धक योगेश राठी, केन मैनेजर संजय सिरोही के साथ प्रशांत शर्मा, मुन्ना सिंह, राघवेन्द्र सिंह ने चीनी मिल में विधि विधान से विश्वकर्मा महाराज की पूजा की। विद्युत उपकेन्द्र में एसडीओ राहुल द्विवेदी व जेई ने पूजा की।

# स्कूल से गायब छात्रा एक पखवाड़ा बाद बरामद

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया थाना क्षेत्र के सिरसिया हेतिमपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय के छात्रावास से गायब कक्षा नौ की छात्रा एक पखवाड़ा बाद रविवार को बरामद हो गई। इसकी जानकारी होने पर विवेचक छात्रा के घर पहुंचकर बयान दर्ज किया। सोमवार को छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट के समक्ष बयान दर्ज कराया जायेगा। गायब होने के बारे में छात्रा से पुलिस पूछताछ कर रही है।

गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा का आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में कक्षा नौ में नामांकन है। वह रक्षाबंधन की छुट्टी के बाद पिछले एक सितंबर दिन शुक्रवार की सुबह पिता के साथ स्कूल पहुंची थी। आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर में उसी दिन रात में भोजन के दौरान छात्रा के गायब होने की जानकारी स्कूल प्रशासन को हुई। छात्रा के गायब होने की सूचना पर दो सितंबर को उसके पिता स्कूल पहुंचे। कार्यवाहक समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार और उप निदेशक समाज कल्याण सुरेश चंद्र पाल ने विद्यालय पहुंचकर मामले के बारे में जानकारी हासिल की। दोपहर में प्रभारी प्रधानाचार्या ने कसया पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। कसया पुलिस ने प्रभारी प्रधानाचार्या की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# आरोपित की गिरफ्तारी के बाद बच्चे का किया अंतिम संस्कार

**जासं, भैरोगंज:** पडरौना कोतवाली के गांव बेलवा जंगल मुसहर टोली के चार वर्षीय बच्चे की बाइक की चपेट में आने से शनिवार को मृत्यु हो गई थी। रविवार को शव आया तो पूर्वांचल किसान यूनियन के अध्यक्ष पप्पू पांडेय के नेतृत्व में स्वजन कार्रवाई की मांग को लेकर तीन घंटे तक अंतिम संस्कार रोके रखा। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपित को गिरफ्तार किया तो बच्चे का अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार को सुबह 11 बजे ग्रामवासी धर्मेंद्र मुसहर का चार वर्षीय पुत्र अखिलेश अपनी मां के साथ पैदल पडरौना जा रहा था। इसी दौरान गांव का शाहिल तेज गति से बाइक लेकर आया और अखिलेश को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद आरोपित फरार हो गया। घायल बच्चे को स्वजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव आया तो ग्रामीण आक्रोशित हो उठे।



अखिलेश ● फाइल फोटो।

# चार वारंटी को दबोचा

पडरौना। हनुमानगंज थाने की पुलिस ने तीन वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रदीप हरिजन निवासी छितौनी थाना हनुमानगंज, राजेन्द्र निवासी बुलहवा टोला टेंगरहा व राधे पुत्र महतो निवासी बुलहवा टोला थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने एक वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तैयब निवासी सोन्दिया बुजुर्ग थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार की जेल भेज दिया। टीम में दरोगा तपनरायण राम व सिपाही आनन्द कुमार शामिल रहे।

# देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मनाई गई जयंती

## विद्युत उपकेंद्र व चीनी मिलों में किया गया पूजन, कारखानों व वर्कशाप में हुआ संकीर्तन का आयोजन

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगरीय व ग्रामीण इलाकों में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह पूजन अर्चन व प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। जिले की पुलिस लाइन के अलावा सभी विद्युत उपकेंद्रों, चीनी मिलों, कारखानों व वर्कशाप, आइटीआइ कालेजों में देवशिल्पी का पूजन किया गया। संकीर्तन का भी आयोजन हुआ।

पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा में एसपी धवल जायसवाल ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन किया। हवन पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ। परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, आरआई रूपेश कुमार, पीआरओ भूपेंद्र दुबे सहित परिवहन शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे। नगर के कठकुइयां रोड के किनारे स्थित विद्युत उपकेंद्र में अवर अभियंता सर्वेश दूबे और रामधाम विशनपुरा उपकेंद्र में राजेश दूबे की देखरेख में पूजन व प्रसाद वितरण कराया गया।

पर्यवेक्षक नवीन श्रीवास्तव, कमलेश कुशवाहा, रंजन सिंह, पंकज सिंह, पुजेश चौबे, राजन श्रीवास्तव, किशन कुशवाहा, राजू कुशवाहा, संजय कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, रामदयाल, धीरेंद्र, रामवली चौहान, सोनू महेश, वसिंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। स्वर्णकार एवं सराफा संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। दुकानों में सजाई गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। सुरेश स्वर्णकार, अजय गुप्ता, रवि वर्मा, शिवजी सोनी, अमित वर्मा, जयराम सोनी, अरविंद सोनी आदि शामिल रहे।



पुलिस लाइन सभागार में भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन करने के बाद हवन करते बाएं से दूसरे एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश कुमार सिंह• जागरण



पडरौना के सुभाष चौक स्थित भगवान विश्वकर्मा के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन करने के बाद मौजूद बाएं से दूसरे नपाध्यक्ष विनय जायसवाल व विश्वकर्मा समाज के लोग• जागरण



पडरौना स्थित एक वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा का पूजन करते श्रद्धालु• जागरण



पडरौना नगर के विद्युत उपकेंद्र परिसर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु• जागरण

इसी क्रम में हीरो एजेंसी में अजय गुप्ता, स्मार्ट व्हील में मनमोहन दीक्षित, रंजेश सिंह, शैलेश कुमार, शफी अहमद, महिंद्रा एंड महिंद्रा में विनोद तिवारी, संदीप मिश्र, एजेडी टीवीस में दिनेश पांडेय, क्वालिटी टीवीएस में दीप नारायण अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल ने पूजन-अर्चन किया। रामकोला संवाददाता के अनुसार कस्बा स्थित त्रिवेणी चीनी मिल में पंडित विश्वनाथ पांडेय द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन संपन्न कराया गया। प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने विश्वकर्मा भगवान की आरती की। प्रकाश झा, विजय प्रताप सिंह, मानवेंद्र राय, अजय कुमार सिंह बघेल, राजकुमार, रजनीश कुमार, आशीष कुमार सिंह, गौरव प्रताप, मनोज शुक्ल, आनंद मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी, कमलराज मधोक आदि मौजूद रहे।

# स्थिति सुधरी तो मन में आ गई बेइमानी

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** बड़े भाई राजेन्द्र गुप्ता को पिता के समकक्ष सम्मान देने वाला छोटा भाई रूदल को क्या पता था कि एक दिन उसी भाई के हाथों मेरी हत्या हो जाएगी। रूदल बहुत ही सहनशील व्यक्ति था। आज तक कभी भी बड़े भाई को किसी बात को लेकर जबाब नहीं देता था। जब परिवार बड़ा हो गया और रूदल के दोनों बेटे बेरोजगार हैं तो उस वक्त रोजगार करने को लेकर बड़े भाई से हिस्सा की मांग करने लगा। जबकि जिस जमीन को लेकर रूदल की हत्या की गई है, उस जमीन पर निर्माण कार्य मे कई बाधाएं थी। इसको हल कर और निर्माण कराने का कार्य रूदल ने किया था। शुरू में राजेन्द्र अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारी के प्रति लापरवाह था। उस वक्त रूदल भरपूर सहयोग करता था।



रविवार को प्रेसवार्ता में वारदात और गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते सीओ तमकुहीराज जीतेन्द्र सिंह कालरा। • हिन्दुस्तान

जब स्थिति सुधरने लगी तो राजेन्द्र के मन मे बेमानी आ गया और मकान में हिस्सा देने से आनाकानी करने लगा। इधर पंद्रह दिन से दोनों भाइयों में हिस्से को लेकर विवाद शुरू हो गया था। दूसरी और तीसरी बार पंचायत के जरिए सुलझाने की बात कहा गया।

**रूदल की संपत्ति राजेन्द्र को खटकती थी :** कसया। कसया वाली मकान में दोनों भाइयों का परिवार कई वर्षो तक एकसाथ रहने के बाद रूदल का परिवार तुर्कपट्टी चला गया। वहां रूदल के मौसा बतौर पति पत्नी रहते थे, जिनका कोई सहारा नहीं था।

## मकान में हिस्सा नहीं देना चाहता था राजेंद्र

कसया (कुशीनगर)। कसया में सपहा रोड पर मथौली गेट के समीप शनिवार की देर रात मकान के विवाद में बड़े भाई राजेन्द्र ने छोटे भाई रूदल की कुदाल से वार कर हत्या कर दी। मकान को लेकर 15 दिन से रूदल अपनी पत्नी ज्ञान्ती और बेटी माधुरी के साथ आकर यहां रहने लगे और हिस्से को लेकर दोनों भाइयों में तकरार होने लगी। शनिवार को रूदल का बेटा राजू खाना देकर तुर्कपट्टी चला गया। राजेन्द्र और उसके परिवार ने छोटे भाई रूदल व उसकी पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। देर रात में राजेन्द ने कुदाल से रूदल के सिर पर वार किए।

# छापेमारी में नारायणी किनारे 30 बोटा लकड़ी बरामद

**जागरण संवाददाता, पनियहवा:** नारायणी नदी उस पार के सटे जंगल से लकड़ियों को काटकर नाव से लाते समय नदी इस पार के गांव भैंसहा के सामने रविवार को सोहगी बरवा वन रेंज की टीम ने पकड़ कर जब्त कर लिया। हालांकि तस्कर भागने में सफल हो गए।

वन विभाग की टीम ने सोहगीबरवा वन क्षेत्र से लकड़ी काटकर नदी के रास्ते नाव से पार करते समय भैंसहा गांव के सामने लगभग तीस बोटा लकड़ी पकड़ लिया। वन तस्कर भौगोलिक क्षेत्र का फायदा उठा महाराजगंज जनपद के निचलौल व सोहगी बरवा रेंज के जंगल से कीमती लकड़ियों को काटकर नदी में बहा देते हैं। बाद में उसे मनचाही जगह पर निकाल लेते है और लकड़ियों को महंगें दाम पर बेचते है।

निचलौल वन क्षेत्रों रेंजर पीयूष गुप्ता ने बताया कि लकड़ियां जब्त कर ली गई है। मौके पर खड्डा थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह मयफोर्स मौजूद रहे। पकड़ी गई लकड़ियां बुटेल व सेमर की है। उन्होंने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

# न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई शराब



जटहा बाजार थाना परिसर में शराब नष्ट कराती पुलिस ● जागरण

जागरण संवाददाता, मंसाछापर: न्यायालय के आदेश पर जटहाबाजार पुलिस द्वारा मालखाने में जमा अवैध शराब को रविवार को नष्ट किया गया। पुलिस व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

**वर्ष 2022 में दर्ज आबकारी एक्ट के 75 मामलों में बरामद हुई थी 673 लीटर कच्ची, थाना परिसर में ही खोदा गया गड्ढा**

थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर मालखाना में वर्ष 2023 में दर्ज कुल 75 मुकदमों में जमा 673 लीटर शराब को नष्ट कराए जाने की अनुमति मांगी थी। प्रार्थना-पत्र में उन्होंने कहा है कि विभिन्न मामलों से जुड़ी वस्तुओं के अलावा बरामद शराब जमा करने से मालखाना भरा पड़ा है। इससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

न्यायालय ने अवैध शराब को न्यायिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कराने का आदेश दिया।

इसके क्रम में शाम को चार बजे सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, नायब तहसीलदार विशालदत्त त्रिपाठी, अभियोजन अधिकारी न्यायालय सिविल जज शशिकांत, आबकारी निरीक्षक निर्झरिणी पांडेय की मौजूदगी में गणना कर मालखाने में जमा शराब को बाहर निकाला गया। थाना परिसर में ही गड्ढा खोदकर शराब नष्ट की गई।

# कुशीनगर व देवरिया में बिजली गिरने से आठ की मृत्यु

**जागरण टीम, गोरखपुर** : मौसम के अचानक करवट लेने के बाद रविवार को गोरखपुर मंडल में हुई वर्षा और वज्रपात से आठ लोगों की मृत्यु हो गई। चपेट में आने से 17 लोग झुलस गए। जनहानि देवरिया और कुशीनगर में हुई है।

कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया में पचफेड़ा खासटोला की 55 वर्षीय मंजू, 60 वर्षीय सुभावती, 50 वर्षीय हदीशुन व 40 वर्षीय विद्यावती खेत की ओर गई थीं। वज्रपात की चपेट में आकर चारों झुलस गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज के डाक्टरों ने मंजू, सुभावती व हदीशुन को मृत घोषित कर दिया। विद्यावती की हालत गंभीर है। कप्तानगंज के विशुनपुरा में विवेक विश्वकर्मा के घर बिजली गिरने से बरामदे में बैठे पांच वर्षीय अरुण की मृत्यु हो गई। तरयासुजान के बांक खास बंधे के समीप नारायणी में स्नान करने गए मिथिलेश उर्फ बिटंडी की वज्रपात की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। वीरू, राहुल व राजू पासवान झुलस गए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसपी धवल जायसवाल ने मौके पर पहुंच कर मृतकों के स्वजन को सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। देवरिया के एकौना, हड़हा गांव में 17 वर्षीय पंकज यादव वज्रपात की चपेट में आकर झुलस गए। उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मवेशी चरा रहे अभिषेक, विकास, विश्वजीत, सत्यम, शिवशंकर, रामसकल, निखिल, रामाधार, अक्षयबर, रामलाल भी झुलस गए।

**17** लोग बिजली गिरने से झुलसे, प्रभावित लोगों में से अधिकतर खेतों में कर रहे थे काम

- कुशीनगर में पांच और देवरिया में दो किशोर समेत तीन लोगों की मृत्यु
- अधिकारियों ने मृतकों के स्वजन को दिया सहायता का भरोसा

## गोरखपुर–महराजगंज में भी कई जगहों पर गिरी बिजली

सलेमपुर के कल्याणी गांव में फसल की सिंचाई कर रहे 20 वर्षीय संदीप यादव, बरहज के बारा दीक्षित गांव में इंद्रजीत प्रसाद के 16 वर्षीय पुत्र प्रह्लाद सोनकर की बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। डीएम अखंड प्रताप सिंह ने मृतकों के परिजनों को सहायता देने का आश्वासन दिया है। गोरखपुर और महराजगंज में भी वर्षा के साथ कई जगहों पर बिजली गिरी, कहीं से जनहानि की सूचना नहीं है।

संबंधित खबर » 5

# कुदाल से काट कर छोटे भाई की कर दी हत्या

## मकान बंटवारे को लेकर दोनों में था विवाद, देवरिया जिले के तरकुलवा थाना स्थित कौलाचक के थे मूल निवासी

जागरण संवाददाता, कसया: कसया के मथौली में शनिवार की आधी रात को बड़े भाई ने कुदाल से सिर पर कई प्रहार कर छोटे भाई की हत्या कर दी। पति को बचाने आई पत्नी के सिर पर भी प्रहार कर मरणासन्न कर दिया। उसे गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है। पुलिस ने हत्यारोपित भाई व उसके पुत्र को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त कुदाल भी बरामद हो गई है। त्वरित कार्रवाई पर एसपी धवल जायसवाल ने कसया पुलिस को 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की है।



रुदल •फाइल फोटो

बताया जा रहा कि देवरिया के तरकुलवा थाने के कौलाचक गांव के 60 वर्षीय राजेंद्र गुप्त व 50 वर्षीय रूदल सगे भाई हैं। इनकी कसया के मथौली में सपहा रोड पर संयुक्त मकान है। राजेंद्र का परिवार इसी मकान में रहता है, जबकि छोटा भाई रुदल तुर्कपट्टी स्थित अपनी मौसी के घर रहता है। 15 दिन से दोनों भाइयों के बीच मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार की शाम को रुदल 48 वर्षीय पत्नी झांती व 19 वर्षीय पुत्री माधुरी संग मौसी के घर से मकान में आ गया। देर शाम से ही दोनों भाई बंटवारे को लेकर झगड़ रहे थे।

- सोते समय आधी रात को बड़े भाई ने दिया घटना को अंजाम
- हत्यारोपित भाई व उसका पुत्र घटना स्थल से गिरफ्तार



गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती घायल झांती देवी। सौ. स्वजन

### परेशान कर दिया था, हमेशा के लिए शांत कर दिया

बंटवारे के विवाद में छोटे भाई को मौत के घाट उतारने वाले राजेंद्र को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। हवालात में बंद राजेंद्र बार-बार कह रहा था कि परेशान कर दिया था.. अब उसे हमेशा के लिए शांत कर दिया।

### मेडिकल कालेज में झांती का किया जा रहा उपचार

मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कर झांती का उपचार किया जा रहा है। डाक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। पिता को खो चुके पुत्र व पुत्रियां मां के होश में आने के लिए बिलख रहे हैं।

रात करीब 10 बजे परिवार के सदस्य छत पर व दोनों भाई दरवाजे पर अलग-अलग सो गए। रात में लगभग एक बजे बड़े भाई राजेंद्र ने कुदाल से रुदल के सिर पर कई प्रहार कर दिया। चीख-पुकार सुनकर बचाने आई झांती के सिर पर भी कुदाल से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर पर गंभीर चोट आने से रुदल की मृत्यु हो गई। पिता व मां की हालत देख माधुरी ने कमरे में बंद कर जान बचाई। फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। हत्या की खबर पाकर तत्काल मौके पर पहुंच पुलिस ने राजेंद्र व उसके 28 वर्षीय पुत्र सतीश को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त कुदाल भी बरामद कर लिया। पुलिस झांती को सीएचसी ले गई, वहां से उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि मृतक रूदल गुप्ता की पुत्री माधुरी की तहरीर पर पुलिस ने राजेंद्र गुप्त, सतीश गुप्त, आरती व रागिनी के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ने बताया कि मकान बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल रहा था। घटना में प्रयुक्त कुदाल भी बरामद कर लिया गया है। त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की गई है।

रामकोला के बाद कसया की घटना की होती रही चर्चा: एक दिन पूर्व ही शनिवार की सुबह रामकोला के फुलवरिया में इंद्रजीत अली ने सब्बल से सिर पर प्रहार कर पत्नी जखरून व पुत्री रुबीना की हत्या कर दी थी। वहशी द्वारा उठाए गए इस कदम को लेकर लोग हैरान थे। इस बीच कसया में मकान बंटवारे के लिए बड़े भाई ने छोटे भाई की कुदाल से काट कर निर्मम हत्या कर दी। अपनों के हाथ अपनों के कत्ल की चर्चा लोग करते रहे।

# पुलिस के आश्वासन पर हादसे में मरे बालक का किया अंतिम संस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। हादसे में चार साल के बालक की मौत के मामले में पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव आने पर परिजनों ने बाइक चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग शुरू कर दी और अंतिम संस्कार रोक दिया।

परिजनों और ग्रामीणों का नेतृत्व पूर्वांचल किसान यूनियन के अध्यक्ष पप्पू पांडेय कर रहे थे। बाद में कोतवाली से एसआई धर्मदेव चौधरी पहुंचे। उनके आश्वासन पर लोग माने और ज्ञापन सौंपकर अंतिम संस्कार किया।



पुलिस को ज्ञापन देते लोग। संवाद

जंगल बेलवा गांव की मुसहर टोली के निवासी धर्मेंद्र का चार साल का बेटा अखिलेश अपनी मां के साथ शनिवार को सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में अभिषेक की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बाइक चालक भी गांव का ही निवासी है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर लोगों ने पुलिसकर्मियों का आश्वासन मिलने के बाद उसका अंतिम संस्कार किया। इस दौरान एडवोकेट रंजन गौतम, धर्मेंद्र मुसहर, इंद्रासन, लक्ष्मण, कन्हैया गौतम, राजबंशी, शंभू, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

# 44 हजार रुपये कीमत की बरामद शराब नष्ट की गई

**पडरौना।** जटहा बाजार थाने में आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2022 के अब तक कुल 75 मुकदमों में बरामद अवैध अंग्रेजी व कच्ची शराब कुल 673 लीटर को न्यायालय के आदेश के सोमवार को नष्ट कराया गया। उसकी कीमत 44 हजार रूपये है।

एसपी द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने मालखाने पर आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गयी अवैध शराब को यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया है। एएसपी रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द भट्ट के नेतृत्व में थाना प्रभारी जटहा बाजार राज कुमार बरवार द्वारा 75 मुकदमों में बरामद अवैध  देशी व कच्ची शराब को नष्ट कराया गया।

# सहजनवां में मिली लापता छात्रा पिता ने पुलिस को दी सूचना

## प्रभारी प्रधानाचार्य की तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज, पुलिस कर रही विवेचना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकवा इनार।** राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से लापता होने के 17वें दिन रविवार की सुबह कक्षा नौवीं की छात्रा मिल गई। पिता के मुताबिक उसकी लापता पुत्री सहजनवां डाकखाने के पास मिली। इसकी जानकारी छात्रा के पिता ने पुलिस व डीपीओ को फोन कर दी है। मामले में विद्यालय के प्रधानाचार्य की तहरीर पर कसया पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की काफी खोजबीन व तलाश के बावजूद लापता छात्रा का सुराग नहीं लग पा रहा था। मामला गंभीर होने के चलते पुलिस, विद्यालय प्रशासन व प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी/डीपीओ तलाश व जानकारी हासिल करने में जुटे थे।

कसया थाना क्षेत्र के हेतिमपुर-गोबरहीं मार्ग पर राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर संचालित है। बीते एक सितंबर को कक्षा नौवीं की एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। लापता छात्रा गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। लापता छात्रा के मामले में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य सुमन शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

डीपीओ विनय कुमार ने बताया कि सुबह छात्रा के पिता कने पुत्री के मिलने की जानकारी दी है। आगे पुलिस विधिक कार्रवाई नियमानुसार करेगी।

### विद्यालय प्रशासन, विभाग व पुलिस रही परेशान

राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से लापता छात्रा को लेकर संबंधित जिम्मेदार रहे परेशान। खोजबीन और तलाश के लिए हर संभव जुगत में घटना के बाद से जुटे रहे। विभागीय उच्चाधिकारी विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल करते रहे, वहीं पुलिस भी केस पंजीकृत कर तफ्तीश में जुटी रही। यहां तक कि पुलिस टीम लापता छात्रा के गांव उसके घर पहुंचकर जानकारी हासिल की थी। कुछ मोबाइल नंबरों की सीडीआर (काल डिटेल रिपोर्ट) से लापता छात्रा की तहकीकात में जुटी थी। वहीं विभागीय स्तर से डीपीओ विनय कुमार ने विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्य व स्टाफ को जरूरी सख्त हिदायत दी थी। घटना के बाद विद्यालय की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिख रही थी। आने जाने हर किसी की सतत निगरानी की जा रही थी। पिता के मुताबिक अभी उनके पुत्री का स्वास्थ्य ठीक न होने की बात कही जा रही है। उससे कोई जानकारी नहीं मिल पाएगी। स्वास्थ्य ठीक होने पर ही कुछ पूछताछ कर बताया जा सकता है। कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

# जमीन में हिस्से के लिए पुलिस, पंचायत और शिकायत सब की... तब हुई हत्या

## रिश्तेदारों ने की थी पंचायत, नहीं हो सका था समझौता, शांतिभंग के अंदेशे में दोनों भाइयों का पूर्व में हो चुका था चालान

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**कसया।** नगर में सपहां रोड स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर (मथौली) में जिस जमीन के लिए बड़े भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर छोटे भाई की हत्या कर दी, उसे लेकर कई बार पंचायत हो चुकी थी। थाने में ही नहीं, एसडीएम और डीएम कार्यालय तक मामला पहुंच गया था, लेकिन निस्तारण नहीं हो पाया था। यहां तक कि दोनों भाई पूर्व में शांतिभंग के अंदेशे में चालान किए जा चुके थे।



घायल ज्ञानती देवी।

मृतक रुदल गुप्ता के बेटे राजू गुप्ता ने बताया कि इस जमीन के विवाद के निस्तारण की खातिर हम दस दिन के भीतर दो बार डीएम कार्यालय जा चुके हैं। वहां डीएम के न मिलने पर उपस्थित अधिकारी से अपनी पीड़ा बताए थे। एक बार दस दिन पहले और फिर दो दिन पहले। एसडीएम कसया को पांच दिन पहले और शनिवार को कसया थाने में तहरीर दी थी।

राजू ने बताया कि इस मामले में पुलिस पूछताछ की। उसके बाद थाने में पंचायत हुई। बड़े पापा ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए और आठ दिन के अंदर मामले को मिल-बैठकर समाप्त करने की बात कही थी। उसने बताया कि पूर्व में उसके पिता और बड़े पिता को पुलिस इसी मामले को लेकर शांतिभंग के अंदेशा में चालान कर चुकी है। उसने बताया कि पिछले अगस्त महीने में ही बड़े पापा ने दीवानी कचहरी में एक मुकदमा दाखिल कर दिया था कि यहां के मकान में उनका पूर्णरूप से कब्जा है और उनके भाई रुदल का यहां से कोई तालुक नहीं है। जब हम लोगों को समन मिला तो जानकारी हुई हम लोग कचहरी गए और पूछताछ की। उसके बाद से हम लोग हिस्सा के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे। वह यह कहकर टालमटोल कर रहे थे कि मिल बैठकर हम लोग समझ लेंगे।

**दोनों भाइयों के नाम से बताई जा रही जमीन:** नगर की जमीन दोनों भाइयों ने मिलकर खरीदी थी था। जमीन दोनों के नाम से भी बताई जा रही है, लेकिन बड़ा भाई राजेंद्र इस जमीन में हिस्सा नहीं देना चाहता है। छोटा भाई रुदल काफी दिनों तक बाहर रहा। जब उसके भी लड़के बड़े हो गए थे तो वह हिस्सा लेकर अपना कोई व्यवसाय करना चाहता था। कई महीने से कचहरी और थाने का चक्कर लगा रहा था। रुदल के बेटे राजू ने बताया कि थाना कसया थाना, एसडीएम, और डीएम के पास भी हिस्सा के लिए पापा गए थे। अभी शनिवार को ही कसया थाने में समझौता हुआ था।

## हत्या का मुख्य आरोपी पत्नी बेटा व बहू के साथ गिरफ्तार



गिरफ्तार हत्यारोपी। संवाद

नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर वार्ड नंबर-18 मथौली में छोटे भाई रूदल की फावड़े से हत्या करने वाले राजेंद्र गुप्ता को उसकी पत्नी, बेटा और बहू के साथ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। वह हत्या के बाद से ही घर में ताला बंद कर परिवार के साथ भाग गया था। पुलिस रात से ही उसकी तलाश में जुटी थी। कसया थाने में रविवार को इस हत्या का खुलासा करते हुए तमकुहीराज के सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि राजेंद्र गुप्ता ने जमीन के विवाद को लेकर अपने छोटे भाई रुदल गुप्ता की फावड़े से मारकर हत्या कर दी। उसकी पत्नी को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। रुदल गुप्ता की पुत्री माधुरी भी वहां मौजूद थी। उसे भी हत्यारोपियों ने मारने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह भागकर किसी तरफ अपनी जान बचाई। कसया पुलिस ने माधुरी गुप्ता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर रविवार को राजेंद्र गुप्ता पुत्र सन्नू गुप्ता उम्र 65 वर्ष, सतीश गुप्ता पुत्र राजेंद्र उम्र 27 वर्ष, आरती देवी पत्नी राजेंद्र गुप्ता 60 वर्ष और रागिनी देवी पत्नी संजय गुप्ता उम्र 30 वर्ष को रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर मथौली से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मौके से घटना में प्रयुक्त फावड़ा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ डॉ. आशुतोष तिवारी, एसआई हरेराम सिंह, महिला एसआई अंजली त्रिपाठी, उमेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### दोनों भाइयों ने मिलकर खरीदी थी जमीन

दोनों भाइयों ने मिलकर कसया में सपहां रोड पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर मथौली में जमीन खरीदी थी। इसमें बड़ा भाई राजेंद्र गुप्ता अपने परिवार के साथ रहकर नमकीन बनाने का व्यवसाय करता था। रूदल गुप्ता तुर्कपट्टी में अपनी बुआ के वहां नवासा पर रहता था। करीब दो महीने से कसया की जमीन में हिस्से को लेकर विवाद हो रहा था। छोटा भाई थाना, तहसील और कलक्ट्रेट का चक्कर लगा रहा था।

### पिता की हत्या देखकर माधुरी ने पुलिस को किया फोन

जमीन के विवाद में मृतक रुदल गुप्ता की बेटी माधुरी ने बताया कि मेरे पिता को मारकर हत्या कर दिया है। मेरी मम्मी बचाने गई। उसे भी बेरहमी से मारपीट रहे थे। तब मैं भागकर रूम के अंदर गई और फाटक बंद करके 112 नंबर पर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस पति-पत्नी को अस्पताल ले गई। वहां हमारे पिता को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मेरी मां की हालत खराब देखकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां मेरी मां जीवन और मौत से जूझ रही है।

### मृतक का बेटा पिता के साथ करना चाहता था व्यवसाय

मृतक रूदल गुप्ता के दो लड़के राजू व श्रेयांश और दो बेटियां रागनी और माधुरी हैं। रागनी की शादी तय हो गई है, जबकि राजू अपने पिता के साथ कसया में व्यवसाय करना चाहता था।

### जमीन जस की तस, एक भाई की मौत, दूसरा जेल गया

नगर के सपहां रोड पर स्थित इस मकान को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल रहा था। इसमें एक भाई की मौत हो गई और दूसरा भाई अपनी पत्नी, बेटा और बहू के साथ जेल भेज दिया गया, जबकि जमीन वहीं की वहीं धरी रह गई। हिस्सा बंटवारा के विवाद ने दोनों परिवारों की मुसीबत बढ़ा दी।

# फुलवरिया कांड : हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश

## छानबीन : झोलाछाप के बिहार और नेपाल में छिपे होने की सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरीब गांव के फुलवरिया मशरीफ टोला में अपनी पत्नी और बेटी की नृशंस हत्या करने वाले झोलाछाप का रविवार को दूसरे दिन भी पता नहीं चला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके मायकेवालों को सौंप दिया।

वे दोनों शवों को लेकर महराजगंज जिले में अपने घर चले गए, जहां दोनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया। पुलिस ने झोलाछाप की पुत्री का एंड्रायड मोबाइल अपने कब्जे में लिया है। माना जा रहा है कि पुलिस को हत्या का राज खोलने में उससे मदद मिलेगी। हत्यारोपी झोलाछाप की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने बिहार और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में दबिश दी, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आया। घटना के बाद से उसके घर में ताला लटका है। दिल्ली से आया उसका बड़ा बेटा

### नाती को डांटने से नाराज नाना ने पत्नी और बेटी को मार डाला



सब्बल से प्रहार कर ले ली जान बेटी से पहले से था नाराज

17 सितंबर को प्रकाशित खबर

शवों के साथ अपने मामा के घर चला गया।

इस गांव में शनिवार को सुबह करीब सात बजे झोलाछाप इंद्रजीत अली ने अपनी पत्नी जाफीरून नेशा और बेटी रूबीना की सब्बल से प्रहार कर नृशंस हत्या कर दी थी। उसके बाद घर पर रह रहे अपने बड़ी बेटी के सात वर्षीय पुत्र समीर को लेकर भाग गया था, जिसे बाद में उसने गांव के बाहर छोड़ दिया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद उस बच्चे को उसके मामा को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने हत्यारोपी इंद्रजीत अली को गिरफ्तार करने के लिए बिहार और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में दबिश दी गई। फिर भी उसका पता नहीं चला। रामकोला के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्यारोपी झोलाछाप इंद्रजीत को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है। मृतका का मोबाइल मिला है। उसके सीडीआर से भी घटना के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी।

**संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत : कसया।** थाना क्षेत्र के सिरसिया खोहिया गांव के बजरकेरैया टोला में एक युवती की संदिग्ध परिस्थिति मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गांव में रामअवध प्रसाद की पुत्री रातरानी उम्र 20 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवती ने शेड में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2023

# ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

**जासं,पनियरा**: पनियरा थाना क्षेत्र के मुजुरी में एक दुकान का ताला तोड़कर कर चोर 10 हजार रुपये तथा अन्य सामान चुरा ले गए। पीड़ित दुकानदार सुरेश कुमार मौर्य द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार वह मुजुरी में चखना की दुकान चलाते हैं। बीती रात दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह जब दुकान पर आए तो ताला टूटा था, सारा सामान अस्त-व्यस्त था। चोर नकदी समेत स्टेपलाइजर, सिलेंडर,चूल्हा आदि उठा ले गए। सुरेश ने बताया कि मई में भी दुकान में चोरी हुई थी।

# नकब काट कर आभूषण व नकदी चोरी

**जासं, पनियरा**: थाना क्षेत्र में बीती रात ग्राम पंचायत गिरगिटिया में राम प्रताप मौर्य के घर में चोरों ने सेंध काट कर बाक्स चुरा लिया। उसमें रखा सोने का आभूषण, 13 हजार नकद व कपड़ा था। घर से थोड़ी दूर खेत में पुराना कपड़ा व बाक्स मिला। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी है।

# हत्या व दुष्कर्म के मामले में जेल भेजा गया पूर्व भाजपा नेता

- मुकदमा दर्ज होने के बाद नेपाल में जाकर छिप गया था आरोपित
- रविवार दोपहर बाद मजिस्ट्रेट के सामने किया गया प्रस्तुत



आरोपित मासूम रजा राही को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने ले जाती पुलिस • जागरण

जासं, महराजगंज : हत्या, दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने रविवार को मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत किया। वहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कोर्ट ले जाने से पहले मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व भाजपा नेता ने कहा कि मैं फरार नहीं हुआ था, नेपाल में इलाज कराने गया था।

शहर के वीरबहादुर नगर वार्ड निवासी मासूम रजा राही के विरुद्ध संतकबीरनगर के मेंहदावल क्षेत्र की एक युवती ने पांच सितंबर को महराजगंज सदर कोतवाली में दुष्कर्म, छेड़खानी व पिता की हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाए गए पूर्व भाजपा नेता को पुलिस ने छोड़ दिया था। इसके बाद वह फरार हो गया। विवेचना के दौरान पता चला कि युवती को बयान बदलने के लिए नौ लाख रुपये दिए गए। साथ ही धमकी भी दी गई कि बयान नहीं बदलने पर उसके भाई की हत्या करा दी जाएगी।

पुलिस टीम ने पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये भी बरामद किए थे। कोर्ट से आरोपित की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। पूर्व भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई थीं। दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, देवरिया, गोरखपुर समेत कई जिलों में पुलिस टीम तलाश कर रही थी। नेपाल फरार होने के चलते वह पुलिस की पकड़ से दूर रहा।

शनिवार की रात भारत-नेपाल के सोनौली बार्डर के समीप हरदीडाली के पास से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम उसे लेकर सदर कोतवाली आई, जहां पर उससे घंटों पूछताछ हुई।

रविवार को दोपहर बाद पूछताछ और कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस ने उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपित को न्यायालय ने 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# रुपये लेकर दूसरे को बेच दी जमीन, केस दर्ज

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के हरपुर तिवारी निवासी विजय जायसवाल ने बुधिरामपुर निवासी इबरार खान से 13 डिस्मिल जमीन खरीदने का सौदा 4 लाख 60 हजार रुपये में तय किया। अग्रिम धनराशि के रूप में एक लाख तीस हजार रुपये दे दिए गए। बाद में आरोपी ने उसी जमीन को दूसरे व्यक्ति को बेच दी। जानकारी होने पर विजय ने दिए हुए पैसे को मांगा तो वह आनाकानी करने लगा। उसके बाद पीड़ित ने श्यामदेउरवां थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी इबरार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# काउंटर से मोबाइल चोरी करते युवक पकड़ा गया

अड्डा बाजार। नौतनवा थानांतर्गत चंडीथान चौराहे पर सरजू प्रसाद कसौधन बर्तन की दुकान में घुसकर काउंटर से एक युवक मोबाइल चुराते पकड़ा गया। मौके पर जुटी भीड़ ने उसकी पिटाई करके पुलिस के हवाले कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। संपतिहा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बेवफाई से आहत युवती ने की थी खुदकुशी, केस

**हि फॉलोअप**

भिटौली, हिन्दुस्तान संवाद। भिटौली क्षेत्र के पकड़ी दीक्षित गांव में प्यार-मोहब्बत का दुखद अंत हुआ। गांव के ही एक युवक से प्रेम होने के बाद दोनों एक-दूसरे के साथ रहने की कसम खाई। चोरी-छिपे मंदिर में शादी रचाई। उसके बाद प्रेमी बाहर कमाने चला गया।

प्रेमी के परिजन युवती को बतौर बहू अपनाने को राजी नहीं हुए। धमकी देने लगे। इसी से आहत युवती ने घर में ही खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद पुलिस रात दो बजे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी। इस मामले में युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित अखिलेश समेत चार के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे की है। पकड़ी दीक्षित गांव में एक युवती का शव उसके घर में फंदे के सहारे लटकता मिला। युवती के माता-पिता लुधियाना में थे। घर में युवती के अलावा उसकी दादी मौजूद थीं। घटना की सूचना के बाद युवती की मां रोते-बिलखते लुधियाना से पहुंची। भिटौली पुलिस को तहरीर देकर बताई कि गांव के ही अखिलेश से उसकी बेटी का प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन दोनों ने चोरी छिपे मंदिर में शादी भी रचाई थी। अखिलेश हमारी बेटी से कह रहा था कि हम अपने परिजन को मना कर तुम्हें अपने घर ले चलेंगे। यह कहकर बाहर कमाने चला गया। आरोप के मुताबिक अखिलेश के घर ना होने से उसकी मां, बहन और भाई मेरी बेटी को मारने की धमकी देते थे। प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बेटी ने 15 सितंबर शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। मामले पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# वन विभाग की छापामारी, नारायणी किनारे 30 बोटा लकड़ी बरामद

जागरण संवाददाता, पनियहवा: नारायणी नदी उस पार के सटे जंगल से लकड़ियों को काटकर नाव से लाते समय नदी इस पार के गांव भैंसहा के सामने रविवार को सोहगी बरवा वन रेंज की टीम ने पकड़ कर ज़ब्त कर लिया। हालांकि तस्कर भागने में सफल हो गए।

वन विभाग की टीम ने सोहगीबरवा वन क्षेत्र से लकड़ी काटकर नदी के रास्ते नाव से पार करते समय भैंसहा गांव के सामने लगभग तीस बोटा लकड़ी पकड़ लिया। वन तस्कर भौगोलिक क्षेत्र का फायदा उठा महाराजगंज जनपद के निचलौल व सोहगी बरवा रेंज के जंगल से कीमती लकड़ियों को काटकर नदी में बहा देते हैं।

बाद में उसे मनचाही जगह पर निकाल लेते है और लकड़ियों को महंगें दाम पर बेचते है। निचलौल वन क्षेत्रों रेंजर पीयूष गुप्ता ने बताया कि लकड़ियां जब्त कर ली गई है। मौके पर खड्डा थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह मयफोर्स मौजूद रहे। पकड़ी गई लकड़ियां बुटेल व सेमर की है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# रेप का केस दर्ज कराने को महिलाओं ने घेरा थाना

कोल्हुई, हिसं। कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दो दिन पूर्व छेड़खानी की घटना हुई थी। इस मामले में आरोपी गांव के ही युवक पर दुष्कर्म का भी आरोप लग रहा है। इस मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ का केस दर्ज किया था।

रविवार को किशोरी की मां गांव की दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज कराने थाने पहुंच गई। महिलाएं पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज करने की मांग करने लगीं। महिलाओं की मांग पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। महिलाओं के पहुंचने के बाद पुलिस कर्मियों ने उनसे बातचीत शुरू की।

पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन महिलाओं का कहना रहा कि किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया था। इसलिए मामले में दुष्कर्म का केस दर्ज किया जाए। इस संबंध में एसओ स्वतंत्र सिंह ने बताया कि किशोरी व उसके परिजनों के बयान के आधार पर मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ार कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व भाजपा नेता राही मासूम भेजा गया जेल

## रेप व हत्या के आरोपित पूर्व भाजपा नेता की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया

**फॉलोअप**

- पुलिस ने पीड़िता के पास से पूर्व भाजपा नेता द्वारा दिए गए नौ लाख रुपये बरामद किए
- विवेचना के दौरान पूर्व भाजपा नेता ने नौ लाख देकर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया

"आरोपी को सोनौली सीमा से गिरफ्तार किया गया था। रविवार को मेडिकल कराकर उसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में विवेचना चल रही है। डॉ. कौस्तुभ, एसपी



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने आरोपित राही मासूम रजा को कोर्ट में पेश कराया। • हिन्दुस्तान

महराजगंज, निज संवाददाता। अपने ही मकान में किराएदार युवती के साथ दुष्कर्म व उसके पिता की हत्या के मामले में आरोपित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा को मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

संतकबीर नगर जिले की युवती अपने परिवार के साथ पिछले छह साल से राही मासूम रजा के मकान में किराया के मकान पर रहती थी। युवती की मां की मौत आठ साल पहले हो चुकी है। परिवार में पिता के अलावा चार बहन व एक छोटा भाई है। युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मकान मालिक/पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा पर दुष्कर्म किया। छोटी बहन के साथ छेड़खानी की और पिता को धमकी दी थी। बीते 28 अगस्त को उसके पिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। 31 अगस्त को उनकी मौत हो गई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस 5 सितंबर को पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो, एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया। विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि पूर्व भाजपा नेता ने नौ लाख देकर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया था। केस की विवेचना कर रहे सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ पीड़िता के पास से पूर्व भाजपा नेता द्वारा दिए गए नौ लाख रुपये बरामद किया। पीड़िता का फिर से मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया गया।

भारत-नेपाल की सीमा से पूर्व भाजपा नेता की हुई थी गिरफ्तारी: केस दर्ज होने के बाद युवती के आरोप से मुकरने के बाद कोतवाली पुलिस ने पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा को शहर के ही कुछ लोगों की सुपुर्दगी में सौंप दिया था। विवेचना में बयान दर्ज करने के लिए जब पूर्व भाजपा नेता को पुलिस ने ढूंढना शुरू किया तो वह फरार हो गया। इस मामले में लापरवाही पर एसपी ने कोतवाल समेत चौदह पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया था। चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया था। सीओ की विवेचना में पूर्व भाजपा नेता की मदद के आरोप में कांस्टेबिल आबिद अली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस मामले में पूर्व भाजपा नेता के करीबी गुड्डू को भी पुलिस जेल भेजी। गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम गठित की गई। महाराष्ट्र देवरिया, लखनऊ, प्रयागराज तक तलाश शुरू हुई, लेकिन पूर्व भाजपा नेता नेपाल चला गया था। संपत्ति के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। बताया जाता है कि इस सूचना पर वह नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली में आया। उसी दौरान शनिवार की रात 10 बजकर 50 मिनट पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्त में आने के बाद पूर्व भाजपा नेता ने बताया कि वह फरार नहीं था। दवा कराने नेपाल गया था।

# प्रदर्शन के बाद दुष्कर्म आरोपित गया जेल

- दो दिन पूर्व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर शांत हो गई थी पुलिस
- पुलिस की कार्यप्रणाली के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

जासं, आनंदनगर: दुष्कर्म के आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई न करने से आक्रोशित महिलाओं ने कोल्हुई थाने के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीड़िता की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया, छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर शांत हो गई। पुलिस की कार्यप्रणाली से गांव की महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं रविवार को कोल्हुई थाने पर प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगीं। कोल्हुई थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित नगीना को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, परतावल : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में दोस्त की पत्नी के साथ दुष्कर्म कर तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वाले आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की गैर मौजूदगी में उसका दोस्त घर आता-जाता रहता था। पीड़िता का कहना है कि एक बार वह घर आया और उसका मोबाइल लेकर चलाने लगा। मोबाइल से फोटो व वीडियो अपने मोबाइल में भेज दिया। उसके बाद वह ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान उसने जबरदस्ती दुष्कर्म भी किया और अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामदेउरवा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

Image

# कूड़ा घर विवाद को लेकर तहसीलदार ने लगाई चौपाल

18/09/2023

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में तहसीलदार नौतनवा अमित सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम व पुलिस ने चौपाल लगाई। गांव में बनने वाले कूड़ा घर व कर्बला की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद है। प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले को सुलझाया।

शेख फरेंदा गांव में कूड़ा घर प्रस्तावित है। जमीन का चिह्नांकन किया गया था। लगभग पांच एकड़ की जमीन है जो खतौनी में बंजर के नाम से दर्ज है, लेकिन वहीं कर्बला कमेटी के लोगों ने यह कह कर आपत्ति जताई कि यही कर्बला है और यहीं ताजिया का मेला भी लगता है। बीते 12 सितंबर को कूड़ा घर के लिए जमीन की पैमाइश हुई थी, लेकिन फिर मामला उलझ गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 23 लोगों पर पाबंदी की कार्रवाई की है। मामला बढ़ता देख तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम, एसएसबी के सहायक कमांडेंट महामृत्युंजय पाठक एवं पुलिस के लोगों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत की। तहसीलदार ने गांव का नक्शा लेकर बताया कि यहां कर्बला के नाम से जमीन खतौनी में दर्ज नहीं है और यह जमीन बंजर के नाम से है। कूड़ा घर बगल में बन रहा है। कर्बला की जमीन सुरक्षित है, जिसको ग्राम सभा से प्रस्ताव बनाकर कर्बला के नाम से कर दिया जाएगा। इस पर सहमति बन गई।

# तीन चचेरे भाइयों ने की दोस्त की हत्या

## महज 115 रुपये के लेनदेन में हुआ था विवाद, पुलिस ने हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। घुघली कस्बे में एक किशोर की 115 रुपये के लेनदेन में गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव कोठीभार थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के पास केले के खेत में मिला है। हत्याकांड की इस वारदात को तीन चचेरे भाइयों ने अंजाम दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



चंदन का फाइल फोटो





चंदन की मां रंजू देवी बेसुध अवस्था में। (दाएं) पिता रामकिशोर व अन्य। संवाद

पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को घुघली कस्बे के रहने वाले तीन चचेरे भाई श्याम (18), सन्नी (20) व एक किशोर बाइक से देर शाम घर से निकले। वे वार्ड नंबर-10 निवासी चंदन (15) चंदन को भी साथ लेकर बाइक से साथ ले गए। ढोढीला गांव के चौराहे के पास देशी शराब के सामने अंडे की दुकान पर 115 रुपये अंडे खाने के बाद तीनों ने चंदन से भुगतान करने के लिए कहा। चंदन ने रकम देने से मना कर दिया, तो युवक आक्रोशित हो गए। सभी ने मिलकर वहीं अंडे की दुकान पर उससे नोकझोंक की। इसके बाद चंदन को साथ लेकर अहिरौली गांव में गंडक नदी किनारे केले के खेत में लेकर गए। यहां तीनों ने मिलकर चंदन की गला रेतकर हत्या कर दी।

चंदन घर नहीं आया तो परिजन परेशान हो गए। थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने शक के आधार पर उसके दोस्तों से पूछताछ शुरू की। उसके एक नाबालिग दोस्त से पूछताछ हुई तो उसने सब कुछ बता दिया। पुलिस ने [illegible] दिया। पर रविवार को केले के खेत से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि तीन चचेरे भाई में एक नाबालिग है। एक को बाल सुधार गृह भेजने के साथ दो आरोपी श्याम सन्नी को जेल भेज दिया गया।

## चंदन घर से जाते समय बोला था, मां एक घंटे में आऊंगा, दोस्तों के साथ हूं

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। घुघली कस्बे के वार्ड नंबर 10 के चंदन की हत्या ने सभी झकझोर कर रख दिया है। परिवार के सभी सदस्य गम में समंदर में डूबे हैं। चंदन घर से जाते हुए मां से बोला था कि मां एक घंटे में आ जाऊंगा, दोस्तों के साथ हूं। घंटे भर क्या वह तो सदा के लिए आंखों से ओझल हो गया।

मृत चंदन की मां रंजू ने कुछ इस तरह से अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि चंदन का मन पढ़ाई में नहीं लगा तो वह प्राइमरी के बाद पढ़ने नहीं गया। तीन भाई में मझिला था। वह काम बहुत मेहनत से करता था। घर की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण महज 15 साल की उम्र में ही केरल काम करने चला गया था। बड़ा भाई अखिलेश टेंपो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है, पिता शादी समारोह में खाना बनाते हैं। छोटा भाई कुंदन 12 साल का है, वह पढ़ाई करता है।

### घर की माली हालत ठीक न होने के कारण चंदन 15 साल की उम्र में केरल गया था काम करने

रंजू ने बताया कि चंदन अभी एक सप्ताह पूर्व घर आया था और बृहस्पतिवार शाम को वह अपने दोस्तों के साथ बाइक से घर से निकला था। बेटा चंदन अक्सर कहता था कि मां छोटे भाई को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाऊंगा। मेहनत करके पैसे जमा करूंगा, उसकी पढ़ाई में कोई समस्या नहीं होगी। मेरा मन तो पढ़ाई में लगा नहीं, इस वजह से छोटे को ही काबिल बनाऊंगा। इन बातों का जिक्र करते हुए उसकी मां फफक पड़ी। वह कुछ बोले में असहज हो गईं। चंदन की हत्या में शामिल तीनों आरोपी चचेरे भाई हैं। गांव के लोग बताते हैं कि अंडे की दुकान पर अंडा खाने के बाद तीनों ने शराब पी। श्याम व सन्नी का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

मृत चंदन के मामा गुलाब के अनुसार चंदन सीधा-साधा व मिलनसार लड़का था। जब वह बृहस्पतिवार रात से गायब हुआ, तब हमें सूचना मिली तो हम घर आए थाने पर गए। चंदन शराब नहीं पीता था। उन युवकों से उसकी अच्छी दोस्ती थी। आरोपियों ने बताया कि अंडा खाने के बाद रकम देने के लिए कहा। क्योंकि चंदन के केरल से काम करके आया था तो उसके पास पैसा था।

इस वजह से उससे पैसे देने के लिए कहा, लेकिन उसने पैसे देने की बजाय नसीहत देने कहा। उसने कहा कि मेहनत करके रकम कमाओ और खर्च करो। नशे में होने के कारण गुस्सा आया तो उसे केले के खेत में लेकर जाकर गला रेत दिया। जब उसकी मौत हो गई तो उसे पत्ते से ढक कर घर चला गया। पुलिस की पूछताछ में पोल खुल गई तो पकड़ लिए गए।

REDMI NOTE 8 PRO SMEDIAICELL MR 18/09/2023 07:17

# रजा लोगों को विवाद में फंसा कर करता था मनमानी-वसूली

## घेरेबंदी के बाद पकड़ा गया था पूर्व भाजपा नेता, पुलिस ने भिजवाया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट, पॉक्सो के आरोप में गिरफ्तार पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के बारे में कई खुलासे हो रहे हैं। उसके काले कारनामों की पोल खुलने लगी है। बताते हैं कि वह मोहल्ले के लोगों को विवाद में फंसा कर धन उगाही करता था। लोगों ने बताया कि मोहल्ले में छोटे-छोटे मामलों में लोगों को उलझाना उसकी आदत थी। चर्चा है कि उसपर कार्रवाई होने से लोगों ने काफी राहत महसूस की है।

वहीं, रजा को रविवार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, रजा को गिरफ्तार करने के लिए 15 टीमें लगी थीं। शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि वह सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव में आया हुआ है।

कुछ देर बाद नेपाल चला जाएगा। सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर जाकर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ उसने पुलिस को कई अहम जानकारी दी। राही मासूम रजा पर आरोप है कि उसने एक युवती से दुष्कर्म, उसकी छोटी बहन से छेड़छाड़ की और उसके भाई को मारा-पीटा। रजा की करतूत से परेशान पीड़िता के पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपी राही मासूम राज की गिरफ्तारी कर रविवार को जेल भेज दिया गया। मामले में और जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**आरोपी बोला-नेपाल इलाज कराने गया था :** कोतवाली परिसर में पुलिस अभिरक्षा में गाड़ी में बैठने के दौरान आरोपी राही मासूम ने बताया कि मैं कहीं भागा नहीं था। नेपाल में इलाज कराने गया था। हालांकि कई अन्य सवालों उसने चुप्पी साध ली।


**रजा के अवैध मकान पर चल सकता है बुलडोजर**

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### गिरफ्तार होने के बाद भाजपा के कुछ नेताओं ने ली राहत की सांस

**रजा** के गिरफ्तार होने की खबर जैसे ही फैली भाजपा के कुछ नेताओं ने राहत की सांस ली। सूत्र बताते हैं कि मामले में पुलिस कुछ नेताओं से पूछताछ कर रही थी। इससे वे परेशान थे।



राही मासूम रजा को ले जाती पुलिस। संवाद

### बगैर नक्शे के बना है घर, दिया नोटिस

महराजगंज। राही मासूम का घर बिना नक्शा पास कराए ही बना है। प्रशासन की ओर से नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब आने के बाद अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अभी उसके घर को नहीं गिराया जाएगा। आरोपी के घर को किराएदारों ने खाली कर दिया है। आरोपी रजा के जवाब दाखिल करने के बाद प्रशासन अगली प्रक्रिया शुरू करेगा। तब तक उसके घर को नहीं गिराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी कार्रवाई प्रक्रिया के तहत होती है। बिना नक्शा के घर बना है। इसके लिए नोटिस भेजकर जवाब तलब किया गया है। जवाब आने के बाद अगली कार्रवाई शुरू की जाएगी। संवाद

REDMI NOTE 8 PRO
SMEDIA CELL MRJ
18/09/2023 07:20

# किशोरी को भगाने वाले आरोपी युवक को भेजा जेल

महराजगंज। चौक थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल आई किशोरी को बहलाफुसला कर भगाने के मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ठूठीबारी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने चौक थाने में तहरीर देकर कहा था कि बेटी चौक थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल आई थी। उसी गांव का एक युवक उसे बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस छानबीन में जुटी थी। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि युवक सिंदुरिया चौराहा से कहीं भागने की फिराक में है। संवाद

# दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मना करने पर अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया**

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव में दोस्त की पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित युवती ने श्यामदेउरवां थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार पति की गैर मौजूदगी में उसका दोस्त घर आता-जाता रहता था। एक बार वह घर आया और उसकी पत्नी का मोबाइल लेकर चलाने लगा। मोबाइल से उसका फोटो व वीडियो अपने मोबाइल में भेज लिया। उसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान उसने दुष्कर्म भी किया और अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह हमेशा अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाने लगा। महिला के मना करने पर उसका अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नई खबर के कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर

# गोंडा से भटकी वृद्ध महिला को जीआरपी ने परिजनों को किया सुपुर्द

फरेंदा। मैलानी एक्सप्रेस में बेटे के साथ यात्रा कर रही 75 वर्षीय महिला गोंडा रेलवे स्टेशन पर भटक गई। मां के गायब होने के बाद बेटे ने परेशान होकर सूचना जीआरपी कंट्रोल रूम को दी। उसके बाद जीआरपी आनंदनगर टीम ने सघन तलाशी के बाद महिला को हमसफर ट्रेन से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी आनंदनगर आदित्य सिंह ने बताया कि दोहरीघाट गोरखपुर के गौरीडीह निवासी अरविंद कुमार अपनी मां पन्ना देवी 75 के साथ लखनऊ से गोरखपुर के 15010 मैलानी एक्सप्रेस में सवार हुए थे। गोंडा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के उतरने के दौरान गलती से पन्ना देवी ट्रेन से उतर गई और दूसरे ट्रेन में सवार हो गई। बेटा अरविंद कुमार मां के गायब होने की जानकारी होते ही परेशान हो उठा। उसने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस सक्रिय हो गई और सिद्धार्थनगर व आनंदनगर में तलाश शुरू कर दी। संवाद

# प्रेमी सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थिति में युवती का शव शनिवार को मिला था। रविवार को प्रेमी सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ। शनिवार को देर शाम घर पहुंची युवती की मां गांव के ही एक युवक व उसकी मां, बहन व भाई पर आत्महत्या के लिए उकसाने व मारने-पीटने का आरोप लगाया। युवती की मां ने बताया कि करीब दो माह पहले गांव के ही एक युवक ने चोरी-छिपे मेरी बेटी से शादी कर ली। बेटी जब उसके घर जाने के लिए कहती तो वह कुछ समय मांगता और कहता था कि परिवार में सामंजस्य बनते ही घर ले चलूंगा। यह कहकर वह बाहर कमाने चला गया। उसकी अनुपस्थिति में उसकी मां, बहन और भाई मिलकर बेटी को प्रताड़ित करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। संवाद

REDMI NOTE 8 PRO
SMEDIA CELL MRJ 18/09/2023 07:21

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2023

# तमंचे के साथ अन्तरजनपदीय इनामी टप्पेबाज गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** बैंकों में जाकर धोखे से भोले भाले नागरिकों को अपने झांसे मेंलेकर नकदी लेकर फरार हो जाने वाले अन्तरजनपदीय ईनामियां शातिर अपराधी को




गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में जानकारी देती पुलिस।

जिले की लालगंज व एसओजी टीम नेबानपुर मोड़ सेधर दबोचा।उसके कब्जे से तमंचा, नकदी व एटीएम व बैंक पासबुक बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया टप्पेबाज अम्बेडकरनगर का निवासी है जिसके विरु द्ध बस्ती के अलावा संतकबीरनगर जनपद में भी अभियोग पंजीकृत है।

बीते दिनों लालगंज थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर निवासी राम तीरथ पुत्र राम दुलारे को झांसे में लेकर उनके पास से पचास हजार रुपये टप्पेबाजी कर उड़ा लेने के मामले में लालगंज व एसओजी टीम को घटनाकारित करने वाले अभियुक्त की तलाश थी। मुखबिर की सूचना पर दोनों ही टीमों ने लालगंज थाना क्षेत्र के बानपुर मोड़ से रविवार की सुबह दस बजे के आसपास आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गये बदमाश की पहचान विजय प्रताप यादव पुत्र शमसेर यादव निवासी खरुवईया थाना राजे सुलतानपुर जनपद अम्बेडकर के रूप मे हुई। इसके कब्जे से तीन हजार रुपये नकद , एक तमंचा 12 बोर मय कारतूस, बैंक आफ बड़ौदा केखाते में तीस हजार रुपये नकद, संतकबीरनगर जनपद के महुली थाने में पंजीकृत मामले से संबंधित एक पासबुक व तीन एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। पकड़े गयेअभियुक्त के बारे में पता चला कि वह अन्तरजनपदीय टप्पेबाज है और उसके ऊपर

**एसओजी व लालगंज टीम को मिली कामयाबी,पकड़ा गया टप्पेबाज अम्बेडकरनगर का निवासी**

**नकदी,एटीएम व टप्पेबाजी से हड़पा गया बैंक पासबुक भी बरामद**

ईनाम भी घोषित है। टप्पेबाज विजय यादव के विरुद्ध संतकबीरनगर के महुली थाने मेंवर्ष 2023 में धारा 406,420 आईपीसी के अलावा इसी थाने में इन्ही धाराओं में एक और मुकदमा पंजीकृत है। लालगंज थाने में भी विजय के विरुद्ध धारा 420,3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष लालगंज जितेन्द्र सिंह, प्रभारी एसओजी गजेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी चौकी कुदरहा अरविन्द यादव, चौकी प्रभारी महादेवा, हेड का.अशोक कुमार, शेषनाथ व प्रभुनाथ यादव शामिल रहे।

# क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने जिले के सीओ सर्किल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। बीते दिनों आईजी के निरीक्षण के दौरान सरकारी आवास पर लोकेशन मिलने के कारण सीओ सिटी आलोक प्रसाद कोसदर क्षेत्र से हटा दिया गया है। उनके जगह पर कलवारी के क्षेत्राधिकारी विनय चौहान को सदर तहसील की जिम्मेदारी दी गयी है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी नेदेर रात किये स्थानान्तरण में पुलिस उपाधीक्षक-क्षेत्राधिकारी कलवारी रहेविनय चौहान को सीओ सिटी की जिम्मेदारी सौंपा है। विनय चौहान थाना कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज व महिला थाना के आपराधिक व अन्य कार्यो का पर्यवेक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सौपे गयेअन्य कार्यो का भी संपादन करते रहेंगे। साथ ही महिला सहायता प्रकोष्ठ परिवार परामर्श केन्द्र, रिड्स सेल,मानीटरिंग सेल, डीसीआरबी,आईटी सेल, सर्विलान्स, साइबर सेल,आंकिक व डायल 112 के पर्यवेक्षण का जिम्मा भी इनके पास रहेगा। साथ ही रुधौली सर्किल के लिंक आफिसर भी विनय चौहान रहेंगे। स्थानान्तरित किये गये आलोक प्रसाद को कलवारी सर्किल की जिम्मेदारी दी गयी है। श्री प्रसाद थाना कलवारी, कप्तानगंज, दुबौलिया व नगर के आपराधिक व अन्य कार्यो का पर्यवेक्षण करेंगे। इसके अलावा यातायात, आईजीआरएस,पीआरओ-सोशल मीडिया सेल व प्रज्ञान शाखा,भवन, फायर सर्विस, फील्ड यूनिट, अपराध शाखा व पुलिस लाइन के कार्यो का पर्यवेक्षण करने के साथ साथ क्षेत्राधिकारी हर्रैया के लिंक आफिसर का जिम्मा भी संभालेंगे।

# घर से गायब छात्रा की मिली लाश

**बस्ती (एसएनबी)**। दो दिनों से घर से लापता मुंडेरवा थाना क्षेत्र के छितही गांव की रहने वाली किशोरी का शव कोतवाली थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास तालाब में मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे मेंलेकर अन्त्य परीक्षण केलिए भेज दिया। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के छितही गांव के रहने वालेएक युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजी काजल घर से सुबह पढ़नेकेलिए निकली थी। शाम होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनूपार के निकट दौलतपुर पोखरे के पास काजल का बैग व साइकिल बरामद हुई जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा धारा 363 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर किशोरी की तलाश शुरू की। इस मामले मेंपुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मुन्डेरवा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शनिवार शाम को कोतवाली में सूचना दी कि उनके घर की लड़की शनिवार को घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही लौटकर घर ही पहुंची। इसके बाद मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही थी। लेकिन शनिवार शाम को उसका कुछ पता नहीं चल पाया। रविवार को पुलिस ने दोबारा तलाशी शुरू की तो छात्रा का शव दौलतपुर गांव के पास तालाब में मिला। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण का पता चलेगा। घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है।

# तीन लोगों पर दर्ज हुआ गुण्डा एक्ट का केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत लालगंज थाने की पुलिस नेतीन लोगो पर गुण्डा एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसान लालगंज थाने की पुलिस ने मोहम्मद आरिफ उर्फ लालबाबू पुत्र बकरीदन, विजय पुत्र बाली निवासीगण बानपुर थाना लालगंज व धर्मेश निषाद पुत्र केशराम निवासी तिघरा थाना लालगंज के विरुद्ध 3/4 गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगणो द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए क्षेत्र में रहकर मारपीट, लूट तथा अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके कृत्यों से क्षेत्र की आम जनता में भय का माहौल व्याप्त था। थाने में अभियुक्तों के विरुद्ध कई मुकदमें भी पंजीकृत किये जा चुके थे, जिससे यह कार्यवाही किया गया।

# 18 बनी हाशिम की शहादत याद की गई

बस्ती, निज संवाददाता। कर्बला के शहीद 18 बनी हाशिम (पैगम्बर के वंशज) की याद में शनिवार रात इमामबाड़ा शाबान मंजिल, गांधीनगर में मजलिस व मातम का आयोजन हुआ। ताबूत, अलम व जुलजुनाह इमामबाड़ा परिसर में निकाला गया, जिसकी सोगवारों ने जियारत कर शहीदों को खिराजे अकीदत पेश किया। उतरौला, बलरामपुर से आई मेहमान अंजुमन, अंजुमने- कमरे बनी हाशिम व स्थानीय अंजुमने-इमामिया ने नौहाख्वानी पेश किया।



इमामबाड़ा शाबान मंजिल में निकाले गए ताबूत की जियारत करते सोगवार।

कार्यक्रम स्थल पर कर्बला के एक-एक शहीद का ताबूत आता रहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मौलाना हैदर मेंहदी शहादत को बयान कर रहे थे। नन्हे शहीद अली असगर का झूला जब आया तो लोगों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे थे। कभी मौला अब्बास का ताबूत आया तो कभी इमाम हुसैन का जुलजुनाह जियारत के लिए लाया गया। मौलाना ने कहा कि पैगम्बर ने लोगों तक इस्लाम की शिक्षाओं को फैलाने के लिए बड़ी कुर्बानियां पेश की हैं, वहीं इन शिक्षाओं की रक्षा के लिए उनके घर वालों ने समय-समय पर शहादत का नजराना पेश किया है। उनमें सबसे बड़ी कुर्बानी कर्बला के मैदान में पेश की गई।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, तीन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने मिलकर एक युवक की पिटाई किया। इस सम्बन्ध में पीड़ित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर थानान्तर्गत ओठघनपुर गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने सूरज यादव को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सूरज यादव पुत्र बलराम यादव निवासी ओठघनपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रबी सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी रानीपुर (बेलाड़ी) थाना नगर, गौरव सिंह व शुभम सिंह निवासीगण मरवटिया बाबू थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक युवती की पिटाई किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। परसरामपुर थानान्तर्गत जगन्नाथपुर गांव में मामूली विवाद की बात को लेकर सकीना को उसके भाई लाल बाबू ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सकीना पुत्री निजामुद्दीन निवासिनी जगन्नाथपुर थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लाल बाबू पुत्र निजामुदीन निवासी जगन्नाथपुर थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक को बाइक ने मारी ठोकर

**बस्ती (एसएनबी)।** सड़क के बगल में खड़े युवक को तेज रफ्तार के बाइक चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। इस सम्बन्ध में घायल की पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। छावनी थानान्तर्गत नई बाजार स्थित धर्मेन्द्र चौहान सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। इतने में तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 51 एए/ 6214 के चालक ने उसे लापरवाही पूर्वक आकर जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे धर्मेन्द्र चौहान गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। मामले में घायल की पत्नी गीता चौहान निवासिनी नटौवा थाना छावनी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि कब्जा करने को लेकर महिला को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर विपक्षियों ने मिलकर एक महिला की पिटाई किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। परसरामपुर थानान्तर्गत धरमनगर गांव में कुछ लोग लक्ष्मी देवी के जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। जिन्हे ऐसा करने से लक्ष्मी व उसकी बेटी खुश्बू द्वारा रोकने पर दोनो को गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता लक्ष्मी देवी पत्नी सोमनाथ मिश्र निवासिनी धरमनगर थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विमला पत्नी विन्ध्याचल, मंजू पुत्री विन्ध्याचल, अंकिता पुत्री शंकर दयाल शुक्ला निवासीगण धरमनगर थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गांजा बरामद, एक धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को 1.500 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती मय पुलिस टीम द्वारा थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत शांति-कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों-वाहनों की चेकिंग के दौरान कठिनैया पुल बहद ग्राम पुरैना थाना पुरानी बस्ती सोनू पुत्र राम चंद्र पासवान को 1 किलोग्राम 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर थाना पुरानी बस्ती पर मुअमुकदमा पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सोनू पुत्र रामचंद्र पासवान निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना ब्रह्मपुर जनपद मुजफ्फरनगर (बिहार) वर्तमान पता- ग्राम गडगोड़िया थाना कोतवाली बस्ती है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है।



# पंचायत भवन पर ग्रामीणों ने काटा बवाल

**बभनान (एसएनबी)।** गौर विकास खंड के ग्राम के पंचायत सुअरबरवा के पंचायत भवन में शनिवार की रात ताला बंद कर प्रधान प्रतिनिधि तथा सचिव से खाने- पीने के दौरान पहुंचे ग्रामीणो में खूब नोकझोंक हुई । ग्रामीण सचिव समेत अन्य लोगो पर पंचायत भवन में मुर्गा दारू की करने का आरोप लगा रहे है। शनिवार को गौर ब्लाक के सुअरबरवा गांव पंचायत के भवन पर देर शाम उस समय-अफरा तफरी मच गयी जब दोपहर करीब दो बजे पंचायत सचिव संजीव कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूर्यमणि व परशुरामपुर मे सफाई कर्मी के पद पर तैनात सुखराम पंचायत भवन का ताला बंद कर अंदर बैठे थे। देर शाम तक न वे लोग बाहर निकले और न ही ताला खुला। तभी ग्रामीण पंचायत भवन आ पहुंचे और हल्ला गुहार करते हुए सामुदायिक शौचालय बंद होने का कारण पूछने लगे। कहा सुनी के बाद बात गाली गलौज तक पहुंच गयी। ग्रामीणो का आरोप है कि लोग नशे में थे। इस संबंध में सचिव ने कहा कि भूख लग गयी तो खाना बनवाकर अपने पसंद का खा रहा था। लोग चाहे जो भी आरोप लगाये अब वही पर रात्रि निवास भी करूगा।

# आज मनायी जायेगी तृतीय पुण्य तिथि

**बस्ती (एसएनबी)।** पूर्वांचल के वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल कुमार श्रीवास्तव की तृतीय पुण्य तिथि कल सोमवार को बस्ती प्रेस क्लब के सभागार मे मनायी जाएगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रविवार को यहां यह जानकारी देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने बताया है कि कल सोमवार को प्रेस क्लब के सभागार में पूर्वांचल के वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल कुमार श्रीवास्तव की तृतीय पुण्य तिथि समारोह पूर्वक मनायी जायेगी। उनकी स्मृति मे स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जायेगा।

# टप्पेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। लालगंज बड़ौदा यूपी बैंक से रुपये निकालकर घर जा रहे किसान से पचास हजार रुपये टप्पेबाजी करने वाले व्यक्ति को लालगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व तीन हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। उसके बैंक खाते में भी तीस हजार रुपये जमा पाए गए। खाते को पुलिस ने सीज करा दिया है। पूछताछ में उसने बताया कि बाकी रकम उसने खर्च कर दी है।

- लालगंज पुल के पास 25 जुलाई को हुई टप्पेबाजी
- टप्पेबाज के बैंक खाते में मिले तीस हजार रुपये

लालगंज थानाक्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी किसान राम तीरथ का बड़ौदा यूपी बैंक लालगंज की शाखा में खाता है। वह 25 जुलाई को अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाले थे। वहां से लौटकर साइकिल से अपने गांव जा रहे थे। लालगंज बाजार के पुल के उस पार रविदास मंदिर के सामने पहुंचने पर बाइक सवार तीन युवक पहुंचे। रामतीरथ को रोककर नीली शर्ट पहने एक युवक ने कहा कि आपके पचास हजार रुपये में से कुछ नोट नकली हैं। हमको मैनेजर साहब ने बुलाने को भेजा है। वहां आपकी नोट बदलकर दूसरी नोट दे दी जाएगी। बातों में फंसाकर पासबुक और रुपये उन युवकों ने ले लिए और पीछे-पीछे बैंक आने को कहा। साइकिल से रामतीरथ उसके पीछे-पीछे चल रहे थे। मगर कुछ देर बाद बाइक सवार ओझल हो गए। बैंक पहुंचे तो पता चला कि वह बाइक सवार ठगी करके भाग निकले। एसओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि एसओजी के सहयोग से लालगंज से बानपुर मोड़ के पुलिया के पास से विजय प्रताप यादव निवासी खरुवईया थाना राजे सुल्तानपुर जनपद अंबेडकरनगर को गिरफ्तार किया गया।

पुरानी बस्ती पुलिस ने रविवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान डेढ़ किलो गांजा लेकर जा रहे बिहार के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

बस्ती, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने रविवार को जिले में दो क्षेत्राधिकारी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। काफी लंबे समय के बाद एक साथ दो क्षेत्राधिकारियो के कार्य क्षेत्र में किए गए बदलाव के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद अब माना जा रहा है कि जल्द ही कई थाना प्रभारियों के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव देखने को मिल सकता है। आखिरकार आईजी की नाराजगी सीओ सिटी पर भारी पड़ गई।

## किसको कहां भेजा गया

पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने शनिवार को सात पुलिस कर्मियों के लाइनहाजिरी के बाद रविवार को भी जारी रहा। पुलिस कप्तान ने सीओ कलवारी विनय चौहान को सीओ सिटी बनाया है। क्षेत्राधिकारी सदर के साथ ही महिला सहायता प्रकोष्ठ( परिवार परामर्श केन्द्र), रिट सेल मानीटरिंग सेल, डीसीआरबी, आईटी सेल, सर्विलांस, साइबर सेल, आंकिक, डायल 112 के कार्यो का पर्यवेक्षण करेंगे।

# घर से स्कूल निकली किशोरी की मिली लाश

- परिजनों ने एक दिन पहले कोतवाली में दी थी सूचना
- कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास मिली लाश

सोनूपार (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के तालाब में 10वीं के छात्रा की संदिग्ध हालत में उतराती लाश मिली। छात्रा एक दिन पहले घर से स्कूल के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

जानकारी के मुताबिक मुंडेरवा थानांतर्गत छितहीं नर्सिंग गांव निवासी ब्रजेश उर्फ कन्हैया की 15 वर्षीया बेटी काजल शनिवार की सुबह रोज की तरह पोखरा दौलतपुर स्थित एक स्कूल में पढ़ाई के लिए गई थी। घर से एक किलोमीटर दूर दौलतपुर गांव के तालाब व बाग के पास शनिवार को साइकिल व स्कूल बैग लावारिश हालत में मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 100 को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के दौरान बाग में मिले छात्रा के आधार कार्ड में लिखे पते पर सूचना दी। वहां पर आए परिवार के लोगों ने तालाब के चारों तरफ शनिवार शाम तक ढूंढते रहे। पता नहीं चलने पर छात्रा काजल के चाचा गोविंद ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। अगले दिन रविवार की सुबह दस बजे दौलतपुर गांव के तालाब में काजल का शव उतराते हुए मिला। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना सोनूपार पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

> गुमशुदा छात्रा की लाश को तालाब से बरामद कर उसके शव का पीएम कोतवाली पुलिस करा रही है। मामले की तहकीकात पुलिस कर रही। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **दीपेन्द्र नाथ चौधरी**, एएसपी

# छेड़खानी में एक नामजद

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़खानी करने की घटना सामने आई है। पुलिस  ने रामअवध निवासी परसोहिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बाइक सवार के खिलाफ केस

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र के भैसहिया खुर्द बुजुर्ग चौराहे पर बाइक की ठोकर से घायल वृद्धा राजकुमारी की मौत के मामले में सोनहा पुलिस ने मृतका के पुत्र पिंटू निषाद के तहरीर पर बाइक चालक पर केस दर्ज किया है।

# आगंनबाड़ी केन्द्र में चोरी

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र के ग्राम पचांयत कवलपुर आगनंबाड़ी केन्द्र में चोरों ने कमरे में लगा वाईफाई, कुर्सी व मेज उठा ले गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सोनहा पुलिस को दी है।

# मारपीट के मामले में 7 नामजद

बस्ती। परसरामपुर, नगर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत सात लोगो के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज किया है। परसरामपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में सकीना को उसके पट्टीदार लालबाबू ने धमकी देकर मारापीटा है। पुलिस ने सकीना की तहरीर पर केस दर्ज किया है। वहीं धरमनगर गांव में जमीन के विवाद को लेकर लक्ष्मी देवी की बेटी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने लक्ष्मी की तीरीर पर उसके गांव के ही विमला, मंजू और अंकिता पर केस दर्ज कर घटना की तहकीकात शुरु कर दी है। नगर थानांतर्गत ओठघनपुर गांव में पुलिस ने सूरज यादव की तहरीर पर रवी सिंह निवासी रानीपुर, बेलाड़ी, गौरव सिंह और शुभम सिंह निवासी मरवटिया बाबू के खिलाफ जान से मारने की धमकी व पिटाई का केस दर्ज किया है।

# तीन अलग-अलग मारपीट के मामले में सात नामजद

बस्ती : परशुरामपुर व नगर थाना क्षेत्र में तीन अलग- अलग मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत सात लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में सकीना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पट्टीदार लालबाबू पुत्र निजामुद्दीन ने उसे धमकी देकर मारापीटा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के धरमनगर गांव में जमीन के विवाद को लेकर लक्ष्मी देवी की बेटी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने लक्ष्मी की तहरीर पर उसके गांव के ही विमला, मंजू और अंकिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के ओठघनपुर गांव के सूरज यादव की तहरीर पर पुलिस ने रवी सिंह निवासी रानीपुर, बेलाड़ी, गौरव सिंह और शुभम सिंह निवासी मरवटिया बाबू पर धमकी देकर पिटाई करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# सोना चोरी के मामले में अभी तक जीआरपी के हाथ खाली

जासं, वस्ती: आम्रपाली एक्सप्रेस से सोना चोरी होने के मामले में अभी तक जीआरपी पुलिस को कोई सफलता नही मिली है। जीआरपी सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

अमृतसर के रहने वाले सराफ व्यापारी हरप्रीत सिंह ने जीआरपी बस्ती को तहरीर देकर बताया था कि 12 सितंबर को वह अकेले ट्रेन नंबर 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 सीट नंबर सात पर यात्रा कर रहे थे। वह अमृतसर के व्यास रेलवे स्टेशन से बस्ती के लिए यात्रा कर रहे थे। उनके पास एक किलो 397 ग्राम 650 मिली ग्राम सोने के आभूषण थे। जिसको बैग में रखे थे। इसका बिल भी उनके पास है। उनके अनुसार यात्रा के दौरान रात साढ़े नौ बजे वह सो गया। अगले दिन 13 सितंबर की सुबह 6.20 बजे उनके भाई नवप्रीत सिंह ने काल की तो हरप्रीत की नींद खुली। तब उन्होंने देखा कि उनका बैग नहीं है। उस समय ट्रेन गोंडा आउटर को क्रास कर रही थी। जीआरपी ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जीआरपी व्यास व गोंडा रेलवे स्टेशन पर लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। जीआरपी थाना बस्ती के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि मामले में जीआरपी सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सल्टौआ**: सोनहा पुलिस ने बाइक की ठोकर से मौत के मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र के भैसहिया खुर्द बुजुर्ग निवासी पिंटू निषाद ने तहरीर देकर बताया कि गांव के चौराहे पर उसकी मां राजकुमारी खड़ी थीं तभी एक बाइक चालक ने ठोकर मार दिया था। जिससे उसकी मां की मौत हो गई।

# लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** छावनी पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में घायल धर्मेंद्र चौहान निवासी नटौआ थाना छावनी की पत्नी गीता ने तहरीर देकर बताया कि तीन सितंबर को शाम सात बजे थानाक्षेत्र के नई बाजार सड़क के किनारे उनके पति धर्मेंद्र खड़े थे।

तभी तेज गति से बाइक चलाने वाले अज्ञात ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

बस्ती। जिले के दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीओ सिटी रहे आलोक प्रसाद को सीओ कलवारी बनाया गया है। जबकि सीओ कलवारी रहे विनय कुमार चौहान को सीओ सिटी बनाया गया है। संवाद

# गला घोंटकर किसकी हुई थी हत्या... रहस्य कायम

## गोकुलपुर में मिला था बोरे में भरा शव, महिला के शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम में पुरुष होने का चला था पता

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। गला घोंटकर मौत के घाट उतारने के बाद शव को बोरे में भरा और नहर में फेंक दिया। शव मिलने के 10 दिन बाद भी इस हत्याकांड की गुत्थी दुबौलिया पुलिस नहीं सुलझा पाई। यहां तक उसकी पहचान तक नहीं कर पाई। पुरुष के शव को महिला बताकर पोस्टमार्टम के लिए भेज देने वाली पुलिस ने कानूनी दांवपेच से बचने के लिए अज्ञात पर एफआईआर तो दर्ज कर लिया, लेकिन तफ्तीश करने में उसके पसीने छूट रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के पास चार सितंबर की सुबह सरयू नहर की पुलिया के नीचे झाड़ में फंसे बोरे में एक शव मिला था। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने बोरे में शव होने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी थी। थाने से करीब 600 मीटर दूर मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरे को खोलवा कर देखा तो हाथ पैर कपड़े की पतली पट्टी से बंधा हुआ था।

पानी में रहने के कारण शव फूल गया था। सड़न होने लगी थी। पुलिस ने बोरे को खुलवा कर एक नजर देखा और बताया कि शव किसी युवती का है। उम्र करीब 24-25 वर्ष आंकी गई।

शरीर पर लाल रंग का कुर्ता और सफेद लैगी या पायजामा जैसा कपड़ा देखा गया। 72 घंटे बाद जब पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टर ने शव को चीर घर मंगाया तो शव युवक का निकला। इस लापरवाही पर एसपी ने सीओ से जांच का आदेश दिया है।

### साधु जैसे शख्स की गला कसकर की गई थी हत्या

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, लंबे बालों वाले उस युवक की हत्या गले में रस्सी कसकर की गई थी। उसके गले में चार चक्कर रस्सी बांधी गई थी जिससे गले की हड्डी टूट गई थी। इसके बाद हाथ-पांव कपड़े की फित्ती से बांधकर बोरे में भरा गया था। हुलिया और हाथ में लिपटा माला देखने से लग रहा है था कि शव किसी साधु का है। हाथ में माला लिपटी हुई थी।

*सोशल मीडिया के माध्यम से आंबेडकर नगर, अयोध्या, गोंडा, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिले से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से हुलिया प्रसारित की गई है। उम्मीद है कि जल्द कामयाबी मिल जाएगी।* – इंद्रभूषण सिंह, विवेचक

# छेड़खानी में एक नामजद

सल्टौआ: सोनहा पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रामअवध निवासी परसोहिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## जमीन कब्जा करने के लिए मारपीट

बस्ती। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के धरमनगर में जमीन पर कब्जा करने को लेकर शनिवार को मारपीट हो गई। इस संबंध में लक्ष्मी देवी पत्नी सोमनाथ ने तहरीर दी। आरोप लगाया है कि शनिवार की सुबह करीब नौ बजे गांव की विमला पत्नी विंध्याचल, मंजू पुत्री विंध्याचल और अंकिता पुत्री शंकर दयाल पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। संवाद

## छेड़खानी के मामले में केस दर्ज

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़खानी करने की घटना सामने आई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रामअवध निवासी परसोहिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## गांजा के साथ एक पकड़ा गया

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने रविवार को संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान डेढ़ किलो गांजा के साथ बिहार के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओ महेश सिंह ने बताया कि कठिनैया पुल से सोनू निवासी सिकंदरपुर थाना ब्रह्मपुर जनपद मुजफ्फरनगर (बिहार) को पकड़ा गया। वह वर्तमान में गड़गोड़िया थाना कोतवाली में रहता है। उसके खिलाफ चोरी का पहले से एक मामला दर्ज है। संवाद

## बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र के भैसहिया खुर्द बुजुर्ग चौराहे पर बाइक की ठोकर से घायल वृद्धा राजकुमारी की मौत के मामले में सोनहा पुलिस ने मृतका के पुत्र पिंटू निषाद की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ केस पंजीकृत किया है। संवाद

## रंजिशन मारा-पीटा, तीन नामजद

बस्ती। नगर थाना पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में ओठघनपुर निवासी सूरज यादव ने तहरीर दी। उन्होंने बताया है कि शनिवार की शाम करीब 7:30 बजे रानीपुर बेलाड़ी निवासी रवि सिंह, मरवटिया बाबू निवासी गौरव सिंह व शुभम ने अपशब्द कहते हुए पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

## हमले में युवक घायल

विक्रमजोत। छावनी थाना क्षेत्र के पावड़ गांव में बीती रात हमले में युवक घायल हो गया। थाना क्षेत्र के पावड़ गांव निवासी दुर्गा प्रसाद अपने मकान में शनिवार की रात सो रहे थे कि रात करीब ढाई बजे अज्ञात लोगों ने हमला कर घायल कर दिया और फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी छावनी पुलिस को दी। संवाद

## बाइक से टक्कर मारने के आरोप में केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने सड़क के किनारे खड़े युवक को बाइक से टक्कर मारने के आरोपी पर केस दर्ज किया है। नटौआ निवासी घायल धर्मेंद्र चौहान की पत्नी गीता ने तहरीर दी है। तहरीर में कहा है कि तीन सितंबर की शाम करीब सात बजे नई बाजार में सड़क के किनारे पति धर्मेंद्र खड़े थे। तभी तेज गति से बाइक लेकर पहुंचे चालक ने चपेट में ले लिया। संवाद

## बहन ने भाई पर दर्ज कराया केस

बस्ती। परशुरामपुर थानाक्षेत्र के जगन्नाथपुर में मारपीट के मामले में पुलिस ने बहन की तहरीर पर भाई पर केस दर्ज किया है। सकीना पुत्री निजामुद्दीन ने तहरीर में कहा है कि 11 सितंबर की रात करीब 11 बजे भाई लालबाबू ने अपशब्द कहते हुए पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। संवाद

# घर से स्कूल गई छात्रा का शव पोखरे में मिला

## मुंडेरवा थानाक्षेत्र के छितही नरसिंह गांव की रहने वाली थी काजल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शनिवार को घर से स्कूल निकली हाईस्कूल की छात्रा का शव रविवार को कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास पोखरे में मिला। उसका बस्ता और साइकिल भी पोखरे के पास मिली।

जानकारी के अनुसार, मुंडेरवा थाना क्षेत्र के छितही नरसिंह गांव की रहने वाली 15 वर्षीय काजल पुत्री बृजेश उर्फ कन्हैया दौलतपुर में निजी विद्यालय में 10वीं की छात्रा थी। उसके चाचा गोविंद ने बताया कि रोज की तरह काजल साइकिल से शनिवार की सुबह स्कूल के लिए निकली थी। घर नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पोखरे के पास उसका बस्ता और साइकिल मिली।

देर रात इसकी पुलिस को जानकारी दी गई। अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस खोजबीन करने लगी। रविवार सुबह उसी पोखरे में उसका शव पाया गया।

## डूबने से हुई मौत तो कपड़े पर कहां से आए खून के धब्बे

**बस्ती।** छात्रा काजल की मौत पानी में डूबने से हुई है। शरीर पर खरोच या चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम में इसकी पुष्टि तो हुई है, लेकिन कपड़े पर खून के दाग मिले हैं। इस कारण कई आशंकाएं होने लगी हैं। हालांकि यौन शोषण के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

जानकारों का कहना है खून पीरिएड के भी हो सकते हैं। इस संबंध में पुलिस विशेषज्ञों से विस्तृत जानकारी ले रही है। परिवार के लोगों से भी पीरियड को लेकर बातचीत की जा रही है।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी का कहना है कि छात्रा की मौत डूबने के कारण हुई है। उसके पेट और फेफड़ों में पानी पाया गया है। ऐसा तभी होता है जब कोई इंसान जिंदा पानी में डूब जाए। पास से सीसीटीवी फुटेज में भी लड़की अकेली जाती दिखी है। उसकी साइकिल भी स्टैंड पर सही सलामत खड़ी मिली है। जिससे स्पष्ट है कि वह खुद ही पोखरे में कूदी। जहां तक खून के दाग मिलने का सवाल है, इस बारे में डॉक्टरों से भी राय ली जा रही है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। संवाद

### परिवार में पड़ी थी डांट

छात्रा की तालाब में डूबने के पीछे क्या रहस्य है इसकी छानबीन पुलिस कर ही रही है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक काजल को किसी बात पर परिवार के लोगों ने डांटा-फटकारा था। जिसे लेकर वह शुक्रवार को गुमसुम थी। एक आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि कहीं उसी से क्षुब्ध होकर में उसने ऐसा कदम न उठा लिया हो।

पुलिस के अनुसार, छात्रा के कपड़े, जूते-मोजे सब बिल्कुल दुरुस्त पाए गए हैं। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# पैमाइश करने गए लेखपाल को पीटा

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में पैमाइश करने गए हल्का लेखपाल से मारपीट का मामला सामने आया है। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने हरदेवा गांव निवासी गोरखनाथ पर केस दर्ज किया है। रविवार को लेखपाल विनोद कुमार चौधरी बहादुरपुर गांव में सर्वे करने गए थे। आरोप है कि हरदेवा निवासी गोरखनाथ इसका विरोध करने लगे। लेखपाल के मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई। लोगों ने लेखपाल को बचाया। एसओ कलवारी ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023

# त्योहारों को लेकर बैठक

डिड़ई (एसएनबी)। आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी, बारावफात व हरितालिका तीज को सकुशल संपन्न कराने हेतु शिवनगर थाने पर बुलाई गई क्षेत्र के गणमान्यों की बैठक रविवार दोपहर बाद थाना परिसर में सम्पन्न हुई।

क्षेत्राधिकारी बांसी देवी गुलाम व प्रभारी निरीक्षक शिव नगर डिडई गौरव सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में क्षेत्र के प्रधानगण, बीडीसी, धर्मगुरुओं, आयोजकों, मौलानाओं, मुतावलियो सहित अन्य संभ्रांत व्यक्तियों ने भी सहभागिता की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा लोगों को उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। त्यौहार से संबंधित संभावित विवादों के संबंध में भी चर्चा की गई। लोगों द्वारा बताया गया कि विगत वर्षों से यह सभी त्यौहार पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाता रहा। कहीं पर कोई समस्या अथवा विवाद का मामला सामने नहीं आया। अधिकारी द्वय द्वारा उपस्थित सभी से उक्त त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। बैठक में प्रधान राजेश सिह, रामनरेश चौरसिया, रोहित चौरसिया, अनिल चौधरी, मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल लतीफ, नसीर अहमद, महेश पांडे, हजरत अली, राम मिलन चौधरी, अजीमुल्लाह आदि सहित धर्मेन्द्र प्रजापति, सुरेन्द्र चंद, का. सुशील कुमार, का. अवनीश कुमार आदि पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग

**डुमरियागंज** : प्राथमिक विद्यालय गौरा के प्रधानाध्यापक के साथ अन्य स्टाफ चौकी प्रभारी शाहपुर ने परीक्षा के समय में ही पूछताछ के लिए चौकी पर बुला लिया। प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मिर्जा महबूब हसन ने कहा कि चौकी प्रभारी शाहपुर ने सरकारी नियमावली को ताख पर रखते हुए शिक्षकों को चौकी पर देर तक बैठाए रखा, जो निदनीय है। उन्होंने एसपी सिद्धार्थनगर से मांग किया कि अध्यापकों को परेशान करने वाले चौकी प्रभारी शाहपुर पर तत्काल कार्रवाई कर निलंबित करें। अगर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन किया जाएगा।


# सिद्धार्थनगर के नए डीएम पवन अग्रवाल

लखनऊ। शासन ने गीडा के सीईओ पवन अग्रवाल को सिद्धार्थनगर का नया जिलाधिकरी नियुक्त किया है। वहीं, डीएम सिद्धार्थनगर का तबादला प्रतापगढ़ किया गया है।


## पूजे गए भगवान विश्वकर्मा, जनपद में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

### उपकरणों की पूजा–अर्चना के वाद किया गया मिष्ठान का वितरण, पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम

**जासं. सिद्धार्थनगर:** शहर से लेकर गांव तक विश्वकर्मा पूजा रविवार को धूमधाम से मनाया गया। घर से लेकर प्रतिष्ठानों तक सफाई कर लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस दौरान लोगों ने अपने वाहनों की धुलाई कर विधि-विधान से अर्चना की। पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने परिवहन शाखा के कर्मचारियों के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा से उन्नति और कुशलता प्राप्त होती है।



विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर मेडिकल कालेज के पीआइसीयू में लगे उपकरण की पूजा करती नोडल शालिनी पांडेय • सौ. स्वयं



इटवा बिजली स्टेशन पर विश्वकर्मा जयंती पर की जाती पूजा-अर्चना • जागरण



पुलिस लाइन परिसर में भगवान विश्वकर्मा की आरती करते एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल (मध्य में) • सौ.पीआरओ सेल

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के पीआइसीयू विभाग में लगे वेंटिलेटर, डिफाइब्रिलेटर एवं अन्य उपकरणों का नोडल पीआइसीयू डा.शालिनी पाण्डेय सीनियर रेजिडेंट की अगुवाई में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चे को वेंटिलेटर और पीआइसीयू में गंभीर बीमारियों का उपचार किया जाता है। इस मौके पर डा.फजल खान, श्रीश श्रीवास्तव, पंकज पासवान, अर्चना मैसी, मांडवी सिंह, अनीता वर्मा, सरोज पाण्डेय, राघवेंद्र द्विवेदी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग के वर्कशाप, नलकूप, सिंचाई समेत अन्य विभागों में भी विधि-विधान के साथ पूजा–अर्चना हुई। डुमरियागंज विद्युत वितरण केंद्र में उपखंड अधिकारी बबलू चौधरी की अगुवाई में भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। विद्युत सबस्टेशन खानतारा में जेई विनीत कुमार कुशवाहा, 132 केवी डुमरियागंज लालजी शर्मा समेत अन्य कर्मियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भइरिया, भवानीगंज, बयारा, बढ़नी चाफा, डुमरियागंज, बेवां, मन्नीजोत आदि स्थानों पर विश्वकर्मा जयंती की धूम रही।

शोहरतगढ़ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी प्रकार इटवा विद्युत उपकेंद्र पर हुए कार्यक्रम में एसडीओ कौशल किशोर व सुनील कुमार श्रीवास्तव, अवर अभियंता अवनीश मिश्रा, राजू कुमार, अनूप यादव व्यासजी चतुर्वेदी सहित सभी स्टाफ ने उपकरणों की पूजा–अर्चना की। फल एवं मिठाई वितरित की गई। बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कठौतिया बिजली उपकेंद्र पर विधि–विधान से उपकरण की पूजा की गई। अवर अभियंता सिद्धार्थनगर शंकर गुप्ता एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बिजौरा, खेहना, बढ़या, पचमोनी प्रतिनिधि के मुताबिक क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती पूजन–अर्चन कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाई गई। बांसी, उस्का, बर्डपुर, जोगिया, लोटन समेत अन्य क्षेत्रों में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना की गई।

### धूमधाम से मनाई गयी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**जागरण संवाददाता, उस्का बाजार:** शिल्प कला के आदि प्रणेता और कर्म सिद्धांत के प्रतिपादनकर्ता भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को उस्का बाजार नगर व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। औद्योगिक, तकनीकी संस्थाओ सहित सभी लौह तथा इस्पात व धातुओ से जुड़े कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों पर विधि–विधान से पूजा की गई। पकड़ी स्थित दोनों फ्लोर मिल पर विश्वकर्मा पूजन की भव्य तैयारी की गई थी। इस दौरान अनूप छापड़िया, निर्मल छापड़िया, आनन्द छापड़िया, राजू छापड़िया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा किया।

# किशोरी से छेड़छाड़, जान से मारने की कोशिश

- शिवनगर डिड़ई थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

डिड़ई, हिन्दुस्तान संवाद। शिवनगर डिड़ई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर गांव के दो युवकों पर नाबालिग बेटी संग छेड़छाड़ करने, गला दबाकर मारने की कोशिश आदि गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मेरी 15 वर्षीय बेटी रविवार को साइकिल से दवा लेने जा रही थी कि गांव के ही रोशन पुत्र झिनकू व एक अन्य ने बाइक से मेरी पुत्री की साइकिल में टक्कर मार दी। इसके बाद उसका हाथ-मुंह बांध कर बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह पर ले जाकर छेड़छाड़ की कोशिश किए और कपड़ा फाड़ दिए। दुपट्टा से गला दबा कर उसे मारने की कोशिश भी की। किसी तरह मेरी बेटी जान छुड़ा कर भागी। इसके बाद उसने घर आकर सारी बात बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 354(क),354(ख), 307, 506 आईपीसी 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



बांसी पुलिस ने चोरी की बाइक संग दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। • हिन्दुस्तान

# चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। बांसी कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक, दो हजार रुपये नगद व मोबाइल के साथ दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें से एक पर कई थानों में दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं।

प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को बांसी पुलिस रूटीन गस्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पुराने राप्ती पुल के पास दो वाहन चोर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान मोहाना थाना क्षेत्र के गोपीजोत निवासी असगर अली उर्फ किनकिन पुत्र कतिवन व सदर थाना क्षेत्र के परसा महापात्र निवासी अख्तर अली पुत्र रंजीत खान के रूप में हुई। दोनों पर धारा 379 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों ने बताया कि हम दोनों व दो अन्य साथी मिलकर घूम-घूम कर चोरी करते हैं। नौ दिन पूर्व जीवा गांव से मोबाइल व दो दिन पहले उस्का क्षेत्र में भी चोरी किए थे। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# धोखाधड़ी में गिरफ्तार

बांसी। बांसी पुलिस ने रविवार को धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अनुज सिंह ने बताया कि भवानीगंज थ्क्षेत्र के धनखरपुर गांव निवासी राजेश श्रीवास्तव पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज था। उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई योगेश कुमार मणि, हेड कांस्टेबल कृष्णचन्द त्रिपाठी शामिल रहे।

एक नजर

## दो के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा

डिड़ई, सिद्धार्थनगर : शिवनगर थाना डिड़ई क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीया बालिका के साथ छेड़खानी करने के दो आरोपितों के खिलाफ पीड़िता के पिता की तहरीर पर पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते शनिवार की रात करीब आठ बजे की है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उसकी बेटी चौराहे पर दवा लेने जा रही थी। इसी बीच गांव के बाहर रोशन पुत्र झिनकू निवासी गजहड़ा तथा एक अन्य युवक ने उसकी साइकिल में ठोकर मारकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उसे जबरन बाइक पर बैठा कर गांव से दूर एक बाग में लेकर गए और उसके साथ जबरदस्ती की। वह किसी तरह भागकर घर आई और मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# किशोरी से छेड़खानी का आरोप, केस

सिद्धार्थनगर। शिवनगर डिड़ई थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार शाम की है। इस मामले में पुलिस आरोपियों पर टक्कर मारने, छेड़खानी सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी शनिवार देर शाम दवा लेने के लिए चौराहे पर साइकिल से जा रही थी। गांव का ही एक लड़का अपने एक अन्य साथी के साथ किशोरी के साइकिल में टक्कर मार दी। जिसे वह गिर गई, उसके बाद दोनों ने किशोरी छेड़छाड़ की। संवाद

# लापरवाही : फुटप्रिंट की जांच हो तो लावारिस से वारिस हो जाएगा नवजात

## 11 सितंबर को परसा रेलवे स्टेशन पर कई दिनों से खड़ी ट्रेन के नीचे मिला था नवजात

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के संयुक्त जिला अस्पताल में लावारिस मासूम के मां-पिता की तलाश करने में पुलिस लापरवाही बरत रही है। अस्पताल में आम चर्चा है कि यदि नवजात के फुट प्रिंट की जांच हो तो पता चल जाएगा कि किसने मासूम को रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के नीचे छोड़ दिया था।

शोहरतगढ़ क्षेत्र के परसा रेलवे स्टेशन पर कई दिनों से खड़ी ट्रेन के नीचे 11 सितंबर को एक नवजात मिला। चरवाहों ने उसके रोने की आवाज सुनी तो लोगों को जानकारी हुई। यह मामला बाल कल्याण समिति तक पहुंचा। उसके बाद जिले में चर्चा तेज हो गई कि उसकी मां ने किस मजबूरी में उसे छोड़ दिया था। इस मामले में शोहरतगढ़ के थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि यह रेलवे पुलिस का केस है।

### पुलिस ने नहीं की मासूम की व मां पिता की तलाश की कोशिश

**ऐसे घूम रही शक की सुई :** मेडिकल कॉलेज के 9 सितंबर को नार्मल डिलीवरी से एक मासूम का जन्म हुआ। जन्म के बाद वह रोया नहीं तो एसएनसीयू में उसे भर्ती किया गया। 11 सितंबर सुबह 11 बजे उसे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, लेकिन उसी दिन शाम को एक मासूम परसा रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर मिला। वह भर्ती हुआ तो स्वास्थ्य कर्मियों को अंदेशा हुआ कि कहीं वहीं मासूम तोनहीं है, जिसे सुबह भर्ती किया है।

**नवजात को गोंडा भेजने की तैयारी :** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि परसा रेलवे स्टेशन पर मिले मासूम को शिशु पालन केंद्र गोंडा भेजा जाएगा। वह मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में भर्ती है, उसकी सेहत अच्छी है। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम एंबुलेंस के माध्यम से उसे शिशु पालन केंद्र गोंडा में सुरक्षित पहुंचाएगी।

> परसा रेलवे स्टेशन पर मिले नवजात के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। अस्पताल में बच्चे के लिए गए फुट प्रिंट के माध्यम से भी उसके मां-पिता की तलाश करने की कोशिश की जाएगी।
>
> **–आदित्य सिंह,** प्रभारी जीआरपी आनंदनगर

# दो चोर और एक धोखाधड़ी का अरोपी दबोचा गया

**सिद्धार्थनगर।** बांसी पुलिस ने दो अभियुक्तों को राप्ती नदी के पुराने पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक, एक मोबाइल फोन तथा दो हजार नकद बरामद किया गया है। पूछताछ में बताया कि उन्होंने नौ दिन पूर्व ग्राम जीवा थाना बांसी में इसी बाइक से जाकर मोबाइल फोन चुराए थे तथा दो दिन पूर्व थाना उसका क्षेत्र में भी चोरी किये थे।

आरोपियों ने नाम मोहाना थाना क्षेत्र के गोपीजोत निवासी असगर अली और सदर थाना क्षेत्र के परसा महापात्र निवासी अख्तर अली बताया। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023

# आईजीआरएस की रैंकिंग में खराब अफसरों को योगी की चेतावनी

लखनऊ (एसएनबी)। जनसुनवाई समाधान प्रणाली आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त माह की टॉप और बॉटम 10 रैंकिंग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश की गई है। सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यो के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ये लिस्ट तैयार हुई है। लिस्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कड़ी हिदायत देते हुए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए कहा है।

**■ सुधार न करने वाले अफसरों का अगले महीने होगा हिसाब**

मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक माह बाद दोबारा उन सभी के कार्यों की समीक्षा होगी, जिसमें खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगे तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 जिलाधिकारियों में अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़ और भदोही हैं, वहीं बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है।

लिस्ट में प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रुखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार बॉटम 10 में क्रमशः बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी हैं। लिस्ट में सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की तहसीलों को भी शामिल किया गया है। इसमें टॉप 10 में अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल है।

इसी प्रकार खराब प्रदर्शन वाली बॉटम 10 में क्रमशः रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने खराब प्रदर्शन वाले सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक माह के अंदर सतत जन सुनवाई करते हुए समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटारे के लिए निर्देशित किया है।


# धनघटा क्षेत्र में धधक रही शराब की भट्टियां

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र में शराब की भट्टियां जोरों पर धधक रही हैं सबसे अधिक शराब की बिक्री बिड़हर घाट पुल के पास शराब व्यवसायी द्वारा की जा रही है। बिड़हर घाट पुल के पास शराब व्यवसाइयों के शराब बेचने से आए दिन विवाद भी होता रहता है।

# तीन दंपति एक साथ खुशी-खुशी रहने को राजी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन में परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर थानाध्यक्ष लाल विहारी निषाद एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कुल 03 मामले आये और सुलह समझौता करवाया गया। थानाध्यक्ष लाल विहारी निषाद ने बताया कि प्रथम पक्ष साजिदा खातून पुत्री स्व. नूर मोहम्मद निवासी तरकुलवा थाना बखिरा, द्वितीय पक्ष कलमशेख पुत्र करम हुसैन निवासी फूलवरिया थाना बेलहरकला, प्रथम पक्ष लक्ष्मी पुत्री स्व. फागू निवासी दशराओली भैसाही थाना महुली, द्वितीय पक्ष शैलेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्रिका निवासी ढेलुआ खुर्द थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा प्रथम पक्ष आरफा खातून पुत्री सलाउद्दीन निवासी जीवधरपुर थाना दुधारा तथा द्वितीय पक्ष इल्ताफ हुसैन पुत्र हसनरजा निवासी बड़ी पटखौली थान कोतवाली खलीलाबाद के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया।

# शत्रु देश की विवादित भूमि कुर्क



पौली (एसएनबी)। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय पाकिस्तान जाने वाले धनघटा थाना क्षेत्र के पौली गांव निवासी इलियास पुत्र सुजात अली की विवादित भूमि कुर्क कर दी गयी। पुलिस ने जमीन कुर्क करने की कार्रवाई एसडीएम धनघटा कोर्ट के निर्देश पर की है। पौली गांव स्थित गाटा संख्या 42 तथा दुलहापार गांव स्थित गाटा संख्या 34 की भूमि उक्त इलियास पुत्र सुजात अली के नाम से थी। उनके पाकिस्तान चले जाने के बाद उक्त दोनों गाटे की भूमि शत्रु देश की भूमि के नाम पर दर्ज हो गई थी लेकिन उक्त इलियास का वारिश बनकर कूटरचित अभिलेख तैयार कर पौली गांव निवासी सफीउर्रहमान, अतीकुर्रहमान, नफीसुर्रहमान, अताउर्रहमान तथा अनीसुर्रहमान पुत्रगण अब्दुल रऊफ ने मिलकर उक्त गाटे की जमीन को फर्जी तरीके से सरकारी अभिलेख में अपने नाम करा लिया था। जानकारी होने पर पौली निवासी इम्तियाज पुत्र अज्जू नामक व्यक्ति ने एसडीएम न्यायालय में सीआरपीसी की धारा 145 के तहत वाद दाखिल किया था । एसडीएम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में रविवार को पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे धनघटा थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक शशिकान्त त्रिपाठी ने बाकायदा विवादित भूमि पर कुर्की का बोर्ड लगाकर कुर्की की प्रक्रिया पूरी करा दी।

# पुलिस ने दंगा नियंत्रण अभ्यास के साथ सुरक्षा का दिलाया भरोसा

मेंहदावल (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे के नेतृत्व में थाना परिसर में पुलिस जवानों को दंगा नियंत्रण के उपकरण चलाने का अभ्यास कराया गया। इस दौरान सावधानियां बरतने व




उपकरणों के रख-रखाव की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस ने मुख्य मार्गों से फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मेंहदावल थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण का अभ्यास पुलिस कर्मियों द्वारा किया गया।

अभ्यास में पुलिस कर्मी राइफल, हेलमेट, डंडा और बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस दिखे। दंगा नियंत्रण अभ्यास के बाद प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजारों में किया। कर्मी कदम ताल मिलाते हुए हेलमेट और बुलेट प्रूफ के साथ अस्त्र शस्त्र से लैस होकर चल रहे पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा का संदेश दिया। साथ ही यह भी भरोसा दिलाया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने बताया कि आगामी त्यौहार बरावफात, गणेश चतुर्दशी, दुर्गा पूजा के दृष्टिगत थाना मेंहदावल परिसर में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। एलआईयू, सिविल पुलिस, घुड़सवार पुलिस, फायर सर्विस, अश्रु गैस (टियर स्मोक), एंटी राइट गन पार्टी, लाठी पार्टी, फायरिंग पार्टी, फर्स्ट एड पार्टी, रिजर्व पार्टी, वीडियोग्राफी सहित सभी पार्टियों को थाना स्तर पर अलग-अलग टीम के रूप में तैयार किया गया। उनके अधिकार एवं कर्तव्य बताए गए तथा बलवाइयों से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया। राजपत्रित अधिकारी की भूमिका में राजेश दुबे, उपनिरीक्षक लालजी यादव एवं बृजेश सिंह तथा उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार टीमों में मुख्य आरक्षी पप्पू सिंह, अनिल विजय सिंह, सुभान अली, घनश्याम, संजीव, संदीप, लालमणि, सतेंद्र राहुल चंद्रावेद, सुधाकर, कृष्ण कुमार, अजीत, अभिषेक तथा थाने में नियुक्त समस्त महिला आरक्षी शामिल रहे। सभी जवानों को लाठी ड्रिल का अभ्यास कराया गया। टियर गैस गन, रबर बुलेट व एंटी राइटगन का प्रयोग सिखाया गया। फायरिंग पार्टी से फायर करने के तरीके की कार्रवाई की विधिवत रूप से जानकारी प्रदान कर अभ्यास कराया गया।

# मामूली विवाद में कुल्हाड़ी से हमला.

महुली (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के कोड़रा भुआलपट्टी गांव में शनिवार की शाम बकरी चराने को लेकर उपजे मामूली विवाद में एक मनबढ व्यक्ति ने एक युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कोड़रा भुआलपट्टी गांव निवासी घायल गुड्डू कंहार पुत्र नीरकेवल ने बताया कि शनिवार की शाम गांव के सीवान में वह बकरी चरा रहा था। उसी दौरान बकरी चराने को लेकर उपजे विवाद में गांव निवासी मनबढ़ सोमनाथ उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सोमनाथ ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सोमनाथ पुत्र नगीना के विरूद्ध मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही नामजद हमलावर को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# धारदार हथियार से मां-बेटी पर हमला

महुली (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के भिनखिनी खुर्द गांव में रविवार को मामूली विवाद के दौरान एक दबंग परिवार के लोगों ने मां-बेटी के उपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर घायल की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर पति-पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल मां-बेटी को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भिनखिनी खुर्द गांव निवासी शान्ति देवी पत्नी दीनानाथ ने वताया कि वह अपने घर के बगल स्थित खाली भूमि पर सब्जी बोई थी जिसकी सुरक्षा के लिंए जमीन के चारो तरफ बांस-भण्डे का बाड़ा बनाया था। रविवार की सुबह शान्ति देवी मौके पर पहुंची तो देखा कि फसल की सुरक्षा के लिए बनाए गए बाड़े में उपयोग किए गए बांस-भण्डे को हटा दिया गया है। इसी बीच पड़ोस की महिला आशा देवी मौके पर पहुंच गई और भद्दी-भद्दी गालियां बकने लगी तो विवाद के भय से शान्ति देवी अपने घर चली गई। कुछ समय बाद पड़ोसी आशा देवी अपने परिवार के सदस्यों के साथ शान्ति देवी के दरवाजे पर पहुंच गई और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए धारदार हथियार से शान्ति देवी के उपर हमला कर दिया। इस दौरान शोर सुनकर शान्ति देवी की बेटी पुष्पा मौके पर पहुंच गई और मां का बचाव करने की कोशिश शुरू कर दी तो हमलावर आशा देवी समेत उसके परिवार के सदस्यों ने पुष्पा के सिर पर वार कर उसका सिर फोड़ दिया जिससे मां के साथ-साथ बेटी पुष्पा भी लहूलुहान हो गई। घटना को लेकर घायल शान्ति देवी की तहरीर पर हमलावर पुष्पा समेत उसके परिवार के चार सदस्यों के विरूद्ध पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# शांति भंग में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, धनघटा पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने चार और बखिरा पुलिस ने नौ अभियुक्त को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में पाबंद किया।

# पत्नी के वियोग में पति ने फांसी लगाकर दी जान

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के करौदा गांव में एक व्यक्ति ने रविवार की शाम चार बजे घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 32 वर्षीय संदीप पुत्र घनश्याम घर के अन्दर छत की कुण्डी से लटकर अपनी जान दे दी। मृतक दो भाई हैं। छोटे भाई की शादी नहीं हुई है। बाहर रहकर नौकरी करता है। मृतक के पिता घनश्याम उर्फ कबाड़ी की पांच माह पूर्व मौत हो चुकी है। बीमार मां व अपने एक बेटा 10 वर्ष व एक बेटी आठ वर्ष के साथ घर पर रहता था। संदीप का उसकी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। संदीप की पत्नी एक माह पूर्व इसे छोड़कर चली गई। तबसे संदीप अवसाद में रहता था। रविवार की शाम चार बजे उसने घर के अन्दर छत की कुण्डी में रस्सी के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के घर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हर किसी के जुबान पर दोनों बच्चों को लेकर चर्चा थी कि इनकी परवरिश कैसे होगी? मां छोड़कर चली गई है वहीं पिता की मौत हो गई।

# पत्नी के वियोग में युवक ने दे दी जान, सनसनी



युवक के फांसी लगाने की सूचना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस ।

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद! थाना क्षेत्र के करौदा गांव निवासी एक व्यक्ति ने रविवार की शाम चार बजे घर के अन्दर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार संदीप (32) पुत्र घनश्याम ने घर के अन्दर छत की कुण्डी से लटकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों के अनुसार संदीप दो भाई है। छोटे भाई की शादी नहीं हुई है। दूसरे प्रदेश में रहकर नौकरी करता है। संदीप के पिता घनश्याम उर्फ कबाड़ी की पांच माह पूर्व मौत हो गई। बीमार मां व अपने एक बेटा दस वर्ष व एक बेटी आठ वर्ष के साथ संदीप घर पर रहता था। संदीप का उसकी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। इसकी पत्नी एक माह पूर्व छोड़कर चली गई। तब से वह अवसाद में रहता था। रविवार की शाम चार बजे उसने घर के अन्दर छत की कुण्डी में रस्सी के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। संदीप के घर ग्रामीणों की भीड जुट गई। हर किसी के जुबान पर दोनों बच्चों को लेकर चर्चा थी। मां छोड़कर चली गई है। वहीं पिता की मौत को गले लगा लिया। अब इनकी परवरिश कैसे होगी।

# चार के विरुद्ध गो हत्या का मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार व्यक्तियों के विरुद्ध गो हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। केस पुलिस की जांच के दौरान उक्त लोग गो मांस बिक्री करने के लिए ले जाते हुए पकड़े गए थे। उक्त आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बरामद गो मांस में से चार डिब्बा जांच के लिए भेजवाया और बाकी को वहीं जमीन में गड़वा दिया। जांच में गोमांश की पुष्टि हुई। इस मामले में पीर मोहम्मद, खुर्शीद निवासीगण साफियाबाद व दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# सात वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद के न्यायालयों में हाजिर न होने वाले वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस ने सात को गिरफ्तार किया।

सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने साहब राम चौधरी पुत्र धर्मराज चौधरी निवासी भैंसा सेहरी को गिरफ्तार किया। वहीं थाना महुली पुलिस ने छह वारंटी गिरफ्तार किया।

# कुल्हाड़ी से हमला करने वाले पर केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रा भुआल पट्टी में शनिवार देर शाम बकरी चराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला करके घायल कर दिया। घायल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इलाजरत व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस एक खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम कोड़रा भुआल पट्टी निवासी व्यक्ति गुड्डू कहार पुत्र नीर ने बताया है। बीते शनिवार शाम को सिवान में बकरी चराने की बात को लेकर गांव के सोमनाथ गाली देने लगा। एतराज करने पर उसके ऊपर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। चोट उसके सिर पर लग गया। गंभीर रूप से घायल होकर गुड्डू जमीन पर गिर गया। पुलिस तहरीर के आधार पर सोमनाथ पुत्र नगीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 66 वाहनों का किया चालान

संत कबीर नगर। यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए जनपद की पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। पूरे जिले में चले अभियान के दौरान 66 वाहनों का चालान किया गया। इनसे 69 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा कड़ी चेतावनी भी दी।



मेंहदावल थाने पर रविवार को हिंसा को रोकने को लेकर बलवा रोकने का अभ्यास करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

# हिंसा को रोकने को लेकर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल

मेंहदावल। आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने मॉक ड्रिल से लेकर तमाम तरह के अभ्यास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में मेंहदावल थाने पर रविवार को बलवा ड्रिल हुआ। जिसमें प्रदर्शन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने से लेकर इमरजेंसी जैसे हालात में मोर्चा संभालने का अभ्यास किया गया। गणेश चतुर्थी व बारावफात त्योहार को लेकर को लेकर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी है। बलवा ड्रिल का आयोजन कर दंगाइयों को खदेड़ने का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर हुए बलवा ड्रिल में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने बलवे के दौरान स्वयं को बचाने के साथ सामने वाले की सुरक्षा को लेकर पूर्वाभ्यास किया।

# दो स्थानों पर लगवाए 14 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। ऑपरेशन त्रिनेत्र कार्यक्रम के तहत पुलिस ने जनपद में दो स्थानों पर जनसहयोग से 14 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 10 कैमरे लगाए। वहीं दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार कैमरे लगवाए हैं। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया ।

# दो स्थानों पर लगवाए गए 14 सीसी कैमरे

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर**: आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत रविवार को लोगों के सहयोग से कोतवाली खलीलाबाद ने एक स्थान पर 10 तथा दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार कुल दो स्थानों पर 14 सीसी कैमरा लगवाया है।



कैमरा लगवाने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों के सहयोग से यह कैमरा लगवाया जा रहा है। आम जनमानस से अपील की जा रही है कि वे अपने घर, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर इसे लगाएं। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। लोगों के प्रयास से कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए यह पहल चल रही है। (विज्ञप्ति)

# फरार चल रहे सात वारंटी भेजे गए जेल

**संतकबीर नगर** : जनपद की पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने भैंसा



सेहरी गांव निवासी साहबराम चौधरी तथा महुली पुलिस ने हटावा गांव निवासी श्यामलाल, रौजा ( झिंगुरापार ) गांव निवासी नूरुल होदा, गोपालपुर गांव निवासी मधुबन, छितही गांव निवासी रक्षाराम, बारीडीहा गांव निवासी दयाराम व महुली खास गांव निवासी अच्छेलाल को गिरफ्तार किया है। ( विज्ञप्ति )

# 66 वाहनों से 69,500 रुपये समन शुल्क वसूले

जासं, संतकबीर नगर: जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने रविवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 66 वाहन चालकों से 69,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे वाहन चालकों में खलबली मची रही। (विज्ञप्ति)

# दुष्कर्म के आरोपित युवक पर मुकदमा दर्ज

**बखिरा, संतकबीर नगर :** बखिरा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में लड़की ने उल्लेख किया है कि शुक्रवार की रात करीब 12 .30 बजे पड़ोस का युवक उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर रहा था। अगले दिन वह असलहा का भय दिखाकर बहन को घर से उठा ले गया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपित हरिकेश उर्फ आल्हा के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। (जासं)

# हमले में मां-बेटी घायल चार पर मुकदमा दर्ज

जासं, महुली, संतकबीर नगर: महुली थाना के भिनखिनी खुर्द गांव में रविवार को मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने हमला करके मां-बेटी को घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस दंपती समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

महुली थाने में दी गई तहरीर में भिनखिनी खुर्द गांव निवासी शांति देवी पत्नी दीनानाथ ने उल्लेख किया है कि वह घर के बगल में खाली भूमि पर सब्जी की खेती की हैं। रविवार को सुबह करीब छह बजे वह देखने के लिए पहुंची। इस दौरान देखा कि सब्जी की सुरक्षा के लिए लगाया गया भंडा किसी ने हटा दिया है। इसी दौरान गांव की आशा देवी पहुंच गई। उन्हें अपशब्द कहने लगी। वह घर चली गयी।

कुछ समय बाद पुनः वह परिवार के सदस्यों के साथ उनके घर पर पहुंची। उन्हें पीटने लगी। बचाने के लिए आई बेटी पुष्पा को भी पीटा। पुलिस दंपती समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

# एक सप्ताह के अंदर दो घटनाओं ने खोली पुलिस सक्रियता की पोल

जासं, नाथनगर, संतकबीर नगर : महुली पुलिस लूट, छिनैती की घटना पर प्रभावी नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हो रही है। एक सप्ताह के अंदर हुई दो घटनाओं ने पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी है। पुलिस घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही। बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से व्यवसायी सहित अन्य लोग भयभीत हैं।

बेलराई गांव निवासी रामकृपाल चौहान पुत्र छोटू बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सिकटहां से 26 हजार रुपया निकाल कर घर जा रहे थे। वह धायपोखर गांव के पास पहुंचे थे। एक बदमाश उनका 26 हजार रुपया छीनकर फरार हो गया। पुलिस अब तक इस बदमाश की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। वहीं अलीनगर गांव निवासी राममिलन यादव पुत्र सहती बीते शनिवार को पीएनबी-नाथनगर से 20 हजार रुपया निकाल कर घर जा रहे थे। रास्ते में एक बदमाश ने उनका 20 हजार रुपया छीनकर फरार हो गया। पुलिस इस बदमाश को भी पकड़ नहीं पाई। कुसहवा स्थित पेट्रोल पंप लूट कांड ने भी पुलिस की गश्त की पोल खोल कर रख दी।

इस मामले में थानाध्यक्ष रहे भगवान सिंह सहित पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। आइजी आरके भारद्वाज की सख्ती पर घटना को अंजाम देने वाले बदमाश पकड़े गए। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस प्रत्येक दिन व रात के समय गश्त करें तो ऐसी घटनाएं नहीं घटित होगी। पुलिस की लापरवाही का लाभ उठाकर बदमाश लूट, छिनैती की घटना को अंजाम देते हैं।

- **घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने में पुलिस रही नाकाम**
- **बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के व्यवसायी सहित अन्य लोगों में भय**

"दोनों जगह छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश बस्ती जिले में पकड़ लिए गए हैं। वहीं की पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला है कि अंबेडकर नगर जिले के रहने वाले दो सगे भाइयों ने महुली थाना के अलावा बस्ती जिले में भी घटना को अंजाम दिया था।"

**बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी, धनघटा**



# बकरी चराने के विवाद में कुल्हाड़ी से हमला

**महुली, संतकबीर नगर :** महुली थाना के कोड़रा भुआल पट्टी गांव में शनिवार को शाम के समय बकरी चराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिला अस्पताल में घायल व्यक्ति का उपचार हो रहा है।

कोड़रा भुआल पट्टी गांव निवासी गुड्डू कहांर पुत्र नीर केवल ने बताया कि वह शनिवार को गांव के पास बकरी चरा रहे थे। शाम के करीब पांच बजे बकरी के खेत में चले जाने को लेकर उनके गांव के सोमनाथ उन्हें अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिए। जिससे उनके सिर में चोट लगी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित सोमनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# दो घायल व्यक्तियों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर रविवार को दुधारा थाना के मूड़ाडीहा खुर्द चौराहा में पहुंची। मार्ग दुर्घटना में घायल इसी थाना के पिपरा डोमन गांव निवासी कलीमुल्लाह पुत्र सफीउल्लाह व कोतवाली खलीलाबाद थाना के पठानटोला निवासी हबीबुल्लाह पुत्र मुजिबुल्लाह को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-सेमरियावां में भेजवाए। इसके बारे में पुलिस को अवगत कराए। (विज्ञप्ति)

# दंगा नियंत्रण के अभ्यास में पुलिसकर्मियों ने बहाया पसीना



मेंहदावल थाने पर दंगा नियंत्रण के लिए पूर्व अभ्यास करती पुलिस • जागरण

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: आगामी गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा, बारावफात के दृष्टिगत मेंहदावल पुलिस ने दंगा नियंत्रण (बलवा ड्रिल) का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को लाठी ड्रिल का अभ्यास कराया गया। टियर गैस गन, आंसू गैस, रबर बुलेट, एंटी राइट गन का प्रयोग भी पुलिस कर्मियों को बताया गया।

- आगामी त्योहार को लेकर सतर्कता, सजग हुई मेंहदावल पुलिस
- बलवा ड्रिल के अभ्यास में पुलिस कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

महिला व पुरुष पुलिसकर्मी प्रशिक्षित हुए। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे की अगुवाई में एलआइयू, सिविल पुलिस, घुड़सवार पुलिस, फायर सर्विस, लाठी पार्टी, फायरिंग पार्टी, रियल पार्टी सहित अन्य पार्टियों के संयुक्त अभ्यास में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। लगभग तीन घंटे तक मेंहदावल थाने पर दंगा नियंत्रण का अभ्यास चलता रहा। किसी प्रकार का दंगा होने पर उसके नियंत्रण को लेकर पुलिसकर्मियों को गुर बताए गए। थानाध्यक्ष ने कहा की मेंहदावल पुलिस टीम किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम है। कार्य कुशलता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए अभ्यास किया गया है। पुलिस गैर सामाजिक गतिविधि में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया गया है। इस दौरान



बखिरा पुलिस चौकी में बैठक करते थानाध्यक्ष श्याम मोहन व उपस्थित लोग • जागरण

## पर्व में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस चौकी पर रविवार को गणेश चतुर्थी और आगामी अन्य पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई। समिति के सदस्यों से प्रतिमाएं कहां-कहां स्थापित होंगी, विसर्जन कहां-कहां होगा, इसको लेकर विमर्श किया गया। बखिरा के थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने कहा कि पर्व में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इंटरनेट मीडिया सहित अन्य माध्यम पर नजर रखी जा रही है। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। एक-दूसरे की भावना का सम्मान करते हुए आपसी सौहार्द के बीच यह पर्व मनाएं। पुलिस शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रत्येक बिंदु पर ध्यान दे रही है। इसके लिए जगह-जगह पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में बखिरा पुलिस चौकी के प्रभारी जितेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, अंगद यादव, पंकज साहू, पवन कुमार, भेली उर्फ गोविंद गुप्ता के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश दुबे, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, लालजी यादव, बृजेश सिंह सहित सिपाही संजीव यादव, अमित सिंह, बृजेश सिंह, नवतेज सिंह सहित अन्य सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# शांतिभंग की आशंका में 20 लोग पकड़े गए

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को 20 लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे पूछताछ की। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो, धनघटा पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने चार व बखिरा पुलिस ने नौ लोगों को दबोचा। ये लोग भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

## साइबर ठगी का शिकार होने से बचा सब्जी विक्रेता

हरिहरपुर। महुली क्षेत्र के मुकुंदपुर चौराहे पर सब्जी की दुकान चलाने वाला एक युवक साइबर ठगी का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। चौराहे के अन्य दुकानदारों की समझदारी से ऑनलाइन ठगी करने की कोशिश में जालसाज नाकाम रहा।

**महुली क्षेत्र के मुकुंदपुर चौराहे पर हुई घटना**

शनिवार रात आठ बजे मुकुंदपर चौराहे पर सब्जी की दुकान चलाने वाले मुकेश कुमार के मोबाइल नंबर पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को फौज का जवान बताते हुए महुली के आसपास अपना कैंप लगाने की बात कही और सब्जी विक्रेता से रविवार सुबह सब्जी की लिस्ट भेज दी। दुकानदार भी उसकी बातों पर विश्वास कर मंडी से सब्जी की खरीदारी कर डाली।

रविवार वह जालसाज ने फिर फोन कर हिसाब पूछा और गूगल पे के जरिए पैसे भेजने की बात कही। उसने गूगल पे कन्फर्म करने के लिए दुकानदार से पांच रुपये भेजने को कहा। जब उसके खाते में दुकानदार ने पांच रुपये भेजी तो उसने तुरंत दुकानदार के खाते में दस रुपये भेज दिए और फिर जालसाज ने उसी खाते में यह कहकर चार हजार भेजने की बात कही कि वह आठ हजार उसके खाते में भेज देगा।

चौराहे के अन्य दुकानदारों ने ठगी की बात बताकर दुकानदार को पैसा भेजने से मना कर दिया। इसके पहले भी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो चुका था। इसलिए चौराहे के दुकानदार चौकन्ना हो गए हैं। संवाद

# पुलिस ने दो जगह लगवाए 14 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से दो जगह 14 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसमें कोतवाली पुलिस ने एक स्थान पर दस सीसीटीवी कैमरे, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को पुलिस ने सम्मानित किया गया। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं।

कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सकें। संवाद

# टप्पेबाजों ने बदला ट्रेंड, बैंककर्मी बनकर लोगों से कर रहे हैं ठगी

## बैंक से रुपये निकालने वाले कम पढ़े-लिखे ग्राहक हो रहे शिकार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। टप्पेबाजों ने ठगी का ट्रेंड बदल दिया है। अब वे बैंक से पैसा निकालने वाले कम पढ़े-लिखे ग्राहकों को निशाना बना रहे हैं। पहले बैंकों में रेकी कर ऐसे लोगों की पहचान करते हैं, फिर रास्ते में सुनसान जगह पर उन्हें रोककर खुद को बैंककर्मी बताकर उनसे ठगी करते हैं। महुली क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर ऐसी दो घटनाएं हो चुकी हैं।

बैंक से पैसा लेकर घर जा रहे उपभोक्ताओं से साथ टप्पेबाजी के नए ट्रेंड की घटना से पुलिस भी हैरत में है। नए ट्रेंड में टप्पेबाज खुद बैंकों में पहुंच रहे हैं। वहां ऐसे लोगों को चिह्नित करते हैं, जो पैसा निकालने के लिए विड्रॉल फार्म भरवाने में दूसरों की मदद लेते हैं।

ऐसे उपभोक्ता जब बैंक से रकम लेकर घर जाने लगते हैं, तभी पीछे-पीछे टप्पेबाज भी चल देते हैं। रास्ते में सुनसान जगह देखकर टप्पेबाज घटना को अंजाम देते हैं। पुराने ट्रेंड में कागज की गड्डी को नोटों की शक्ल देकर टप्पेबाज लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। कहीं लोगों के पास नोट गिराकर उसे नकली बताते हुए डराकर रकम लेकर फरार हो जाते थे, लेकिन अब खुद को बैंककर्मी होने का विश्वास दिलाकर लोगों से ठगी करने लगे हैं।

### बैंकों में रेकी कर रकम निकालने वाले उपभोक्ताओं की करते हैं पहचान

### बुजुर्ग से बीस हजार रुपये की ठगी

शनिवार को पीएनबी की शाखा नाथनगर से खाते से 20,000 रुपये निकालकर घर जा रहे अलीनगर गांव निवासी 62 वर्षीय राम मिलन यादव को टप्पेबाजों ने खुद को बैंककर्मी बताकर टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया। उन्हें बैंक से मिले नोटों को नकली बताकर 20,000 रुपये ले लिए और पीड़ित को बैंक बुलाया। जब पीड़ित बैंक पहुंचा, तब उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है।

### किसान से 26,000 उड़ाए

बुधवार को महुली क्षेत्र के पीएनबी सिकटहां की शाखा से 26,000 रुपये निकल कर घर जा रहे किसान को भी टप्पेबाजों ने ठगी की। बेलराई गांव निवासी 65 वर्षीय राम कृपाल चौहान बैंक से 26,000 निकालकर साइकिल से घर जा रहे थे। जैसे ही वह धायपोखर के सीवान में पहुंचे। उसी दौरान पीछे से स्कूटी सवार टप्पेबाज ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया और खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। टप्पेबाज ने किसान को बैंक से अधिक रकम लेने की बात कही। इतना सुनकर किसान ने रुपये निकाले और गिनने लगा। तभी स्कूटी सवार टप्पेबाज ने रकम लेकर उन्हें बैंक बुलाया। बैंक पहुंचने पर किसान को पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है।



*किसी अनजान व्यक्ति ने विड्रॉल फॉर्म न भरवाएं। जरूरत हो तो बैंक की शाखा में गार्ड या बैंक सखी होते हैं, उनकी मदद लें। रास्ते में यदि कोई व्यक्ति बैंककर्मी बता कर रोकता और कुछ पूछता है तो उससे न बात करें और न ही उसे रकम के बारे में बताएं। न ही उसे रकम दिखाएं। गांवों में शिविर लगवाकर लोगों को भी जागरुक किया जाएगा।* **- पवन सिन्हा लीड बैंक मैनेजर**



*कम पढ़े लिखे और बुजुर्ग यदि बैंक से रुपये निकालने जाएं तो किसी परिजन या खास व्यक्ति को साथ लेकर जाएं। जिससे उन्हें किसी से मदद न लेनी पड़े। यदि और कोई समस्या आए तो बैंक के कर्मचारी से संपर्क करें। किसी अपरिचित से रुपये की निकासी की चर्चा न करें।* **- ब्रजेश कुमार मिश्र, पूर्व फील्ड अफसर, एसबीआई शाखा हरिहरपुर**



*टप्पेबाजों का नया ट्रेंड प्रकाश में आया है। सादे कपड़े में पुलिस कर्मी बैंकों की जांच में लगाए गए हैं, जो संदिग्ध लोगों की पहचान करेंगे। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के जरिए ऐसे लोगों को पहचान की जाएगी। लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले जल्द ही पकड़े जाएंगे।* **- संतोष कुमार सिंह, एएसपी**

# युवक ने लगाया ससुरालियों पर घर में घुसकर मारने-पीटने का आरोप

संतकबीरनगर। शहर के एक युवक ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर पत्नी और कुछ लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है।

दिलीप कुमार पांडेय पुत्र रामशंकर पांडेय निवासी जिगिना थाना लालगंज जिला बस्ती, हाल मुकाम मोहल्ला बजरिया कोतवाली का आरोप है कि उसकी शादी करीब 6-7 साल पूर्व दीपा निवासी चन्द्रवत पिपरा थाना पुरानी बस्ती जिला बस्ती के साथ बिना किसी दान दहेज के हुई थी।

आरोप है कि दीपा कहती कि वह अन्यत्र कहीं शादी करना चाहती थी। यह शादी उसकी इच्छा के विपरीत हुई है। उसके साथ दीपा नहीं रहना चाहती है। इसी बात पर अक्सर घर में विवाद होता है। उसके पास दो पुत्रियां हैं। वह अक्सर तलाक देने की धमकी देती है।

14 सितंबर की रात 10 बजे दीपा तलाक देने की जिद करने लगी। उसने इससे मना किया तो उसे धकेल दिया। गिरने से उसे चोट आई। पीड़ित ने फोन कर मायके वालों को बुला लिया।

आरोप है कि मायके वालों ने उसे मारापीटा और जानमाल की धमकी दी। उसने पुलिस को तहरीर दिया है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# युवक पर जानलेवा हमला करने के नौ आरोपियों पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर मगहर के पास युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

महुली क्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी सर्वेंद्र पांडेय पुत्र दिलीप ने बताया कि वह शुक्रवार को गांव के चार लोगों के साथ बोलेरो से तरकुलहवा देवी मंदिर से दर्शन करके घर लौट रहे थे। कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगहर दुर्गा मंदिर के पास कार सवार कुछ लोगों ने ओवरटेक करके उसकी बोलेरो को रुकवा लिया। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक उक्त कार में बैठे विकास अग्रहरि निवासी मुखलिसपुर महुली, रिसाद सिद्दीकी बंडाबाजार धनघटा और छह सात अज्ञात लोगों ने हॉकी, डंडे व चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

उसे लोग गाड़ी से खींचकर मारने-पीटने लगे। उसके साथ गाड़ी में बैठे सालिकराम चौहान को भी गाड़ी से खींचकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए हमला कर दिए। पीड़ित के साथ में गाड़ी में बैठे नवनीत उपाध्याय और जयराम यादव ने जब हमलवारों को रोकना चाहा तो उन्हें भी मारने-पीटने लगे। हमलावरों की पिटाई से सर्वेंद्र पांडेय को सिर, चेहरा, आंख, हाथ में गंभीर चोट आई है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-09-2023

# झूठी निकली लूट की घटना, चालक और दोस्त गिरफ्तार

गोण्डा /मनकापुर, संवाददाता। मनकापुर व स्वाट टीम ने मनकापुर अमवा जंगल के पास पिकअप चालक से हुई कथित लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। जांच में लूट की घटना फर्जी निकली। लूट की झूठी अफवाह फैलाने वाले पिकअप चालक व उसके दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर तीन लाख छब्बीस हजार दो सौ रुपए नकद व एक टूटी मोबाइल भी बरामद की गई है।

- लूट के तीन लाख छब्बीस हजार दो सौ रुपये नकद बरामद
- अमवा जंगल के पास लूट की घटना होने की फैलाई थी अफवाह

एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि 15 सितम्बर की रात करीब 10 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि गल्ला व्यवसायी अमरदीप अग्रवाल का चालक राजू यादव पिकअप गाड़ी से बभनान कस्बे के गल्ला व्यवसायी शेषराम साहू उर्फ साधू साहू के यहां गाड़ी में माल लेकर गोण्डा शहर से गया था। वहां से 3,36,000 रुपये लेकर गोण्डा वापस आ रहा था कि मसकनवा के आगे अमवा जंगल के पास स्कार्पियो सवार दो लोगों ने गाड़ी रोककर चालक को असलहा दिखाते हुए नकदी छीन ली है । व्यापारी अमरदीप अग्रवाल पुत्र गया प्रसाद अग्रवाल की तहरीर पर थाना मनकापुर में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया । घटना के जल्द से खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक मनकापुर व प्रभारी स्वाट को लगाया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी मनकापुर नवीना शुक्ला मामले का पर्वेक्षण कर रहीं थीं।

**चालक ही निकला कथित लूट का मास्टर माइंड :** दोनों टीमों की जांच आगे बढ़ी तो चालक ही कथित लूट का मास्टर माइंड निकला। एसपी ने बताया कि वैज्ञानिक साक्ष्य एवं वादी के बयान व रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो चालक पर ही शक की सुई जाकर टिक गई। शक के आधार पर चालक राजू यादव से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।



रविवार को एसपी अंकित मित्तल ने मनकापुर में घटना का खुलासा किया।

**डीसीएम की किस्त भरने के लिए लूट की फैलाई अफवाह :** एसपी ने बताया कि पूछताछ में चालक राजू यादव ने डीसीएम की किस्त भरने के लिए लूट की झूठी अफवाह फैलाने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि पड़ोस के गांव ऐलनपुर ग्रन्ट के रहने वाले दोस्त सोनू वर्मा से मिलकर यह तय किया कि लूट की घटना दिखाकर मालिक अमरदीप अग्रवाल के कुल 3.36 लाख रुपये हड़प लिये जाएं, जिसे बाद में आपस में बांट लिया जाएगा।

**इनकी हुई गिरफ्तारी :** इस घटना में पुलिस ने चालक राजू यादव निवासी ग्राम गरीबीपुर थाना कोतवाली नगर व सोनू वर्मा पुत्र रामशंकर निवासी ऐलनपुरग्रन्ट थाना कोतवाली मनकापुर को गिरफ्तार किया है।

# आपसी विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

तरबगंज। खोजनपुर इलाके में हुई मारपीट में क्रास एफआईआर दर्ज हुई है। एक पक्ष के नारायण ने गांव के लालदेव, रामदेव, प्रह्लाद, प्रदीप, राम चरण व लालचंद पर बलवा, मारपीट , तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के बसंती ने श्याम बाबू, अमर नाथ,कौशल व संजय पर केस दर्ज कराया है।

# किराना दुकान से हजारों की चोरी

छपिया। क्षेत्र के नरायनपुर गांव में शनिवार रात मो .इसराइल के किराने की दुकान से चोर नगदी समेत हजारों का सामान चुरा ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इसराइल का कहना है कि नगदी समेत करीब 25 हजार की चोरी हुई है।

# किशोरी से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

धानेपुर। पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र की नाबालिग लड़की के साथ घर में घुसकर के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धानेपुर के एक वार्ड की रहने वाली एक महिला ने शुक्रवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक वह कुछ जरूरी काम से बाहर गयी थी। उसकी नाबालिग लड़की घर पर मौजूद थी। इसी दौरान अकेला पाकर नगर पंचायत क्षेत्र का रहने वाला एक युवक घर में घुस आया। उसने महिला की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी सद्दाम निवासी काली कुंड मलियन टोला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# सात जिलों के तीन हजार पुलिसकर्मी लगाए गए



दुखहरन नाथ मंदिर पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेतीं सीओ सदर शिल्पा वर्मा।

## सतर्कता

- दो जोन व 20 सेक्टरों में बांटा गया जिला, ड्रोन कैमरे से रखेंगे नजर
- सोशल मीडिया की भी होगी निगरानी, झूठी सूचना पर होगी कार्रवाई

**गोण्डा, संवाददाता।** कजरीतीज मेले सकुशल संपन्न कराने के लिए गोरखपुर जोन के सात जिलों के तीन हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। जिले को दो जोन व बीस सेक्टरों में बांटकर चप्पे-चप्पे पर निगाह रखी जा रही है। वहीं मंदिरों पर भी खास चौकसी रखी जाएगी। ड्रोन कैमरे से नजर रखने के साथ ही सोशल मीडिया की भी निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक व नफरत फैलाने वाली पोस्ट डालने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोपहर सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता के साथ दुखहरणनाथ मंदिर पर सुरक्षा का जाजया लिया।

कजरीतीज पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु सरयू नदी से जल लाकर शिवमंदिरों पर जलाभिषेक करते हैं। जिले में प्रमुख रुप से मनकापुर करोहानाथ, जिला मुख्यालय पर दुखहरननाथ और खरगूपुर में पृथ्वी नाथ मंदिर शामिल हैं। वहीं अन्य शिवालयों पर भी श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। कजरीतीज पर्वसकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। गोरखपुर जोन के पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। पुलिस प्रबन्ध के परिप्रक्ष्य में दो जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जोन प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक व सेक्टर प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी है।

**तीन एएसपी जोन के प्रभारी नियुक्त** : जोन प्रथम दुखहरण नाथ मन्दिर से सरयू घाट करनैलगंज जिसके प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर योगेश कुमार व जोन द्वितीय पृथ्वीनाथ मन्दिर खरगूपुर से हुजुरपुर मोड़ जिसके प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर बहराइच कुवर ज्ञानन्जय सिंह होंगे। अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज सम्पूर्ण पुलिस प्रबन्धन व यातायात के प्रभारी अधिकारी बनाये गए हैं। गोरखपुर जोन से लगभग 3000 हजार से अधिक पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

## सरयूघाट से लेकर जिले के गली-मोहल्लों तक बोलबम की गूंज, 10 लाख से अधिक कांवड़ियों के आज शाम तक जल भरने का अनुमान

# करनैलगंज में सरयू तट पर उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब

### कजरी तीज

गोंडा/करनैलगंज, हिटी। जिले में लोकआस्था के महापर्व कजरीतीज पर जलाभिषेक के लिए रविवार को करनैलगंज के सरयू घाट पर श्रद्धा-आस्था का सैलाब उमड़ा। उम्मीदों और पूर्व अनुमानों से कहीं अधिक कांवड़िए सरयू नदी का जल भरने के लिए पहुंचे। लाखों कांवड़ियों की मौजूदगी में सरयू घाट से लेकर गोण्डा-करनैलगंज हाइवे पूरी तरह भगवामय। सरयू तट पर प्रशासन की सभी तैयारियां कांवड़ियों की आस्था-श्रद्धा के आगे कम ही नजर आईं।

करनैलगंज कस्बे से सरयू घाट के बीच तीन किलोमीटर का क्षेत्र जलाभिषेक के लिए जल भरने पहुंचे शिव उपासकों की कांवड यात्रा के अद्भुद नजारे का साक्षी बना। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवड़ियों ने मां सरयू में स्नान किया, पूजन अर्चन किया और जल भरा। इस बीच बोल बम और हर हर महादेव के गगन भेदी जयकारे सरयू गूंजते रहे।

जैसे जैसे शाम ढलती गयी वैसे वैसे कांवड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी भी होती गई। यह सिलसिला पूरी रात व सोमवार को पूरे दिन चलता रहने का अनुमान है। सरयू घाट पर कांवड़ियों की भीड़ के आगे तिल डालने तक की जगह नहीं दिखायी दे रही थी। यही आलम नगर से लेकर गांव, गली, मोहल्ले तक हर जगह दिखाई दिया। चारों तरफ बस बम बोल की ही गूंज सुनाई दी। आस्था से सराबोर इन शिवभक्तों का सरयू घाट पर आने व स्नान कर पूजापाठ करने के लिये तांता लगा रहा। कांवड़ियों की भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन को पसीना छूट गए। कांवरिए अपनी श्रद्धा के अनुसार नंगे पांव व वाहन की मदद से घाट पर पहुंचते हैं।



करनैलगंज में सरयूघाट पर जल भरने के लिए उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब।

**शनिवार से ही पहुंचने लगे कांवड़िये:** बोलबम के जयघोष के साथ शनिवार से ही पूरे जिले सहित आसपास के जनपदों से कांवड़ियों के रेले करनैलगंज कस्बे से 3 किलोमीटर दूर कटराघाट के सरयू नदी पर पहुंचना शुरू हो गये। जहां से जल भरने के बाद वह नंगे पांव 32 किलोमीटर दूर मुख्यालय स्थित दुखहरणनाथ मंदिर व 50 किलोमीटर दूर खरगूपुर स्थित पौराणिक पृथ्वीनाथ मंदिर के लिए रवाना होते रहे। शनिवार शाम से ही यह सिलसिला शुरू हुआ जो रविवार को पूरे दिन चलता रहा। घाट पर जल भरने वाले कांवड़ियों के गगनभेदी जयघोष की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। इस बार जलाभिषेक के लिये यहां पहुंचने वालों में महिलाओं की भागीदारी अच्छीखासी दिखायी दी। तो वहीं युवा वर्ग के साथ बच्चों का जज्बा भी कम नहीं दिखा।



कटराबाजार क्षेत्र में कावंड़ यात्रा के दौरान तिरंगा लहराते भोले के भक्त।

**10 लाख कांवड़ियों के जल भरने का अनुमान:** शनिवार से ही सरयू घाट पर पहुंच रहे कांवड़ियों की भीड़ को देखकर पुलिस-प्रशासन का अनुमान है कि सोमवार की शाम शाम सात बजे तक करीब 10 लाख श्रद्धालु यहां से जल लेकर अलग-अलग कूच करेंगे। करीब एक लाख से ज्यादा कांवड़ियों की भीड़ घाट पर लगातार जमा थी।

**भारी वाहनों के लिये बंद रहा जरवल गोण्डा फोरलेन हाइवे :शनिवार की रात से हुआ रूट डायवर्जन:** सरयू घाट पर रविवार को उमड़ी कांवड़ियों की भीड़ के चलते जिला प्रशासन ने गोंडा-लखनऊ मार्ग का डायवर्जन शनिवार की रात से ही जरवल-बहराइच के लिए कर दिया था। बिजली से लेकर पानी तक के इंतजाम भी रात में ही पूरे कर लिए गए थे। लेकिन बीच बीच में कुछ वाहन जरूर पहुंच जाते थे। जिन्हें नियंत्रित करने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही थी। सरयू पुल के पहले पुलिस की ओर से लगाए गए बैरियर से छोटे-बड़े किसी वाहन को निकलने नहीं दिया गया। सड़कों पर महज अधिकारियों के वाहन ही दौड़ते दिखाई दिए। कांवड़ियों को जलाभिषेक में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए जगह-जगह बैरियर बनाए गए।

सरयू घाट पर उमड़ी कांवड़ियों की अपार भीड़ को निंयत्रित करने में पुलिस प्रशासन को पसीने आ गये। लोग गहरे पानी में न जावें इसके लिये पुलिस के जवान मोटरबोट पर सवार होकर बार बार कांवड़ियों से सुरक्षा रस्से की भीतर रहकर मनुहार करते नजर आए।

**पसका त्रिमुहानी और भौरीगंज भी पहुंचे श्रद्धालु :**परसपुर में कजरीतीज पर्व पर देवालयों में जलाभिषेक को आतुर सैकड़ों कावंड़ियों ने रविवार को सूकरखेत ग्राम पसका के त्रिमुहानी व ग्राम भौरीगंज स्थित सरयू नदी के तट पर पहुंचे।

**कांवड़ियों के इलाज के लिए लगाया गया कैंप:**वजीरगंज के सीएचसी क्षेत्र के डुमरियाडीह स्थित पीएचसी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाल्हाराई में स्थित सिद्ध पीठ बाबा बालेश्वरनाथ मंदिर परिसर में कांवड़ियों के इलाज के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ आशुतोष शुक्ला के नेतृत्व में कैंप लगाया गया है।

### कांवड़ियों के पखारे पांव

रुपईडीह, संवाददाता। कजरी तीज के पर्व पर रविवार को लाखों श्रद्धालुओ ने करनैलगंज व अयोध्या के सरयू नदी से जल भर कर पृथ्वीनाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए निकले। स्थानीय लोगों ने पंडाल लगाकर लोगों को निशुल्क भोजन, दवा, चाय, पानी ,फल वितरित करते हुए श्रद्धालुओं के लिए बैठने आराम करने एवं स्नान करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर रखी थी। श्रद्धालुओ को कोई समस्या न हो इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने घूमते हुए लोगों से मिलकर जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह पुलिस तैनात रही।
कौड़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास जिला पंचायत सदस्य मनोज शुक्ला, हरि श्याम दुबे, कौड़िया चौराहा पर प्रधान राजेश तिवारी, लैबुड़वा मे शिवदयाल शुक्ला आदि ने पंडाल में जलाभिषेक करने जाने वाले श्रद्धालुओं के पांव पखारे।

# पिकअप चालक ने मालिक के पैसे हड़पने के लिए गढ़ी थी लूट की कहानी

जासं, गोंडा : मनकापुर के अमवा जंगल के समीप शुक्रवार की देररात हुई लूट की घटना का पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने राजफाश किया है। एसपी ने बताया कि मालिक के रुपये हड़पने के लिए पिकअप चालक गरीबीपुरवा के राजू यादव ने अपने मित्र सोनू वर्मा की मदद से लूट के फर्जी घटना की कहानी गढ़ी थी। मामले का राजफाश करते हुए लूट के 3.36 लाख रुपये, पिकअप व टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। एसपी के मुताबिक 15 सितंबर की रात करीब दस बजे सूचना मिली कि गल्ला व्यवसायी अमरदीप अग्रवाल के चालक राजू यादव वाहन संख्या यूपी 43 बीटी 0654 अशोक लीलैंड पिकअप से बभनान कस्बे के गल्ला व्यवसायी शेषराम साहू उर्फ साधू साहू के यहां गया था। वहां से 3,36,000 रुपये लेकर गोंडा वापस आ रहा था। रास्ते में मसकनवा के आगे अमवा जंगल के पास स्कार्पियो सवार दो लोगों ने गाड़ी रोककर चालक को असलहा दिखाते हुए उससे पैसे छीन लिए। अमरदीप अग्रवाल निवासी रानीबाजार बड़गांव कोतवाली नगर की तहरीर पर मनकापुर में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने एक डीसीएम ली है, इसकी किस्त भरनी है। वहीं, ऐलनपुर ग्रंट का रहने वाला सोनू वर्मा उसका दोस्त है। वह भी पिकअप चलाता है। उन दोनों ने मिलकर लूट की घटना दिखाकर रुपये हड़पने की साजिश रची। अपना मोबाइल तोड़कर फेंक दिया।

# वजीरगंज बाजार की सीसीटीवी से निगरानी

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज कस्बे की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने ऑपरेशन-त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए थे। कस्बे के मंदिर-मस्जिद समेत तिराहों पर 32 सीसीटीवी कैमरे निगरानी करेंगे। ग्राम पंचायत वजीरगंज के ग्राम प्रधान सुशील जायसवाल ने प्रशासन की पहल पर कस्बे में 32 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि तीन कैमरे मंदिर, तीन कैमरे मस्जिद पर लगाए गए हैं। इसके अलावा शेष 26 कैमरे विद्यालय, पंचायत भवन, बैंक व तिराहे-चौराहे के साथ ही वजीरगंज कस्बे के प्रवेश तथा निकास द्वार पर लगवाए गए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने ग्राम प्रधान का माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि इन कैमरों से अपराधों के अनावरण में पुलिस को मदद मिलेगी। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023

# दो पारिवारिक विवादों का कराया निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र पर दो पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया। महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य ने बताया कि मैसर जहां व पूर्णिमा शुक्ला के पारिवारिक विवादों का निस्तारण कराया गया है। निस्तारण में तनवीर जहां, देवतादीन दुबे, कांस्टेबल ज्योति, संजय कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# महिलाओं को दी हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला कांस्टेबल स्कूल, कॉलेजों व ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर किशोरी एवं युवतियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्हें वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, चिकित्सीय सहायता 108, पुलिस कन्ट्रोल नम्बर 112 आदि की जानकारी दी।

# ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, बड़ी मां - भतीजे की मौत

## ट्रैक्टर के पहिये से कुचलकर भतीजे का फट गया सिर, रीढ़ की हड्डी टूटने से बड़ी मां की हुई मौत, पुलिस की टीम जांच में जुटी

**हादसा**

बलरामपुर, संवाददाता। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को रौंद दिया। बाइक चालक भतीजे की मौके पर मौत हो गई जबकि उसकी बड़ी मां ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना कोतवाली नगर अन्तर्गत बौद्ध परिपथ तुलसीपुर मार्ग स्थित बिजलीपुर मंदिर के निकट रविवार सुबह साढ़े 11 बजे हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना महराजगंज तराई के लोहेपनिया गांव निवासी 24 वर्षीय विनय तिवारी पुत्र नाथू तिवारी अपनी 55 वर्षीय बड़ी मां अनारकली पत्नी राम गोपाल को बाइक से लेकर सुबह लगभग साढ़े दस बजे जिला गोण्डा थाना इटियाथोक के कंचनपुर फरेंदा गांव रिश्तेदारी में जा रहा था। बिजलीपुर के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को पीछे से रौंद दिया। विनय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

पहिए के नीचे दबकर उसका सिर फट गया था। अनारकली के रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। गंभीर रूप से चोटिल अनारकली को मेमोरियल चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने अनारकली को अस्पताल भेजवाया। घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। दुर्घटना कारित करने का आरोपित चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया था। बाद में उसे पुलिस ने ढूंढ निकाला। कोतवाल ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**कुछ दिन पहले पंजाब से लौटा था विनय:** लोहेपनिया निवासी नाथू तिवारी व राम गोपाल सगे भाई हैं। दोनों के दो-दो बच्चे हैं। बच्चे पंजाब में रहकर नौकरी पेशा करते थे। विनय तिवारी अभी कुछ दिन पहले पंजाब से घर लौटा था। मेहनत मजदूरी करके लोग अपना परिवार चला रहे थे। रविवार को हुई घटना से नाथू व रामगोपाल की कमर टूट गई है। नाथू ने अपना जवान बेटा गंवाया, वहीं राम गोपाल ने अपनी पत्नी को खो दिया।

घटना को लेकर गांव में कोहराम मचा है। रविवार को अधिकांश घरों में चूल्हे नहीं जले। सूचना मिलते ही तमाम लोग नाथू तिवारी के घर पहुंच गए थे। तमाम लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। पड़ोसियों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूर्व प्रधान महेन्द्र तिवारी ने बताया कि दो परिवारों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। कुछ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विनय तिवारी सुबह साढ़े दस बजे अपनी बड़ी मां अनारकली के साथ बाइक से निकला था। बल्कि उसने बाइक स्टार्ट करने से पहले पड़ोसियों से हाल चाल भी पूछा। महिला का कहना है कि विनय व अनारकली का व्यवहार बहुत अच्छा था। अनारकली सबके बुरे वक्त में साथ में खड़ी रहती थीं।



दुर्घटना में दो मौतों के बाद मेमोरियल चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड के बाहर दुःख प्रकट करते लोहेपनिया के लोग

- दुर्घटना करने वाला चालक ट्रैक्टर लेकर हुआ फरार
- कोतवाली नगर की पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

### बेकाबू वाहन ने बाइक सवार को रौंदा युवक की मौत

दूसरी दुर्घटना थाना देहात क्षेत्र अन्तर्गत कलवारी गांव के निकट शनिवार देर रात हुई है। मोहल्ला पकलवारा निवासी 25 वर्षीय लीलाधर चौहान देर रात बाइक से किसी आवश्यक कार्य से जा रहे थे। फुलवरिया बाईपास स्थित कलवारी गांव के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। लीलाधर चौहान सड़क पर पड़े कराह रहे थे। दुर्घटना की जानकारी कुछ लोगों ने थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर लीलाधर को अपनी गाड़ी से संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचाया। कुछ देर इलाज के बाद लीलाधर की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना कारित करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

# नेपाली शिकारी को बंदूक के साथ सीमा पर दबोचा

- अनाधिकृत शिकार करने के अन्य उपकरण हुए बरामद
- संरक्षित वन्य जीव एक्ट के तहत शिकारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

बलरामपुर, संवाददाता। एसएसबी 50वीं वाहनी नेपाल सीमा पर तैनात छोटका भुकुरुआ टीम ने नेपाल निवासी युवक को देसी बंदूक व अन्य शिकार उपकरणों के साथ शनिवार शाम सवा पांच बजे गिरफ्तार किया है।

छोटका भुकुरुवा एसएसबी के प्रभारी निरीक्षक अंकित सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग नेपाल से आकर सोहेलवा वन्य जीव में अनाधिकृत रूप से शिकार करते हैं। उनके पास बिना लाइसेंस के बंदूक, बारूद व अन्य उपकरण होते हैं। एसएसबी को सूचना मिली कि नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 585/12 के नजदीक नेपाल से भारत की तरफ एक व्यक्ति को आते देखा गया है। एसएसबी प्रभारी उप निरीक्षक छह सदस्यीय टीम व फॉरेस्ट गार्ड विजय कुमार चौधरी तथा मयंक सिंह के साथ पिलर के निकट पहुंच गए। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उससे पूछताछ की गई। चेकिंग के दौरान उसने अपना नाम पता 48 वर्षीय भगन ग्राम जोबतर जिला कपिलवस्तु नेपाल बताया। उसके पास एक देशी बंदूक सिंगल बैरल बरामद की गई। जोबरत के पास 50 ग्राम बारूद, 70 ग्राम आयरन बॉल, 68 ग्राम आयरन राड, 44 एल्म्यूनियम सिक्का, तीन इंची स्टील रॉड एक कैंची, चाकू, कंबल, 39 पटाखे, एक ब्लैंक टोपी, 50 ग्राम पोटास बरामद किया गया है। एसएसबी अधिकारी के मुताविक भगन नेपाल से आकर सोहेलवा जंगल में वन्यजीवों का अवैध रूप से शिकार करता था।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी का पकड़ा

हर्रैया सतघरवा। थाना हर्रैया प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि पाक्सो एक्ट से संबंधित वारंटी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बताया कि उप निरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी, कांस्टेबल राजन चौहान ने जिवरील अहमद पुत्र नसीबदार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# मोटरपंप चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक मोटरपंप खोलने के आरोपी इरफान, शाहबान, मुख्तार व हरिदर्शन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का इलेक्ट्रानिक मोटर बरामद किया गया है। यह गिरफ्तारी एसआई आलोक चन्द्रा के नेतृत्व में हुई है।

# विवादों का निस्तारण

वलरामपुर : पति-पत्नी से जुड़े दो विवादों का सुलह-समझौते से निस्तारण करा दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पति-पत्नी को समझा-बुझाकर उनके गिले-शिकवे दूर कराए गए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि बैठक में पत्रावलियां प्रस्तुत कर पति-पत्नी के बीच समाधान कराने के लिए उन्हें बुलाया गया। इसमें से दो पत्रावलियों का निस्तारण कराया गया। समझाने-बुझाने के बाद दो परिवार एक साथ रहने को राजी हो गए।

# महिलाएं हुईं जागरूक

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर को सभी कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियो, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने एक साथ चौराहों, गांवों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। हेल्पलाइन नंबरों के साथ महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में भी जानकारी दी। (संसू)

# शिकारी को दबोचा, बंदूक बरामद

## वन्यजीवों का शिकार करने के लिए सोहेलवा जंगल में आया था नेपाली

**जासं, बलरामपुर** : सोहेलवा जंगल में वन्यजीवों का शिकार करने वाले नेपाली शिकारी को सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहिनी के जवानों ने सीमा के पास गिरफ्तार कर लिया। शिकारी की पहचान नेपाल के कपिलवस्तु ग्राम जोबरत निवासी सफर के रूप में हुई है। इसके पास से एक देशी बंदूक सिंगल बैरल, 50 ग्राम लोकल बारूद, 70 आयरन बाल, 68 आयरन राड, 44 एल्युमिनियम के सिक्के, तीन इंच की स्टील राड, एक कैंची, एक चाकू, एक कंबल, 39 पटाखे, एक काल टोपी व 50 ग्राम पोटाश बरामद किया गया है।

आरोपित को वन विभाग कार्यालय भांभर रेंज वीरपुर सेमरा के सिपुर्द कर दिया गया है। एसएसबी सीमा चौकी छोटका भुकुरवा के प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह ने बताया कि जवानों और फारेस्ट गार्ड विजय कुमार चौधरी व मयंक सिंह के साथ वह रविवार को नेपाल सीमा के पास चेकिंग कर रहे थे। सीमा चौकी छोटका भुकुरवा व वन विभाग के संयुक्त गश्ती दल को सीमा स्तंभ संख्या 585/12 के नजदीक नेपाल से भारत की तरफ एक व्यक्ति आते देखा गया। उसे तलाशी के लिए रोका गया। नेपाली व्यक्ति ने अपना नाम सफर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी बंदूक समेत अन्य सामग्री बरामद हुई। वह वन्यजीवों का शिकार करने के उद्देश्य से सोहेलवा जंगल में आया था। संयुक्त गश्ती दल ने जब्त सामान व अभियुक्त को अपने कब्जे में लिया। आरोपित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए वन विभाग कार्यालय भांभर रेंज वीरपुर सेमरा के सिपुर्द कर दिया गया है।



पुलिस व एसएसबी की गिरफ्त में नेपाली शिकारी सफर मध्य में ●सौ. पुलिस मीडिया

# देसी बंदूक के साथ पकड़ा गया शिकारी



बलरामपुर। एसएसबी 50वीं वाहिनी के जवानों ने छोटका भुकुरवा गांव के पास भारत-नेपाल सीमा पर देसी बंदूक, कारतूस, चाकू व बारूद के साथ एक शिकारी को पकड़ा है। पकड़े गए शिकारी को भांभर रेंज के सुपुर्द कर दिया गया है।

एसएसबी 50वीं वाहिनी सीमा चौकी छोटका भुकुरवा के प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह ने बताया कि शनिवार की रात फॉरेस्ट गार्ड विजय कुमार चौधरी व मयंक सिंह के साथ भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान सीमा स्तंभ संख्या 585/12 के पास नेपाल से भारत की तरफ एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी बंदूक, बारूद 50 ग्राम, आयरन बॉल 70, आयरन रॉड 68, सिक्का एल्युमीनियम 44, स्टील रॉड, एक कैंची, चाकू, कंबल, 39 पटाखे, ब्लेंक टोपी व 50 ग्राम पोटास बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सफर निवासी ग्राम जोबरत, जिला कपिलवस्तु, नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। अभियुक्त शिकार करने के उद्देश्य से जंगल में आया था। अभियुक्त को भांभर रेंज वीरपुर सेमरा के सुपुर्द कर दिया गया है। (संवाद)

# पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान जिवरील अहमद निवासी हरैया के रूप में हुई है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# दो पारिवारिक विवादों का कराया निपटारा

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को दो परिवार विवादों का निस्तारण सुलह-समझौते से कराया गया। महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य ने बताया कि आपसी मनमुटाव के कारण अलग-अलग रह रहे दो जोड़ों को केंद्र पर बुलाया गया। केंद्र पर मौजूद परामर्शदाता तनवीर जहां, देवतादीन दूबे, कॉन्स्टेबल ज्योति व संजय कुमार आदि ने उन्हें समझाया। जिसके बाद दोनों परिवार दोबारा साथ रहने को राजी हो गए। (संवाद)

# चार चोर गिरफ्तार

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने चोरी की गई इलेक्ट्रॉनिक मोटर (सिंचाई का पंप) के साथ चार को गिरफ्तार किया है।

सीओ उतरौला ज्योतिश्री ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान इरफान, शाहबान, मुख्तार व हरिदर्शन निवासीगण ग्राम पकड़ी भुवरि थाना रेहरा बाजार के रूप में हुई है। चारों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023

# डूबे किशोर का शव मिला

बहराइच। फखरपुर थाने के शनिवार शाम को लोधापुरवा के मजरे पंडित पुरवा व बुबकापुर के मजरे लोधापुरवा के मध्य सोतिया नाले में बुबकापुर के मजरे हित्तासिंहपुरवा निवासी विजय पाल सिंह पुत्र राम करन सिंह का शव उतराता मिला। यह 13 सितम्बर को मदन कोठी चौराहे पर गया था। तभी से लापता था। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया।

हिन्दुस्तान

### जनसुनवाई और आईजीआरएस की मासिक टॉप और बॉटम 10 जिलों की रैंकिंग जारी

# अमेठी और कन्नौज सबसे अच्छे बागपत-गोरखपुर सबसे खराब

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के पैमाने पर प्रदेश में अमेठी व कन्नौज सबसे बेहतर रहे हैं जबकि बागपत व गोरखपुर के जिलाधिकारियों की कार्यशैली सबसे खराब पाई गई है। जी हां, इसी तरह अलीगढ़ व श्रावस्ती सबसे अच्छे पुलिस अधीक्षकों वाले जिले पाए गए हैं, जबकि बरेली एसएसपी और लखनऊ पुलिस आयुक्त की कार्यशैली सबसे खराब पाई गई है।

जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त की टॉप और बॉटम 10 जिलों की रैंकिंग मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई है। प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ये लिस्ट तैयार हुई है।

**सुधार के निर्देश:** लिस्ट में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कड़ी हिदायत देते हुए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक माह बाद दोबारा उन सभी के कार्यों की समीक्षा होगी, जिसमें खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगें तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा।

## खराब प्रदर्शन वाले डीएम और एसपी को चेतावनी

- सीएम योगी के सामने पेश हुई यूपी के 10 सबसे अच्छे और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम और पुलिस कप्तानों की लिस्ट
- अलीगढ़ व श्रावस्ती सबसे अच्छे पुलिस अधीक्षकों वाले जिले
- बरेली एसएसपी और लखनऊ पुलिस आयुक्त की कार्यशैली सबसे खराब
- खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम और पुलिस कप्तानों को मुख्यमंत्री ने दी कड़ी हिदायत
- एक माह बाद दोबारा समीक्षा करेंगे मुख्यमंत्री, गिर सकती है कई जिलों के अफसरों पर गाज

## सबसे अच्छी और खराब प्रदर्शन वाली तहसीलें

लिस्ट में सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की तहसीलों को भी शामिल किया गया है। इसमें टॉप-10 में अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल हैं। इसी प्रकार खराब प्रदर्शन वाली बॉटम-10 में क्रमशः रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने खराब प्रदर्शन वाले सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक माह के अंदर समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटारे के निर्देश दिए हैं।

## टॉप और बॉटम-10 पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी

जारी लिस्ट में प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रुखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार बॉटम-10 में क्रमशः बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी हैं।

**टॉप और बॉटम 10 जिलाधिकारी:** आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 जिलाधिकारियों में क्रमशः अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़, शाहजहांपुर और भदोही हैं। वहीं बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है।

हिन्दु

# नेपाल के बांके जिले में बम विस्फोट से दहशत

रुपईडीहा। भारतीय सीमावर्ती पड़ोसी नेपाली जिला बांके की गांव सभा राप्ती सोनारी वार्ड नं आठ, नया गांव ढकेरी के पास पूर्व पश्चिम राजमार्ग पर सड़क के किनारे माईन विस्फोट हो गया।

बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि यह विस्फोटक पदार्थ द्वंद कालीन माईन का हो सकता है। विस्फोट से सड़क के किनारे बड़ा गड्ढा बन गया। डांगी ने यह भी बताया कि विस्फोट वाले स्थान पर जंग लगे तारों के टुकड़े व चूना जैसा सफेद पदार्थ पड़ा है। कोई मानवीय क्षति नहीं हुई है।

हिन्दुस्तान

नगर पालिका ने साप्ताहिक बाजार न लगाने की पहले ही दी थी चेतावनी, कजरी तीज को देखते हुए उठाया कदम

# घंटाघर से पीपल चौराहे तक अतिक्रमण हटा

**अफरातफरी**

बहराइच, संवाददाता। शहर के घंटाघर से लेकर पीपल चौराहा व छावनी तक फुटपाथ अवैध कब्जे का शिकार है। जगह-जगह लगी दुकानें व ठेलों की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके चलते यातायात व्यवस्था चुनौती बन रही है।

साथ सोमवार को कजरी तीज के मद्देनजर फुटपाथ पर लगी अवैध तरीके से दुकानों को पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका प्रशासन की ओर से हटवाया गया।

शहर के घंटाघर से लेकर पीपल तिराहा तक प्रत्येक रविवार को स्थानीय दुकानदार बाजार लगाते हैं। दुकानदार सड़क के फुटपाथ पर ही दुकान लगा देते हैं। जिससे शहर में जाम की समस्या पैदा हो जाती है। दो सप्ताह पूर्व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर की ओर से अनाउंसमेंट कराकर चेतावनी फुटपाथ पर बाजार न लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी रविवार को दुकानदारों की ओर से फुटपाथ पर दुकानें सजाई गईं।

चारपाई पर दुकान लगाकर सड़क पर भी कब्जे का प्रयास हुआ। जिस पर ईओ प्रमिता सिंह, सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र, अवनीश दुबे व कोतवाली नगर की पुलिस के साथ सड़क पर दुकान लगाए लोगों की दुकान हटवाए। रविवार से दुकान न लगाने की चेतावनी दी। आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसको लेकर फुटपाथ पर दुकान लगाए लोगों में अफरा- तफरी रही।



शहर में फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण हटवाती ईओ सदर।

## आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

बहराइच, संवाददाता। यातायात पुलिस ने कजरी तीज के मद्देनजर गोंडा जिले के पृथ्वीनाथ मंदिर व जिले के नानपारा इलाके के जंगलीनाथ मंदिर जाने वाले कांवरियों के जत्थों के मद्देनजर रूट डायवर्ट किया है। भीड़ के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने को डायवर्जन व्यवस्था यातायात व्यवस्था लागू रहेगी।

यातायात प्रभारी मनोज कुमार सिंह यादव ने बताया कि डीहा तिराहा- आसाम चौराहे की तरफ से आने भारी वाहन जो जनपद गोण्डा की तरफ जाते हैं। उन्हें सीधे आसाम रोड होते हुए श्रावस्ती, बलरामपुर होकर गोण्डा की तरफ भेजा जाएगा। जबकि दोनक्का तिराहा- दोनक्का तिराहा से गोण्डा के तरफ जाने वाले भारी वाहनों को बलरामपुर मार्ग पर भेजा जाएगा। इसी प्रकार खुटेहना चौराहा- बहराइच की तरफ से गोण्डा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को खुटेहना चौराहे से गिलौला मार्ग पर भेजा जाएगा। विशेश्वरगंज के पुरैना मोड़ की तरफ से गोण्डा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को पुरैना मोड़ से इकौना, बलरामपुर होकर गोण्डा की तरफ भेजा जाएगा। कैसरगंज कस्बा से हुजूर जाने वाले वाहनों को बहराइच जरवल रोड की तरफ डायवर्ट कर दिया जाएगा। जरवल रोड- लखनऊ की तरफ से आने वाले भारी वाहन जो गोण्डा की तरफ जाना चाहते हैं। ऐसे सभी वाहनों को कर्नेलगंज होते हुए जनपद गोण्डा को भेजा जाएगा। मटेरा थाने के इलाके में स्थित बाबा जंगलीनाथ मंदिर पर यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत मटेरा चौराहा शंकरपुर चौराहा तथा अन्य आवश्यक स्थानों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाकर यातायात व्यवस्था को बनाए रखा जाएगा।

# सीएम के पास पहुंची सर्वाधिक अच्छा व खराब प्रदर्शन वाले अफसरों की सूची

- खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने दी कड़ी चेतावनी
- एक माह बाद फिर होगी समीक्षा कई जिलों के अफसरों पर कार्रवाई संभव

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आइजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की अगस्त माह की टाप और बाटम 10 रैंकिंग मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई है। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर यह सूची तैयारी की गई है। सूची में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कड़ी हिदायत देते हुए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार की नसीहत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक माह बाद दोबारा सभी के कार्यों की समीक्षा होगी, जिसमें खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगे तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा। मुख्यमंत्री ने खराब प्रदर्शन वाले सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक माह के अंदर सतत जनसुनवाई करते हुए समस्याओं के निपटारे के निर्देश दिए हैं।

**वज्रपात से 11 लोगों की मौत पर सीएम ने जताया शोक** : मौसम के अचानक करवट लेने के बाद रविवार को वर्षा के बीच वज्रपात से अवध क्षेत्र, देवरिया व कुशीनगर में 11 लोगों की मौत हो गई। 32 लोग झुलस गए। सर्वाधिक जनहानि कुशीनगर में हुई, जहां वज्रपात से पांच लोगों की जान गई। मुख्यमंत्री योगी ने वज्रपात से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। घटना में मरने वालों के स्वजन को राहत राशि वितरित करने के निर्देश दिए।

### 10 सबसे अच्छा और खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम

आइजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के कार्यों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टाप 10 जिलाधिकारियों में अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़ और भदोही शामिल हैं। वहीं, बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है।

### टाप और बाटम 10 तहसीलें

सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली तहसीलों में टाप 10 में अलीगढ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील शामिल हैं। खराब प्रदर्शन वालों में रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील शामिल हैं।

### टाप व बाटम 10 पुलिस आयुक्त, एसएसपी-एसपी

प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रूखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं। इसी प्रकार खराब प्रदर्शन करने वालों में बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

हिन्दुस्त

# लेखपाल ने ग्राम प्रधान पर दर्ज कराया केस

बहराइच, संवाददाता। मॉडल शाप को भूमि की पैमाइश करने गई राजस्व टीम के लेखपाल पर ग्राम प्रधान हमलावर हो गया। जिससे राजस्व टीम व ग्रामीणों में दहशत से अफरा-तफरी मच गई। कुछ ग्रामीणों ने राजस्व टीम को बचाया। पूर्व में भी यह ग्राम प्रधान पुलिस पर छत से गोली दागने के मामले में चर्चित रह चुका है। वारदात की भनक लगते ही एसएचओ ने राजस्व लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज करा दिया है।

जरवलरोड थाने के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम मॉडल शाप भूमि की नपाई करने पहुंची। ग्राम पंचायत में भूमि चिन्हित करने के बाद राजस्व विभाग की टीम खेसुवा चली गई। खेसुवा के खुइहारे पुरवा में जमीन की पैमाइश करते समय मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबु शहमा आ गए। वे लेखपाल राम किशुन को गाली देकर हाथ छीनाझपटी करते हुए घसीटने लगे। उन्होंने धमकाया कि वह गांव में चयनित भूमि पर मॉडल शाप नहीं बनने देंगे। दूसरी भूमि का चयन करने को तो कहा ही, हाथ पैर तोड़ने की धमकी देने लगा। हमलावर प्रधान ने सरकारी अभिलेख फाड़ने को छीना झपटी की। यही नहीं अन्य लेखपालों व ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर प्रधान गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। लेखपाल राम किशुन ने कैसरगंज तहसीलदार को प्रधान की बरजोरी व छीना झपटी की जानकारी दी।

# हेड कांस्टेबल हादसे में घायल

बहराइच। सीतापुर जनपद के खैराबाद थाना क्षेत्र में डायल 112 पर हेड कांस्टेबल बरसाती लाल की तैनाती है। वह बाइक से अपने घर श्रावस्ती जा रहे थे। शनिवार रात में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर हरदी थाना क्षेत्र के मेथौरा गांव के पास बाइक सवार दीवान खड़ी ट्रक से टकरा कर घायल हो गए। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई।

थानाध्यक्ष सूरज कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। घायल हेड कांस्टेबल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

# हादसे में सिपाही घायल

संसू, महसी : एसओ हरदी सूरज कुमार ने बताया कि बहराइच–सीतापुर हाईवे पर शनिवार रात ट्रक से टकराकर बाइक सवार खैराबाद थाने में तैनात मुख्य आरक्षी बरसाती लाल घायल हो गया।

# अनजान मददगार से पुलिस हो रही हलकान

**जासं, बहराइच :** हुजूरपुर इलाके में मुस्लिम युवकों की टीम लोगों के घरों के आगे मुफ्त में हैंडपंप लगवा रही है। यही नहीं उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। विदेशों से इसके लिए सहायता भेजने की बात कही जा रही है। यही नहीं उर्दू में लिखे शिलापट भी लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर अब पुलिस भी हलकान है। टीमें गठित कर मामले की जांच शुरू की गई है।

डाक्टरपुरवा, काल्हापारा, त्रिभुवनदत्तपुरवा समेत कई गांवों में इन युवकों ने गरीब परिवारों को चिह्नित कर उन्हें सहायता मुहैया कराई है। इस कार्य को अंजाम देने वाले युवकों की टोली में शामिल लोगों का कहना है कि इसके लिए उन्हें विदेशों से फंडिंग की जा रही है। यही नहीं ग्रामीणों को इस बात का भरोसा दिलाया जा रहा है कि उनकी सरकार बनने पर आर्थिक रूप से उनकी सहायता की जाएगी। पूरे मामले का मास्टरमाइंड कौन है? और मदद के नाम पर पैसा कहां से आ रहा है, यह बात अब लोगों में चर्चा का विषय बनी है। जिन ग्रामीणों की मदद की गई है, वहां उर्दू में लिखा शिलापट भी इस बात की गवाही दे रहा है। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि टीमें गठित कर इसकी जांच कराई जा रही है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच चल रही है।

Era's
3rd
Private
of Nor
C
B
M

# कसीनो में जुआ खेलने के शौक ने बनाया चोर

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

सुनने में आपको अटपटा लगेगा, लेकिन यह सच है कि चोरी के सामान के साथ नानपारा में पकड़े गए युवकों को नेपाल के कसीनो में जुआ खेलने का शौक था। लगातार हारने के बाद युवकों ने चोरी करना शुरू कर दिया। गिरोह तैयार कर दिन में रेकी करने के बाद सभी रात को घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में रहते थे। चोरी से बरामद माल को नेपाल में बेचा करते थे। कोतवाल हेमंत गौड़ ने जिन तीन युवकों को मथुरा पुल के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया उनमें जावेद व एक अन्य कसीनो में जुआ खेलने के शौकीन हैं। पुलिस अधिकारियों की मानें तो कोतवाली इलाके के पचपेड़वा निवासी जावेद नेपाल के कसीनो में हजारों रुपये हार गया था। लगातार हार के चलते उसके ऊपर काफी उधार चढ़ गया था। बकाएदार के दबाव बनाने पर उसने मुक्ति के लिए चोरी करना शुरू कर दिया। उसने कई अन्य लोगों को अपने साथ मिलाकर एक गिरोह बनाया और फिर कई बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

# लाखों की चोरी का राजफाश, तीन गिरफ्तार

## नेपाल बेचते थे चोरी का माल आरोपितों पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे

संसू, नानपारा(वहराइच) : पुलिस ने चोरी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लैपटाप, मोबाइल, जनरेटर, बैट्रा समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं। आरोपित चोरी का सामान नेपाल में बेचते थे। पकड़े गए आरोपितों पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाल हेमंत गौड़ पुलिस टीम के साथ नियमित गश्त पर थे। मथुरा पुल के पास तीन लोग संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर सभी भागने लगे। कोतवाल ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान चोरों के रूप में हुई। तलाशी लेने पर 315 बोर के दो तमंचे, कारतूस, 5,200 रुपये बरामद किए गए। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी का लैपटाप, कूलर, इनवर्टर, वेब सोलर यूपीएस, बैट्री, एलसीडी, प्रिंटर, जनरेटर समेत लाखों रुपये के चोरी का सामान बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपितों में कोतवाली इलाके के पचपेड़वा निवासी जावेद, हलीम, गुरगुट्टा निवासी मोहम्मद उमर शामिल हैं।

कोतवाल ने बताया कि आरोपितों को न्यायालय भेजा गया। इससे पूर्व भी इनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में एसआइ रवींद्र प्रसाद राव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्णेश नारायण पांडेय, अशोक कुमार, धात्रीशंकर सहाय सिंह, मुख्य आरक्षी अबरार खां, ऋषि कुमार, विकास उपाध्याय, रितेश रावत, आरक्षी सूरज , इंद्रासन गौड़, संजीव शामिल रहे।



# लेखपाल से प्रधान ने की अभद्रता, मुकदमा

संसू, जरवलरोड : राजस्व टीम के साथ माडल शाप के जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल पर ग्राम प्रधान ने हमला कर दिया। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबु शहमा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मूल्यांकन | आईजीआरएस में खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम और पुलिस कप्तानों की अगस्त की रैंकिंग जारी

# समस्याओं के समाधान में अमेठी-श्रावस्ती अव्वल, बागपत और गोरखपुर रहे फिसड्डी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। जनसुनवाई समाधान प्रणाली, आईजीआरएस पोर्टल और सीएम हेल्पलाइन के जरिये जन समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण में अमेठी, कन्नौज और श्रावस्ती जिले सबसे आगे रहे हैं। बागपत, गोरखपुर और बरेली जिले सबसे फिसड्डी रहे हैं। शासन ने आईजीआरएस पर समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण की अगस्त की रैंकिंग सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने पेश की है। सीएम ने खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम और पुलिस कप्तानों को जन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगले महीने फिर समीक्षा की जाएगी, यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी।

सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी के अलावा तहसीलों के कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर रैंकिंग की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के लिए कारगर बनेंगें तो उनका कार्यकाल भी यादगार बनेगा। उन्होंने खराब प्रदर्शन वाले सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक माह में सतत जन सुनवाई करते हुए समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

### अगले महीने फिर समीक्षा होगी, स्थिति में सुधार नहीं तो गिरेगी गाज

### टॉप 10 जिले

जन समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण करने वाले 10 जिलाधिकारियों में क्रमशः अमेठी, कन्नौज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, सोनभद्र, गाजियाबाद, महोबा, मिर्जापुर, हापुड़ और भदोही हैं।

### सबसे खराब प्रदर्शन वाले अंतिम दस जिले

बागपत, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर, रामपुर और मुरादाबाद के जिलाधिकारियों के प्रदर्शन को सबसे खराब बताया गया है।

### टॉप 10 पुलिस आयुक्त और एसएसपी

प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाले पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी में क्रमशः अलीगढ़, श्रावस्ती, सोनभद्र, हमीरपुर, कुशीनगर, फर्रूखाबाद, कासगंज, चित्रकूट, भदोही और हाथरस हैं।

### अयोध्या समेत इन जिलों के कप्तान का बेहद खराब प्रदर्शन

आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर समस्याओं के निस्तारण में बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, फतेहपुर, झांसी, अयोध्या, एटा, हापुड़, आजमगढ़ और संत कबीर नगर के पुलिस अधिकारी सबसे पीछे हैं।

### टॉप 10 तहसील

अलीगढ़ की कोल, जौनपुर की केराकत और बदलापुर, श्रावस्ती की इकौना, प्रयागराज की सदर, बागपत की बड़ौत, अलीगढ़ की अतरौली, बुलंदशहर की स्याना, जालौन की उरई और अमरोहा की हसनपुर तहसील का कामकाज सबसे अच्छा रहा है।

### ये तहसीलें रहीं फिसड्डी

रामपुर की बिलासपुर, कन्नौज की तिर्वा और छिबरामऊ, रामपुर की मिलक, हापुड़ की धौलाना, हाथरस की हाथरस, संत कबीरनगर की खलीलाबाद, खीरी की धौरहरा, कन्नौज की कन्नौज और रायबरेली की ऊंचाहार तहसील पीछे रही हैं।

# घंटाघर से पीपल चौराहे तक हटाया अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

## पालिका प्रशासन ने सड़क पर दुकान लगाने वालों को दी चेतावनी

**बहराइच।** शहर के घंटाघर से पीपल चौराहे तक अवैध तरीके से साप्ताहिक बाजार लगाई जा रही है। सड़क पर बाजार लगने से अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी हुई है। रविवार को पालिका प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए अतिक्रमण हटवा दिया। कुछ दुकानों का चालान कर सभी को कड़ी चेतावनी दी गई।



चौक बाजार में अतिक्रमण हटवातीं ईओ। -संवाद

शहर के घंटाघर से पीपल चौराहे तक प्रत्येक रविवार को कुछ गैर जनपदों व स्थानीय दुकानदार मार्ग की पटरियों पर अतिक्रमण कर साप्ताहिक दुकानों का संचालन कर रहे हैं। अतिक्रमण के चलते शहर का मुख्य मार्ग पूरी तरह से संकरा हो जाता है। ऐसे में भीषण जाम की समस्या बन जाती है।

चौक बाजार के व्यापारियों ने अवैध तरीके से लग रहे साप्ताहिक बाजार को हटाने के लिए डीएम को पत्र सौंपा था। इसके बाद पालिका प्रशासन की टीम ने ईओ प्रमिता सिंह की अगुवाई में घोषणा कराकर दुकानदारों को दुकानें हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद पालिका प्रशासन लगातार पिछले चार रविवार से साप्ताहिक बाजार को हटाती आ रही है। लेकिन साप्ताहिक बाजार के संचालक दुकान हटाने को तैयार नहीं हैं।

## कलेक्ट्रेट से कचहरी मार्ग तक भी हटेगा अतिक्रमण

ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि कलेक्ट्रेट से कचहरी मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों को कई बार हिदायत दी जा चुकी है। अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं। इस मार्ग पर भी पालिका की टीम के साथ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा।

---

रविवार को पुनः पालिका की टीम ने ईओ प्रमिता सिंह की अगुवाई में पुलिस बल को लेकर सख्ती से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान टीम ने कुछ दुकानदारों के सामानों को जब्त कर चालान की कार्रवाई की।

ईओ ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगर पुनः दुकान लगाई, तो सभी की दुकानों का सामान जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा विधायक के घर में चोरी

लखनऊ। इंदिरानगर इलाके में चोरों ने भाजपा विधायक सरोज सोनकर के बंद घर का ताला तोड़कर कीमती सामान पार कर दिया। विधायक के भतीजे ने शनिवार को केस दर्ज कराया है। बहराइच के बलहा विधानसभा सीट से विधायक सरोज सोनकर का इंदिरानगर के सेक्टर-9 में मकान है।

**बहराइच के बलहा विधानसभा सीट से हैं विधायक**

उनके भतीजे प्रदीप सोनकर के मुताबिक, चाची सरोज सोनकर पार्टी के काम से आठ सितंबर को राजस्थान गई थीं। घर पर ताला लगा था। शनिवार को पड़ोसियों ने विधायक को कॉल कर मकान में चोरी की सूचना दी। विधायक ने तकरोही निवासी भतीजे प्रदीप को जानकारी दी। प्रदीप जब चाची के घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा था। कमरों में सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने छानबीन के बाद केस दर्ज कर लिया है। प्रदीप के मुताबिक, चोरी 15 सितंबर की रात दो से तीन बजे के बीच हुई। -संवाद

# लेखपाल से प्रधान ने की हाथापाई, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

जरवलरोड। मॉडल शॉप की जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल पर प्रधान ने हमला कर दिया। प्रधान ने लेखपाल के साथ हाथापाई की। अभिलेख फाड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरवलरोड के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम लेखपाल रामकिशुन के साथ मॉडल शाप की जमीन की पैमाइश करने पहुंची। यहां जमीन की पैमाइश करने के बाद टीम ग्राम पंचायत खेसुवा के मजरा खुइहारेपुरवा मे जमीन की पैमाइश करने लगी। इसी दौरान मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबु शहमा आ धमके और उन्होंने उनकी पंचायत में चिन्हित भूमि का विरोध शुरू कर दिया।

## मॉडल शॉप के लिए भूमि की पैमाइश करने गए थे, अभिलेख फाड़ने की भी कोशिश

लेखपाल राम किशुन का आरोप है, कि ग्राम प्रधान अबु शहमा उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। विरोध पर उनके साथ हाथापाई की और उन्हें घसीटा। लेखपाल के हाथों में मौजूद अभिलेखों को फाड़ने का प्रयास किया।

लेखपाल ने साथी लेखपाल पंकज कुमार, रुपेन्द्र कुमार और वाहिद कमाल के साथ जरवलरोड थाने में प्रधान के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि लेखपाल राम किशुन की तहरीर पर मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबु शहमा के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छह चोरियों का खुलासा, तीन चोर दबोचे

बहराइच। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में हुई छह चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से दो तमंचे और चोरी का सामान बरामद हुआ है। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि नानपारा कोतवाली व जीआरपी में हुई चोरियों का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम बनाई गई थी। टीम ने तीन अभियुक्तों पचपेड़वा निवासी हलीम, गुरगुट्टा निवासी मोहम्मद उमर व जावेद को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों में से जावेद व हलीम पर पूर्व से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। तीनों को जले भेज दिया गया है।

एएसपी ने बताया कि तीनों को नेपाल स्थित कसीनों की आदत थी। तीनों ने बताया कि वह चोरी का माल नेपाल में बेचते थे। -संवाद

## चोरों को भेजा जेल

मिहींपुरवा। मोतीपुर पुलिस ने शनिवार रात चोरी की योजना बना रहे तीन चोरों को दबोचा। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि पुलिस ने गायघाट पीएचसी के पास से हफीज, बल्ला व फिरोज को गिरफ्तार किया। तीनों को जेल भेज दिया गया है। -संवाद

# दंपती को एक साथ रहने को किया राजी

बहराइच। पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को परिवार परामर्श केंद्र के तत्वावधान में पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग कराई गई। एक परिवार के बीच सुलह समझौता कराकर राजी खुशी घर के लिए रवाना किया गया।पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित केंद्र पर पीठ की बैठक हुई। पीठ के समक्ष एक पारिवारिक विवाद का मामला प्रस्तुत किया गया। काउंसलरों ने पति-पत्नी में सुलह वार्ता कराई। दोनों को पुनः एक साथ रहने के लिए राजी किय गया। महिला एसओ शीला यादव ने बताया कि रविवार को हुई काउंसलरों की टीम की सुनवाई में एक परिवार को बिखरने से बचाया गया। -संवाद

# विवाद में भिड़े दो पक्ष, चार घायल

**रिसिया (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की सुबह चन्नी (मवेशी को चारा देने का सीमेंटेड स्थान) निर्माण को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में चार लोगों को चोटें आई हैं। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोपतपुर निवासी मसीहुद्दीन (40) रविवार सुबह चन्नी निर्माण करवा रहे थे। रियाज (26) ने इसका विरोध किया। जिसके चलते दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। कहासुनी मारपीट में बदल गई और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में एक पक्ष से मसीहुद्दीन व आवेश (13) तो दूसरे पक्ष से रियाज (26) व रजिउल्ला घायल हो गए। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। -संवाद

# समय से निस्तारित कराएं समस्याएं

**बहराइच।** जिले के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति बैठक हुई। अध्यक्षता नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूतपूर्व सैनिकों की जो भी समस्याएं हैं, उनका समय से निस्तारण कराएं। निस्तारण करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि पूर्व सैनिक या उनका परिवार कार्यवाही से संतुष्ट हों। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबंधक डॉ. जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव, एनसीसी के एनओ. पंकज सिंह आदि मौजूद रहे। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-18-09-2023

# राप्ती के घाटों से जल लेकर भोले के दरबार चले कांवड़िये

## भोर से ही शुरू होगा विभूतिनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** कजरी तीज पर सोमवार को देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए रविवार से कांवड़ियों का जत्था रवाना हुआ। रिमझिम बरसात के बीच शिवभक्त राप्ती नदी के विभिन्न घाटों सहित अन्य जलाशयों से जल लेकर पैदल भोले के दरबार के लिए रवाना हुए।

जिले के पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर में सोमवार को लाखों की संख्या में शिव भक्त पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कांवड़ियों का दल बोल बम का नारा लगाते हुए राप्ती के विभिन्न घाट व जलाशयों पर पहुंचा। जहां से जल लेकर कांवड़िये पैदल ही रवाना हुए।

इकौना में सीताद्वार झील से जल लेकर कांवड़ियों का जत्था गोंडा के खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ महादेव को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।



लक्ष्मननगर के निकट राप्ती से जल लेते कांवड़िये। -संवाद

### दो जोन, छह सेक्टर व नौ सब सेक्टर में बंटा मेला परिसर

"विभूति नाथ मंदिर में आज सोमवार को करीब छह लाख से अधिक कावड़ियों व शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए पड़ोसी राष्ट्र नेपाल सहित बहराइच, बलरामपुर, गोंडा के साथ ही जिले के शिव भक्त आएंगे। जिनकी सुविधा के लिए पूरे मेला क्षेत्र को दो जोन, छह सेक्टर व नौ सब सेक्टर में बांटा गया है। इसके साथ ही यहां दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ दो शिफ्ट में पुलिस बल को तैनात किया गया है। साथ ही मेला क्षेत्र में 17 बैरियर, 14 पार्किंग स्थल, चार वॉचटावर, एक खोया पाया केंद्र, दो एक्सेस कंट्रोल टीम, तीन मोबाइल पार्टी व दो क्यूआरटी लगाई गई है। साथ ही एलआईयू को सक्रिय करते हुए पूरे मंदिर परिसर की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई जाएगी। **-प्राची सिंह, एसपी**

# यज्ञ-पूजा कर मनाई विश्वकर्मा जयंती

## डीडीआरसी, एसएसबी व सभी निर्माण इकाइयों ने की पूजा-अर्चना

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** यज्ञ व पूजन के साथ भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को पूरे जिले में मनाई गई। इस मौके पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के साथ ही एसएसबी कैंप, पावर हाउस, पुलिस लाइन सहित सभी निर्माण इकाइयों ने पूजा-अर्चना की। जबकि कुछ स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को पूरे जिले में पूजन व हवन के साथ मनाई गई। इस मौके पर संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित इस संस्थान में दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग का निर्माण किया जाता है। यहां संस्था की चेयरमैन श्रुति बरार द्वारा विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर हवन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रामायण काल में पुष्पक विमान की परिकल्पना की जाती है। इस पुष्पक विमान के निर्माण के साथ ही समस्त देव शस्त्र का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया था। वह सृष्टि के प्रथम वास्तुकार माने जाते हैं।

इस मौके पर संस्था के सचिव अरुण कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, डीडीआरसी संचालक के साथ ही कर्मचारियों में प्रमोद कुमार सिंह, अरविंद पाठक, वामिक खान, शिवम मिश्र, राजन पांडे आदि मौजूद रहे।

वहीं इस दौरान 62 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा में कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा की भगवान विश्वकर्मा दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर थे। उनकी पूजा से जीवन में कभी भी सुख-समृद्धि की कमी नहीं रहती है। वहीं इस मौके पर भिनगा के पास विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन भिनगा के परिवहन शाखा में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा हुई।

एसपी प्राची सिंह पूजा में शामिल हुईं। विद्युत उपकेंद्र भिनगा सहित अन्य केंद्रों के साथ ही जल निगम, लोक निर्माण विभाग, एल एंड टी समेत कई सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में भी पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया।



पुलिस लाइन में विश्वकर्मा जयंती पर पूजा करतीं एसपी प्राची सिंह व साथ में मौजूद अन्य। -संवाद



जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विश्वकर्मा पूजन करतीं रेडक्रॉस सोसाइटी की चेयरमैन। -संवाद

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बांटी टूलकिट व ऋण

**श्रावस्ती।** विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी की ओर से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लोक भवन लखनऊ में टूलकिट व मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान पात्रों को योजना के तहत श्रावस्ती विधायक की ओर से टूलकिट व ऋण प्रदान किया गया। इस दौरान श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडे ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सुधा पांडे, राम कुमार, रूप नारायण व चंद्र प्रकाश को दर्जी ट्रेड की टूलकिट प्रदान की। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी फरोग हसन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थी दुर्गेश कुमार यादव को ऋण वितरित किया। साथ ही योजना के तहत पिछड़े एवं गरीब वर्ग के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों का गुणगान भी किया। इस दौरान डीडीओ रामसमुझ, उपायुक्त उद्योग वीके चौधरी, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, एलडीएम सुभाष मित्रा, आशुतोष पांडे, प्रकाश चन्द्र, विनय कुमार तिवारी, दीनानाथ गुप्ता, गौतम कुमार, मनीष वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व लाभार्थी मौजूद रहे। (संवाद)

# चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने चाकू बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शनिवार देर शाम को इकौना पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजू उर्फ देशदीपक मिश्रा पुत्र गंगोत्री प्रसाद मिश्रा निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना इकौना के रूप में हुई।

# कांवड़ियों को न हो कोई परेशानी

## कजरी तीज को लेकर विभूतिनाथ मंदिर पहुंचीं डीएम, दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर में सोमवार को कजरी तीज का मेला लगेगा। इसके लिए रविवार सुबह से कांवड़ियों का जत्था मंदिर की ओर निकल पड़ा। मंदिर पहुंचने पर कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए डीएम ने देर शाम को मंदिर की व्यवस्था जांची।

सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर में करीब तीन लाख कांवड़िया सोमवार को भगवान शिव को जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए कावड़ियों का जत्था रविवार सुबह से ही मंदिर की ओर रवाना हो गया। बहराइच सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कावड़िये रविवार देर रात तक मंदिर परिसर में पहुंच जाएंगे। रात 12 बजे के बाद से जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। मंदिर में किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो,



रविवार को विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण करतीं डीएम कृतिका शर्मा। -संवाद

इसके लिए डीएम कृतिका शर्मा ने मेला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर व आसपास सुरक्षा में तैनात मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।

मेला परिसर में स्वास्थ्य कैंप में कुशल चिकित्सकों को तैनात रखने, भीड़ न लगे इसकी व्यवस्था करने तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस प्रभारियों को अपने कार्यस्थल पर मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की मदद करने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम अमरेंद्र कुमार, एसडीएम भिनगा, तहसीलदार, डीपीआरओ, बीडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

**कजरी तीज** | भगवान शिव को जलाभिषेक के लिए एक दिन पहले ही रविवार को कांवरियों का हुजूम जलभर कर रवाना हुआ

# जलाभिषेक के लिए कांवड़िए रवाना हुए

- भाकला नदी से जल भरकर रवाना हुए कांवरिये,
- जगह जगह कांवरियों के जलपान को स्टाल लगाए

श्रावस्ती, हिन्दुस्तान टीम। कजरीतीज (हरितालिका) को लेकर इस बार शिवभक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आज जिले के सभी शिवालयों में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ेगा। कतरीतीज पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए एक दिन पहले ही रविवार को कांवड़ियों का हुजूम जलभर कर रवाना हुआ। जमुनहा विकास क्षेत्र के ऊं शिव सेवक कांवड़ियां संघ हरदत्त नगर गिरंट की ओर से अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कांवर यात्रा निकाली गई। हर बार की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवरियों का जत्था कतरीतीज पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ।

जमुनहा- बहराइच मार्ग पस स्थित बाबा जंगल दास कुट्टी के पास कांवरिये भाकला नदी से जल भरकर गाजे-बाजे के साथ निकले। बदला चौराहा, गिरंट बाजार, मिर्जापुर चौराहा होते हुए कांवरिया बहराइच जनपद के शंकपुर चौराहा होते हुए मटेरा चौराहा के पास स्थित बाबा जंगली नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। इस दौरान लोगों की ओर से कांवरियों के लिए जगह जगह स्टाल लगाकर जलपान की गई थी।

मिर्जापुर चौराहे पर जिला पंचायत सदस्य विशम्भर श्रीवास्तव व भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरंट मंटू यादव उर्फ रमेश कुमार तथा ग्राम प्रधान राम गोपाल यादव की ओर से स्वागत किया गया। यहां गिरंट थाने की पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में



जलाभिषेक करने को निकले कांवड़िए।

तैनात रही। इसी तरह से लक्ष्मननगर व भिनगा से भी कांवरियों का जत्था जलाभिषेक के लिए शाम को गाजे बाजे के साथ रवाना हुआ।

कांवरियों की ओर से भकलापुल के पास राप्ती नदी से जल भरा गया। यहां से कांवरिये सिरसिया इलाके के पांडव कालीन शिव मंदिर विभूतिनाथ में जलाभिषेक करने के लिए निकले। भंगहा मोड़, खरगौरा मोड़, भिनगा दहाना, गुलरा, चैलाही, सोनबरसा, चिल्हरिया, चिल्हरिया मोड़, सिरसिया आदि स्थानों पर लोगों की ओर से स्टाल लगाया गया जहां कांवरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

# होटल में देह व्यापार का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। सेक्टर-36 थाना पुलिस ने कजहेड़ी के एक होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़ कर सह-मालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही एक युवती को मुक्त करवाया। आरोपी दूसरे राज्यों से बहला-फुसलाकर युवतियों को चंडीगढ़ लाते थे और उन्हें वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेल देते थे।

आरोपियों की पहचान जिला श्रावस्ती (यूपी) निवासी संदीप और कजहेड़ी निवासी मुस्लिम उर्फ शाहिद के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 370, 370 ए (2) तथा 120 बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मुस्लिम होटल का सह-मालिक है और अपने भाई मुजाहिद के साथ यहां होटल चलाता है। वह असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार से युवतियों को बहला-फुसला कर चंडीगढ़ लाते थे। चंडीगढ़ में होटल की नौकरी का लालच देकर युवतियों को काम पर रखा जाता था, फिर उनसे जबरन देह व्यापार कराया जाता था। आरोपियों की मदद रोहिणी (नई दिल्ली) निवासी राजू नामक शख्स करता था। पकड़े गए दोनों आरोपियों को रविवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से मुस्लिम को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अब पुलिस को मामले में राजू की तलाश है। (संवाद)

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने शनिवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजू उर्फ देश दीपक मिश्रा के रूप में हुई है। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)

# शांतिभंग में 10 के खिलाफ कार्रवाई

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अलग-अलग स्थानों से 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया है। (संवाद)

# 12 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान किया। पुलिस ने 35500 रुपये शमन भी किया। वहीं इस दौरान एक वाहन को सीज भी किया। (संवाद)

# ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**गिलौला (श्रावस्ती)।** गिलौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुर प्रधान प्रतिनिधि है। जो पीड़िता पर गलत नियत रखता है। शनिवार रात पीड़िता के ससुर ने दुष्कर्म की नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की है। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को गिलौला थाने बुलाया। जहां बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह करा दिया। वहीं इस बारे में थानाध्यक्ष गिलौला उमेश सिंह का कहना है कि शिकायतकर्ता व उसके ससुर की आपस में सुलह हो गई है। (संवाद)

# आवास दिलाने के नाम पर करा लिया भूमि का बैनामा, आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लालपुर महरी निवासी एक वृद्ध को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर जालसाज ने उसकी भूमि का बैनामा करा लिया। इसकी शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर महरी निवासी गोबरे राम पुत्र खिद्दिर की दादी ननकई ने प्रधानमंत्री आवास के लिए कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम पटना खरगौरा निवासी वाहिद पुत्र शहादत से मदद मांगी थी। आरोप है कि आवास दिलाने के नाम पर वाहिद ने कूटरचित दस्तावेज के सहारे ननकई के हिस्से की जमीन का बैनामा करा लिया। जिसकी जानकारी के बाद गोबरे राम की ओर से कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने वाहिद के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# कजरी तीज आज, शिव मंदिर सजे

## दो जोनल व 86 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस जवान तैनात

संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) : कजरी तीज (हरितालिका) पर्व सोमवार को जिले में मनाया जाएगा। सिरसिया स्थित पांडव कालीन बाबा विभूतिनाथ शिव मंदिर सज-धजकर तैयार है। यहां भव्य मेले का आयोजन होगा। मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए दो जोनल व 86 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

बाबा विभूतिनाथ मंदिर में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के अलावा आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों की सुविधा के लिए प्रशासन, पुलिस व आश्रम की ओर से बेहतर तैयारी गई है। रविवार की रात से मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए घोघवा बांध से मंदिर मुख्य गेट तक प्रकाश की व्यवस्था की गई है। मेलार्थियों के लिए भोजन, पानी के अलावा दो मोबाइल टायलेट, चार पानी टैंकर, विश्राम स्थल व श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में कोई परेशानी न हो, इसके लिए पार्वती व शिव कुंड तक बैरीकेडिंग की गई है। 32 सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। एक खोया-पाया केंद्र स्थापित है। स्वास्थ्य कैंप भी लगेगा। मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र परिसर में लगाए गए ब्रेक डांस, बड़ा व छोटा झूला रहेंगे। महंत शिवनाथ गिरि ने बताया कि रविवार की रात से ही मंदिर में श्रद्धालु पहुंचने लगते हैं। भोले शिव का श्रृंगार व पूजन कर रात एक बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।



विभूतिनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ा कांवड़ियों का रेला • जागरण

**उमड़ा कांवड़ियों का रेला :** सोनपथरी आश्रम व विभूतिनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार की सुबह से रिमझिम फुहारों के बीच कांवडियों का रेला उमड़ने लगा। कंधे पर कांवड़ धरे कांवड़िया बोल बम का नारा है, बाबा तेरा सहारा है, बाबा नगरिया दूर है जाना बहुत जरूर है व हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए शिव मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। पूरा जिला शिवमय नजर आ रहा था।

**दो जोन व छह सेक्टर में बांटा गया मेला क्षेत्र :** एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मेला क्षेत्र को दो जोन, छह सेक्टर व नौ सबसेक्टर में बांटा गया है।

# नियम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, डीएल, हेलमेट व तीन सवारी आदि की जांच की। जिसमें 12 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# एसपी ने ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ब्रीफ किया

श्रावस्ती। एसपी की ओर से थाना क्षेत्र सिरसिया स्थित बाबा विभूतिनाथ मन्दिर में लगनें वाले मेले को लेकर ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु मन्दिर/मेले में आते हैं उनको किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका ध्यान रखेंगे। श्रृद्धालुओं के आगमन, सुरक्षा के साथ ही जलाभिषेक को सकुशल संपन्न कराया जाय।

# जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। कोतवाली क्षेत्र भिनगा के ग्राम लालपुर महरी निवासी गोबरे राम पुत्र खिद्दिर ने कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि उसकी दादी के हिस्से की जमीन को वाहिद पुत्र शहादत के सहयोग व षड़यन्त्र से दूसरे व्यक्ति की ओर से बैनामा करा लिया गया है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायाण सिंह ने टीम के साथ आरोपी वाहिद को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।